अधिकतम तापमान 22.00* >> न्यूनतम तापमान 12.00* >> सूर्योदय 6:58 >> सूर्यास्त 17:17 >> डॉलर 81.35 >> यूरो 85.56 >>

दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

नोएडा | वर्ष-13, अंक-164 | शनिवार 03 दिसम्बर, 2022 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य 3.00 रुपये

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित

छोटीबड़ीबात

आज ही के दिन 1971 में परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक लांस नायक अल्बर्ट एक्का का निधन हुआ था।

क्यूआर कोर्ड स्कैन कर पहुंचें दैनिक भास्कर पर

ikbhaskarup.com

एमसीडी चुनाव पर रोक संबंधी याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में 4 दिसंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव पर रोक लगाने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि 4 तारीख को चुनाव है, लिहाजा अब सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। याचिकाकर्ता ने इससे पहले वार्ड परिसीमन और आरक्षण पर सवाल उठाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट से चुनाव पर रोक की मांग की थी। परिसीमन के खिलाफ दायर याचिका में कहा गया था कि केंद्र सरकार ने मूल अवधारणा और किए गए वायदों से अलग लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर परिसीमन रिपोर्ट बनाई है। इसमें वार्डों में जनसंख्या समीकरण का उल्लंघन किया गया है। याचिका में कहा गया था कि केंद्र सरकार की ओर से दलित और अल्पसंख्यक समुदाय को अलग-थलग करके नियमों की पूरी तरह से अवहेलना की गई है। दरअसल केंद्र सरकार ने एमसीडी के वार्डों के परिसीमन का नोटिफिकेशन जारी कर निगम में कुल वार्डों की संख्या 272 से घटा कर 250 कर दिया। इसके खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। हाई कोर्ट के रोक लगाने से इनकार के बाद सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दायर की थी।

स्वयंभू संत स्वामी चक्रपाणि की याचिका खारिज

नयी दिल्ली, 02 दिसंबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की निगरानी कर रही संस्था 'राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट' में खुद को शामिल करने के लिए स्वयंभू संत स्वामी चक्रपाणि की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए चक्रपाणि को संबंधित ट्रस्ट के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने कहा, " हमें खेद है। हम यहां इस याचिका पर विचार नहीं करने जा रहे हैं। आप जो चाहें करें।" याचिकाकर्ता ने राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट में खुद को शामिल करने के लिए ट्रस्ट के संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की शीर्ष अदालत से गुहार लगाई थी।

आदि विश्वेश्वर विराजमान मामले की सुनवाई टली, अगली तारीख पांच जनवरी को

याचिका को अदालत ने सुनवाई योग्य माना है

वाराणसी। ज्ञानवापी प्रकरण में सिविल जज सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की फास्ट ट्रैक कोर्ट में आदि विश्वेश्वर विराजमान के केस की सुनवाई शुक्रवार को टल गई। इस मामले में अब अगली सुनवाई की तिथि अदालत ने पांच जनवरी नियत की है। विश्व वैदिक सनातन संघ की अंतर राष्ट्रीय महामंत्री किरन सिंह विसेन और अन्य के द्वारा दाखिल याचिका में ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने, ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों का प्रवेश रोकने और वहां मिले कथित शिवलिंग की पूजा का अधिकार मांगा गया है। इस याचिका को अदालत ने सुनवाई योग्य माना है। वादी पक्ष के अधिवक्ताओं मानबहादुर सिंह, शिवम गौड़ और अनुपम द्विवेदी ने सुनवाई में अपना पक्ष रखने की तैयारी की थी। दाखिल याचिका पर 17 तारीखों पर पोषणीयता (मुकदमा सुनने योग्य है या नहीं) का आदेश आया था। मामले की सुनवाई के दौरान वादी और प्रतिवादी पक्ष की ओर से पांच बिंदुओं पर दलीलें दी गई।

ट्रांसजेंडर्स के लिए नामांकन शुल्क में छूट की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ट्रांसजेंडर्स के लिए बार काउंसिल या वकील के रूप में नामांकन शुल्क में छूट देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इस मामले को सीजेआई डीवीई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा राव की पीठ के समक्ष पेश किया गया। मामले की सुनवाई से इनकार करते हुए पीठ ने कहा कि न्यायिक समीक्षा के मानदंड संवैधानिक अदालतों को नामांकन शुल्क में छूट जैसे आदेश पारित करने की अनुमति नहीं देते हैं। इस मामले पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप यह नहीं कह सकते हैं कि ट्रांसजेडर से नामांकन फीस नहीं लें। फिर ये छूट सिर्फ ट्रांसजेंडर को ही क्यों, ये तो महिलाओं, दिव्यांगों और असहाय लोगों को भी मिलनी चाहिए।' सीजेआई ने कहा कि आपको न्यायिक समीक्षा के मानदंड को समझना होगा। इसके साथ ही सीजेआई ने टिप्पणी की है कि अगर कानूनी पेशा में इस तरह की छूठ दी जाती है तो फिर ये मेडिकल के झेत्र सहित अन्य सेक्टरों में लागू होनी चाहिए और वहां भी छूट मिलनी चाहिए। न्यायालय ने कहा कि न्यायिक समीक्षा के तहत इस तरह के आदेश पारित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

सारसुर्खियां

सौम्या चौरसिया गिरफ्तार कस्टडी में रखकर ईडी करेगी पूछताछ

रायपुर। ईडी ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश सरकार की उप सचिव सौम्या चौरसिया को अरेस्ट किया गया है। ईडी ने न्यायाधीश अजय सिंह की अदालत में शुक्रवार की शाम सौम्या को पेश किया। इससे पहले सौम्या को अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। रूटीन चेकअप के बाद उन्हें कोर्ट ले जाया गया। सौम्या चौरसिया को अब 6 दिसंबर को पेश किया जाएगा। ईडी की कार्रवाई में ये 5वीं गिरफ्तारी है। अदालत में सौम्या को पेश कर ईडी ने पूछताछ के लिए वक्त मांगा। ईडी की तरफ से कहा गया कि कम से कम सप्ताहभर के लिए सौम्या को कस्टडी में रखकर पूछताछ करना चाहते हैं। ईडी ने दावा किया है कि कोल माइनिंग में अवैध लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में सौम्या के खिलाफ कुछ अहम सबूत मिले हैं।

देश पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से विकास कर रहा है : निर्मला सीतारमण

गया। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को अपने गया प्रवास के दौरान कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में तेजी से विकास कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ता काफी मेहनती होते हैं। बिहार में अभी काफी विकास होना बाकी है।हमारी पार्टी विकास में विश्वास करती है।पीएम मोदी का मुख्य मुद्दा विकास ही है। भारत के विकास के लिए सभी का योगदान आवश्यक है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि विरोधी पार्टियां केवल झूठा प्रचार करती है। इसलिए उन्हें 10 में से दो पर ही सफलता मिलती है। जबकि हमारी पार्टी भाजपा सत्य और विकास के बदौलत 10 में से आठ पर कामयाब होती है। हमारी सरकार गरीबों की समर्पित सरकार है।

कैप्टन अमरिंदर, स्वतंत्र देव बने भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य

नयी दिल्ली। भाजपा ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और पंजाब कांग्रेस के पूर्व नेता सुनील जाखड़ को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया है। पार्टी की ओर से शुक्रवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। पार्टी ने कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आए श्री जयवीर शेरगिल को राष्ट्रीय प्रवक्ता पंजाब नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सर्व मदन कौशिक, विष्णु देव साय, राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, मनोरंजन कालिया और श्रीमती अमरजोत कौर रामूवालिया को राष्ट्रीय कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 को लेकर निवेशकों में दिख रहा उत्साह

यूपी में निवेश के लिए 1.68 लाख करोड़ के आए प्रस्ताव

भास्कर ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 (जीआईएस-23) में 10 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा है। अभी जीआईएस-23 को आयोजित होने में दो माह से ज्यादा का वक्त है और सरकार के पोर्टल निवेश सारथी के माध्यम से उसे 30 नवंबर तक 1.68 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे पहले 1.25 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए जा चुके हैं। इन एमओयू के जरिए 5.5 लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसकी पूर्ति के लिए अगले साल 10 से 12 फरवरी के मध्य राजधानी लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। निवेश सारथी डैशबोर्ड के अनुसार पोर्टल के जरिए निवेशकों के साथ कुल 148 एमओयू अब तक साइन किए जा चुके हैं। इन 148 एमओयू के जरिए सरकार को कुल एक लाख 25 हजार 885 करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

इन एमओयू के जरिए होने वाले निवेश से उत्तर प्रदेश में पांच लाख 63 हजार 496 नौकरियों के सृजन की संभावना है। इन एमओयू से इतर, पोर्टल के जरिए अब भी 315 निवेश के प्रस्ताव ऐसे हैं जो अभी एमओयू की प्रक्रिया में आगे बढ़ रहे हैं। अगर इनके साथ भी एमओयू की प्रक्रिया पूरी होती है तो उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में युवाओं के लिए नौकरी के अवसर सामने आएंगे। पोर्टल पर 30 नवंबर तक निवेशकों की ओर से कुल 472 इंटेंट प्राप्त किए गए हैं। इन इंटेंट का प्रस्तावित निवेश एक लाख 68 हजार 759 लाख से भी ज्यादा का है। यदि ये सभी इंटेंट एमओयू और निवेश में तब्दील हो जाएं तो इनसे छह लाख 79 हजार 338 नौकरियों का सृजन संभव है।

महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा निवेश सारथी

इस बार की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पूर्व की इन्वेस्टर्स समिट से कुछ अलग है। हर बार निवेशक खुद ही सरकार को एप्रोच करता है, लेकिन इस बार सरकार स्वयं निवेशकों को एप्रोच कर रही है और उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश लायक परिस्थितियों से रूबरू करा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से निवेश सारथी के नाम से एक पोर्टल की शुरुआत की गई है। इस पोर्टल के जरिए ही निवेशक प्रदेश में निवेश का अपना इंटेंट दाखिल कर रहे हैं और यहां संबंधित विभाग से जुड़े नोडल अधिकारी उन्हें व्यापार और निवेश से जुड़ी सभी जानकारियां उपलब्ध करा रहे हैं। नोडल अधिकारी इंटेंट फाइल करने वाले निवेशकों का फॉलो-अप भी कर रहे हैं। उन्हें एमओयू तक ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार की इस बदली हुई एप्रोच का ही नतीजा है कि आधिकारिक रूप से लांच होने से पहले ही इस पोर्टल पर सरकार को सवा लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिल गए थे। उम्मीद की जा रही है कि सरकार ने जो लक्ष्य तय किए हैं, जीआईएस-23 की शुरुआत तक सरकार उसके काफी करीब पहुंच जाएगी।

मनी लांड्रिंग मामले में ईडी के चेन्नई, मुंबई व दिल्ली में कई कंपनियों पर छापे

- करोड़ों की नकदी और आभूषण जब्त

एजेंसी

नई दिल्ली। ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले आज एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने पीएमएलए के तहत चेन्नई, मुंबई और दिल्ली में 16 ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी ने सिक्योरक्लाउड टेक लिमिटेड, प्रो फिन कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड, क्वांटम ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड, यूनिटी ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डेजर्ट रिवर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रमोटरों के कार्यालय और आवासीय परिसर की तलाशी ली है।

करोड़ों की संपत्ति जब्त की

इस मामले में ईडी द्वारा मारे गए छापों में 1.04 करोड़ रुपये नकद, सोने और हीरे के आभूषण मिले हैं और 30 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्तियों का खुलासा हुआ है। ईडी ने इसी के साथ विभिन्न डीमैट खातों में अन्य चल संपत्ति के साथ-साथ आपत्तिजनक दस्तावेजों और डिजिटल सबूतों को जब्त किया है।

160 करोड़ के शेयरों का है खेल

बता दें कि ईडी को पीएमएलए जांच से पता चला कि इन शेयर ब्रोकरेज और वित्तीय सेवा कंपनियों के निदेशकों और लाभार्थी मालिकों ने 160 करोड़ रुपये के शेयरों को ऑफ-मार्केट में स्थानांतरित कर बेच दिया है। इसके जरिए अपराधियों ने अच्छी खासी रकम कमाई है।

अगले साल फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट लखनऊ में होगा: योगी

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट अगले साल फरवरी में लखनऊ में होगा। इसमें विश्व भर के औद्योगिक इकाइयों के उद्यमी भाग लेंगे। श्री योगी ने उम्मीद जताई कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था लगभग एक ट्रिलियन डालर की होगी और देश की अर्थव्यवस्था जल्द ही पांच ट्रिलियन के आंकड़े को छू लेगी। उन्होंने कहा कि 37000 गरीबों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मुरादाबाद में मिल चुका है। जबकि प्रदेश में 45 लाख से अधिक पात्रों को इसका लाभ मिला है।

अगले साल से यूपीएससी के माध्यम से होगी भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा में भर्ती : सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) में भर्ती अगले साल से यूपीएससी द्वारा विशेष रूप से डिजाइन की गई परीक्षा के जरिए की जाएगी। रेल मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के परामर्श से रेल मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) में भर्ती यूपीएससी द्वारा वर्ष 2023 से आयोजित की जाने वाली विशेष रूप से डिजाइन परीक्षा (आईआरएमएस परीक्षा) के माध्यम से की जाएगी। इसमें कहा गया है कि आईआरएमएस दो स्तरीय परीक्षा होगी। इसमें एक प्रारंभिक स्क्रीनिंग परीक्षा होगी जिसके बाद एक मुख्य लिखित परीक्षा और साक्षात्कार होगा। सभी पात्र उम्मीदवारों को सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में शामिल होना होगा और सफल उम्मीदवारों की आईआरएमएस (मुख्य) परीक्षा के लिए स्क्रीनिंग की जाएगी। विभिन्न श्रेणियों के लिए आयु सीमा और प्रयासों की संख्या सिविल सेवा परीक्षा के समान ही होगी।

चुनाव में मोदी को गाली देना और ईवीएम में कमियां निकालना कांग्रेस का काम

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चार जिलों में चुनावी सभा की। उन्होंने अपने धुआंधार प्रचार अभियान में कांग्रेस पर जमकर हमला किए।

उन्होंने कहा कि मोदी को गाली देना और ईवीएम में कमियां निकालना कांग्रेस का काम है। उन्होंने साफ किया कि गुजरात में भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बन रही है। शुक्रवार को नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में बनासकांठा के कांकरेज, पाटण, आणंद के सोजित्रा और अहमदाबाद में चुनावी सभाएं की। पाटण में कांग्रेस पर हमला करते हुए मोदी ने कहा कि उनके पास दो ही काम है, ईवीएम की खामियां निकालना और मोदी को गालियां देना।

समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने के लिए भाजपा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बात करते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से लेकर सेना में बेटियों की भर्ती तक कई अभूतपूर्व फैसले लिए हैं।

मजबूत राडार नेटवर्क के साथ उत्तर-पूर्व में उड़ान गतिविधियों पर है भारत की कड़ी नजर

चीनी ड्रोन्स की गतिविधियां देख सुखोई फाइटर जेट हाई अलर्ट पर

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्व में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी ड्रोन की बढ़ती गतिविधियां देख भारतीय वायु सेना भी अलर्ट हो गई है। इस हफ्ते में कई बार चीन के ड्रोन्स ने भारतीय क्षेत्र की ओर उड़ान भरने की कोशिश की है, लेकिन वायु सेना ने क्षेत्र में अपने मजबूत राडार नेटवर्क के साथ चीन की गतिविधियों पर नजर जमा रखी है। आम तौर पर एलएसी की स्थिति शांतिपूर्ण है लेकिन हाल के दिनों में कई ऐसे मौके आए हैं जब भारत के लड़ाकू विमानों को उड़ान भरनी पड़ी है। भारतीय वायु सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस समय उत्तर-पूर्व में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी ड्रोन्स की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी पड़ रही है, क्योंकि एलएसी के साथ चीनी ड्रोन ने अपनी तरफ से भारतीय क्षेत्र की ओर उड़ान भरने की कोशिश की है। वायु सेना क्षेत्र में अपने मजबूत राडार नेटवर्क के साथ उत्तर-पूर्व में उड़ान गतिविधियों पर नजर रख रही है। कई ऐसे मौके भी आए हैं जब भारत के लड़ाकू विमानों को उड़ान भरनी पड़ी है, क्योंकि ड्रोन या किसी भी विमान को हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। वायु सेना को इसलिए भी अलर्ट पर रखा गया है कि अगर चीन की तरफ से भारतीय क्षेत्र की ओर उड़ने वाले विमान या ड्रोन राडार की पकड़ में आते हैं, तो किसी भी उल्लंघन को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की भारतीय सीमा में चीनी ड्रोन्स की घुसपैठ रोकने के लिए असम के तेजपुर से भारत ने फाइटर जेट को स्क्रैम्बल किया है। फाइटर जेट के स्क्रैम्बल का मतलब इन विमानों को हमले अथवा संघर्ष के लिए कुछ ही मिनटों में तैयार करना होता है। राफेल लड़ाकू जेट को भी पश्चिम बंगाल में हाशिमारा के बहुत करीब तैनात किया गया है। भारतीय वायु सेना ने अभी केवल असम सेक्टर में एस-400 मिसाइल डिफेन्स सिस्टम के साथ अपनी वायु रक्षा कवरेज मजबूत की है। यह रूसी सिस्टम लगभग पूरे क्षेत्र में किसी भी हवाई खतरे का ध्यान रख सकता है। पूर्वोत्तर के रणनीतिक और सामरिक महत्व को देखते हुए भारतीय वायु सेना की असम के तेजपुर और छाबड़ा सहित कई स्थानों पर दमदार मौजूदगी है। इस साल की शुरुआत में लद्दाख सेक्टर में चीन की ओर से भारतीय हवाई क्षेत्र के उल्लंघन की कई घटनाएं हुई थीं, जिसके बाद दोनों पक्ष किसी भी हवाई वृद्धि को रोकने के लिए कई उपायों पर सहमत हुए थे। भारतीय पक्ष ने पिछली कमांडर स्तरीय सैन्य वार्ता में भी इस मुद्दे को मजबूती से उठाया था। बैठक में निर्णय लिया गया था कि दोनों पक्षों के लड़ाकू विमान अपने-अपने क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा से काफी पीछे रहेंगे। भारतीय वायु सेना ने लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थापित कई नए राडार के साथ अपनी निगरानी क्षमताओं को भी उन्नत किया है।

लड़ाकू विमानों को असम के तेजपुर और छाबड़ा समेत कई जगहों पर किया गया तैनात

यदि आप एक सुखी जीवन जीना चाहते हैं,तो इसे एक लक्ष्य से बांधें न कि लोगों या चीजों से !

गंदगी करना अब पड़ेगा मंहगा, नगर आयुक्त ने उठाया सख्त कदम

भास्कर ब्यूरो

अलीगढ़। अलीगढ़ की साफ सफाई को सुधराने की कवयाद में जुटे अलीगढ़ नगर आयुक्त अमित आसेरी ने अब संवाद और सहयोग से आगे बढ़कर शहर की छवि खराब.करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाई करने का मन बना लिया है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी नगर निकायों में चलाये जा रहें प्रतिबद्ध रू 75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय अभियान के तहत अलीगढ़ नगर आयुक्त ने सड़क पर कचरा डालने गंदगी करने, डेयरी संचालन, पॉलीथीन इस्तेमाल जैसे कृत्य करने पर नगर निगम अधिनियम व बायलॉज में निर्धारित जुमार्ना वसूल किया जायेगा।

नगर आयुक्त अमित आसेरी ने नगर निगम अधिनियम में उल्लेखित कृत्य और उसके अनुसार जुमार्ने के प्रावधान के बारे में बताया कि आवासीया भवन खामियो द्वारा खुले में कचरा डालने पर रु0 100.00 प्रतिदिन दुकानदारो द्वारा खुले में कचरा डालने पर रु0 250.00 प्रतिदिन रेस्टोरेन्ट मालिक द्वारा खुले में कचरा डालने पर रु0 500.00 प्रतिदिन होटल मालिको द्वारा खुले में कचरा डालने पर रु0 2000.00 प्रतिदिन औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा खुले में कचरा डालने पर रु0 1500.00 प्रतिदिन हलवाई चाट, पकोड़ी, फास्ट फूड आईसक्रीम गन्ने का रस एवं अन्य जूस सब्जी एवं फूड आदि ठेला व्यवसायियों पर रु0 1000.00 प्रतिदिन डेरियो मालिको द्वारा गोबर को सार्वजनिक स्थानो पर फेंकना अथवा नाला नाली में बहाने पर रु0 2000.00 प्रतिदिन निजी मकान दुकान इत्यादि के निर्माण का मलवा सामग्री ईट सीमेंट लोहा पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर रु0 3000.00 से 20000.00 प्रतिदिन निजी ट्रैक्टरो द्वारा बजरी कचरा मलवा गोबर इत्यादि परिवाहन करते हुये नगर निगम की सड़को पर अपनी सामग्री बिखेरने पर व गन्दगी फैलाने पर रु0 3000.00 प्रतिदिन सरकारी भवनो, चौराहो एंव शहरी चार दिवारी की दिवारो व उनके गेटो पर निजी वाणिज्यिक प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाने स्लोकन लिखकर सरकारी दिवारे एतिहासिक भवनो की

सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर) रु 3000.00 प्रतिदिन बिना सक्ष्म स्वीकुति के रोडकट करने पर तथा नाली तोड़ने की दशा में रु0 10000.00 प्रतिदिन एवं क्षतिपूर्ति अपने मकान, भवन का सैप्टिक टैंक न होने/सीवरेज कनेक्शन नही लेकर सीवरेज की गन्दगी आम नाली/ नाले में बहाने पर रु0 2000.00 प्रतिदिन वर्णित व्यवसायियों द्वारा अपने व्यवसाय स्थल का कचरा एकत्रित रखने के लिए निर्धारित ढक्कनदार कचरा पात्र आवश्यक क्षमता का नही रखने पर रु0 500.00 प्रतिदिन दुकानदार अथवा ठेला व्यवसायियों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर व साईकिल रिपेयरिंग कर आयल मिटटी वा पानी फैलाकर गन्दगी करने पर रु0 1000.00 प्रतिदिन मीट की दुकानो के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरो की हडिडयाँ मलवा मलीदा,खून मुर्गे के पंख, अण्डो के छिलके इत्यादि सड़क आम रास्तो में डालकर गन्दगी फैलाने पर रु0 1500.00 प्रतिदिन आम रास्ता सड़क व मकान के सामने गाय भैंस बकरी कुत्तें भेड़, ऊट, गधा, घोड़ा, सुअर इत्यादि पालतु जानवरो से गन्दगी फैलाने पर रु0 200.00 प्रतिदिन शादी/विवाह स्थलों के बाहर खुले में कचरा डालने पर रु0 2000.00 प्रतिदिन आम रास्ता सड़क पर खुले में या टैन्ट लगाकर खुलेआम मांस मछली पकाने व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी फैलाने पर रु0 1000.00 प्रतिदिन सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बैंठकर सब्जियां बेचकर छिलके व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी फैलाने पर रु0 100.00 प्रतिदिन हैयर कटिंग सैलून वालो द्वारा आम रास्ता व सड़क पर गन्दगी, बाल इत्यादि डालने पर रु0 200.00 प्रतिदिन दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा आम रास्ता, सड़क अथवा दुकानो के सामने की खाली सरकारी जमीनो पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर रु0 5000.00 प्रतिदिन आम रास्ता, सड़क फुटपाथ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय ढावा चलाकर गन्दगी फैलाने पर रु0 2000.00 प्रतिदिन प्राइवेट अस्पताल नर्सिंग होम क्लीनिक दवाखाना इत्यादि आम रास्तो सड़क फुटपाथ पर गन्दगी डालकर गन्दगी फैलाने पर रु0 2000.00 प्रतिदिन सडक के किनारे वाशींग मशीन लगाकर गाडियो की धुलाई करने की दषा में रु0 1000.00 प्रतिदिन तथा पानी का कनेक्शन काटने का चार्ज विभिन्न चिकित्सीय संस्थानो जैसे प्राइवेट अस्पताल नर्सिंग होम क्लीनिक, पैथोलोजी इत्यादि के जैव चिकित्सीय अपशिष्ट को नगरीय ठोस अपशिष्ट में अथवा सार्वजनिक स्थान पर डालने पर रु0 5000.00 प्रतिदिन खुले में शौच करने व सड़क के किनारे शौच करने पर रु0 100.00 से 500.00 प्रतिदिन व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर डस्टबिन न रखने पर पहली बार रु0 100.00 दुबारा पाये जाने पर रु0 500.00 प्रतिदिन सार्वजनिक स्थल व सड़क पर थूकने पर रु0 100.00 प्रतिदिन खुले में व सड़क के किनारे पेशाब करने पर रु0 100.00 प्रतिदिन मानक रहित पोलिथिन में कूडा. रखने पर रु0 500.00 प्रतिदिन सड़क पटरी व सार्वजनिक भूमि पर जनरेटर रख अतिक्रमण करने पर 05 के0वी0 से 05 के0वी0 ऊपर रु0 1000.00 एव रु0 3000.00 नगर निगम अलीगढ़ के क्षेत्राधिकार के समस्त कर्मचारियों में पान गुटखा आदि खाने अथवा थूकने पर जुमार्ना रु0 200.00 प्रतिदिन प्राइवेट टैंकर जो सीवर/मलवा यानि मल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते है।

अनोखी चोरी: देशी दवाखाने की छत उखाड़कर गाटर चुरा ले गए चोर

भास्कर ब्यूरो

सिकंदराबाद। कोतवाली क्षेत्र में बीती रात चोरों ने चोरी की अनोखी वारदात को अंजाम देते हुए पक्के निर्माण को तोड़कर गाटर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है।

मिली जानकारी के अनुसार जब डॉक्टर सौरभ दुकान पर पहुंचे तो दुकान की छत गायब देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई । दुकान खोल कर देखा तो चोर छत तोड़कर उसके आठ गाटर चोरी कर ले गए और दुकान में रखी हजारों रुपए की देसी दवाइयां भी चोरी कर ले गए ।पीड़ित ने पुलिस को चोरी की वारदात की जानकारी दी है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सार सुर्खियां

ऑपरेशन 420 के तहत दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा फर्जी, जालसाजी एवं धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन 420 के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के पर्यवेक्षण में थाना महुआखेड़ा पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त विशाल दीक्षित पुत्र राम गोपाल दीक्षित निवासी सुरेन्द्र नगर गली न0 3 थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ व आकाश उर्फ चेतन पुत्र अनिल कुमार निवासी सारसौल थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ को जनपद बरेली थाना इज्जत नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। अभियुक्तगण थाना महुआखेड़ा क्षेत्र में बौनेर के पास फर्जी कम्पनी ई-रिक्शा ऐ ढ्शळ.छळऊ 100% फाईनेन्स खोलकर आम नागरिकों से ईझ्रिक्शा दिलाने को लेकर धोखाधडी से रुपए लेकर फरार हो गये थे।

अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के मास्टर यूसुफ खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

अलीगढ़। अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के लिटिल मास्टर यूसुफ खान ने स्केटिंग के टाइम ट्रायल में अंडर 4 वर्ग में 3 राउंड 58 सेकंड में पूर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के सचिव प्रदीप रावत ने यूसुफ खान को गोल्ड मैडल दिया इस अवसर पर प्रदीप रावत ने यूसुफ खान को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देकर कहा यूसुफ आने वाले समय मे सफलताएं हासिल करेगा और अलीगढ़ और देश का नाम रोशन करेगा।

नगरपालिका कर्मी के पौत्र के अपहरण का पुलिस नहीं कर पाई खुलासा कमिश्नर से लगाई गुहार

मुरादनगर ।चार हथियारबंद बदमाश 10 वर्ष के बच्चे का अपहरण उनके चंगुल से बचकर 4 ,किलोमीटर निर्वस्त्र बच्चे की घटनास्थल से जीतपुर तक दौड़ और पुलिस कथित अपहरण कांड का खुलासा नहीं कर पाई। मामला नए कमिश्नर के पास पहुंच गया हैं। जिसमें बच्चे के दादा कंवरपाल ने पुलिस पर लापरवाही करने बदमाशों की गिरफ्तारी न होने पर पूरे परिवार में डर होने का हवाला देते हुए अपहरण करने वालों की गिरफ्तारी की मांग ज्ञापन देकर कमिश्नर से की है। घटना 26 नवंबर की शाम को बताई जा रही इस अपहरण कांड का खुलासा नहीं कर पाने पर पुलिस की कार्यशैली पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। पुलिस दुर्दांत अपराधियों को भी पकड़ने में देर नहीं लगाती जब वह कड़ियों को जोड़ लेती है लेकिन यहां पुलिस फेल नजर आ रही है क्योंकि पुलिस इस पूरे मामले को ही संदेह से देख रही है ।आरव 10,वर्ष अपने माता-पिता के साथ हाईवे के निकट स्थित एक कॉलोनी में रहता है ।पीड़ित परिवार की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि बच्चा सब्जी लेने आयुध निमार्णी क्षेत्र में साइकिल द्वारा गया था रास्ते में कार सवार चार बदमाशों ने उसका अपहरण कर कार में डाल लिया उसके कपड़े उतारकर फेंक दिए साइकिल भी वही पड़ी रह गई बकौल पीड़ित परिवार एक बदमाश के हाथ में काटकर बच्चा बदमाशों के चंगुल से भाग खड़ा हुआ और वह निकट में ही स्थित अपने माता-पिता के घर न जाकर 4 ,किलोमीटर की दूरी तय कर जीतपुर स्थित अपने दादा के घर सड़क पर दौड़ता हुआ निर्वस्त्र ही पहुंच गया ।क्या इस 4 ,किलोमीटर के बीच में कोई भी सीसीटीवी कैमरा लगा नहीं है या फिर बच्चे के वहां से भागते समय कैमरे बंद हो गए क्या सड़क पर चलते राहगीरों ने निर्वस्त्र दौड़ते मासूम की ओर ध्यान नहीं दिया क्या चारों बदमाश एक अपहरण करने के बाद अन्य कार्यों में इतने मशगूल हो गए कि उन्हें अपहरण कर गाड़ी में डाले गए बच्चे का ध्यान ही नहीं रहा बच्चा भागा तो क्या कार सवार बदमाशों ने पैदल दौड़ रहे बच्चे का पीछा कर उसे दोबारा पकड़ने का प्रयास क्यों नहीं किया ऐसे कई प्रश्न इस पूरे मामले को रहस्यमय बना रहे हैं? इस तरह से अपहरण होना वाकई लोगों के लिए चिंता का विषय है आखिर इस अपहरण कांड का खुलासा पुलिस क्यों नहीं कर पा रही ।यदि बच्चे का वाकई अपहरण हुआ वह बदमाशों के चंगुल से बचकर भाग निकलने में कामयाब हुआ यह उसकी और उसके परिवार की किस्मत ऐसे में घटना का खुलासा होना आवश्यक है और यदि पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा है तो उसका पटाक्षेप होना भी जरूरी है। पुलिस के पास ऐसे भी केस आते हैं जिसमें अपराधी खुद झूठी सूचना देकर पुलिस को भ्रमित कर अपने अपराधों को दूसरों के सिर मढने की कोशिश करते हैं लेकिन पुलिस ऐसे मामलों का भी पदार्फाश करती है ।यहां की पुलिस जवाब दे रही है कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं क्या इतने दिन में वह नहीं मिले और यदि कैमरों की जद में बच्चा बदमाश नहीं आए तो क्या और कोई रास्ता पुलिस के पास इस मामले के खुलासे के लिए नहीं है । इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अपने प्रयास कर रही है लेकिन कई बिंदु ऐसे हैं जो इस मामले को संदेहास्पद बना रहे हैं।

"सहयोग एप" के माध्यम से सुधारी जाएगी आंगनबाड़ी केन्द्रों की गुणवत्ता

भास्कर ब्यूरो

अलीगढ़। आंगनबाड़ी केंद्रों की सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये 02 दिसंबर शुक्रवार को विकास भवन सभागार में ''सहयोग एप'' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रेयस कुमार द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रेयस कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों पर संचालित सेवाओं के गुणवत्तापरक सुधार एवं आगंनबाड़ी कार्यकत्रियों की कार्यक्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से ''सहयोग एप'' के माध्यम से विभिन्न बिन्दुओं पर सहयोगात्म पर्यवेक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण में जनपद में कार्यरत समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों व मुख्य सेविकाओं को यूपीटीएस की मास्टर ट्रेनर श्रीमती मोना सिंह एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति सिन्हा ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि अभी तक आंगनबाड़ी का केंद्रों का पर्वेक्षण ऑफलाइन मोड में सुपरवाइजर व सीडीपीओ द्वारा किया जा रहा है। ''सहयोग एप'' के माध्यम से अब निरीक्षण ऑनलाइन मोड में किया जाएगा।

इस एप के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों की गुणवत्ता में वृद्धि होगी और आंगनबाड़ी केंद्रों की रेटिंग भी की जा सकेगी। उन्होंने समस्त सीडीपीओ एवं मुख्य सेविका से अपेक्षा करते हुए कहा कि उम्मीद है तकनीक के प्रयोग से आप सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का बेहतर संचालन करा सकेंगे।

नेताजी के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए डिंपल यादव को जीत दिलाए जनता : दिनेश गुर्जर

डोर-टू-डोर जाकर दिनेश गुर्जर मांग रहे डिंपल की साइकिल के लिए वोट

भास्कर ब्यूरो

गुलावठी। मैनपुरी लोकसभा सीट पर उप-चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव को जिताने के लिए गुलावठी निवासी अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सपा के कद्दावर नेता चौधरी दिनेश सिंह गुर्जर टीम के साथ डटे हुए हैं। इसी कड़ी में सपा नेता दिनेश सिंह गुर्जर ने मैनपुरी की करहल विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए जहां जोरदार ढंग से प्रचार किया, वहीं डोर-टू-डोर जाकर डिंपल की साइकिल के लिए वोट मांगे। दिनेश गुर्जर ने पब्लिक से डिंपल यादव को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

जनसंपर्क के दौरान दिनेश गुर्जर ने जनता के बीच कहा कि डिंपल यादव

को जीत दिलाना नेताजी के मिशन को आगे बढ़ाना होगा। दिनेश गुर्जर ने कहा कि नेताजी के निधन के बाद यह पहला उप-चुनाव है, नेताजी का जैसा प्यार सभी वर्गों के लोगों को मिलता था, ऐसा ही प्यार अब सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के परिवार से मिलेगा। जनसंपर्क के दौरान दिनेश गुर्जर को सर्वसमाज के लोगों ने भरोसा दिलाया कि उनका पूर्ण समर्थन डिंपल यादव की साइकिल को ही है और डिंपल को भारी वोटों से जिताकर भेजेंगे। जनसंपर्क के दौरान दिनेश गुर्जर के साथ विधायक आशु मलिक, पूर्व मंत्री जावेद, विधायक अतुल प्रधान, शाकिर मेवाती, तरूण अग्रवाल, अमीरूद्दीन मेवाती, अमित यादव, विकास भाटी सहित भारी संख्या में सपाई साथ रहे। बता दें कि इस सीट पर उप-चुनाव के लिए पांच दिसंबर को मतदान होना है तो नतीजे की घोषणा आठ दिसंबर को होना बताया गया है।

नगर आयुक्त ने बच्चों को सिखाया स्वच्छता का पाठ

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा की पहल पर संपूर्ण प्रदेश के नगर निकायों में चलाए जा प्रतिबद्धः 75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय अभियान का आगाज नगर आयुक्त अमित आसेरी के नेतृत्व में ए टू जेड कंपनी व धर्म समाज सीनियर सेकंड ईयर के छात्राओं के साथ स्वच्छता पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम गांधी पार्क में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए स्वच्छता को अपनी जीवनशैली में अपनाने के बारे में बताया और कहा किसी भी देश की

प्रगति नन्हे मुन्ने बच्चों के उज्जवल भविष्य पर आधारित होती है स्वच्छता का पाठ शिक्षा के रूप में हर बच्चे के लिए बेहद जरूरी है उन्होंने स्कूल कॉलेज के प्रबंधन समिति प्रधानाचार्य से अपील करते हुए अपने स्कूल कॉलेज में स्वच्छता पर आधारित एक पीरियड अवश्य लेने की अपील की। जागरूकता कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने बच्चों से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट गीला कूड़ा सूखा कूड़ा हरा कूड़ेदान गीला कूड़ेदान काले कूड़ेदान की उपयोगिता के बारे में बताते हुए बच्चों से स्वच्छता पर आधारित सवाल पूछे और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और बच्चों के साथ सेल्फी ली। जन जागरूकता कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त पूजा श्रीवास्तव ने बच्चों को स्वच्छता को अपनी जीवनशैली में शामिल करने की अपील की। कार्यक्रम में उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद सहायक नगर आयुक्त ठाकुर प्रसाद अधिशासी अभियंता अशोक कुमार भाटी प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार सभी एसएफआई और धर्म समाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नन्हे-मुन्ने छात्र व एटूजेड कंपनी के पदाधिकारी मौजूद थे।

साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में तीसरे दिन व्यंजन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

सिकन्दराबाद। जेएस पीजी कॉलेज में चल रहे साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तीन दिवसीय श्रृंखला में आज तीसरे दिन व्यंजन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ गणेश जी के सन्मुख दीप प्र्ज्वलित कर किया गया । व्यंजन प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें बीए प्रथम वर्ष की इल्मा एवम् बीए तृतीय वर्ष की संजना और तनु अधाना की टीम ने पहला ,बीए द्वितीय वर्ष की ज्योति एवम् ज्योति सिंह ने दूसरा और बी कॉम प्रथम वर्ष की शिवानी एवम् फराना की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया साथ ही दिव्या एवम् रुखसार को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया प्रतियोगिता का आयोजन डॉ कृपाशंकर यादव, डॉ चंद्रवीर सिंह श्वेता शर्मा एवं आशीष प्रताप ने सामूहिक रूप से किया। पोस्टर प्रतियोगिता में वेस्ट मैनेजमेंट थीम पर पोस्टर बनवाए गए जिसमें कुल 8 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें बीए तृतीय वर्ष के सूरज सैनी ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की मनु शर्मा ने दूसरा एवं बीए द्वितीय वर्ष की आंचल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ लोकेश, युधिष्ठिर सोलंकी एवं मयंक सक्सेना ने सामूहिक रूप से किया । निर्णायक मंडल में डी डी कबाड़ी गिर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ प्रियंका शर्मा एवम् श्रीमती अदिति त्रिपाठी रही। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर अजय शर्मा ने सभी विजई प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और निर्णायक मंडल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ मुजफ्फर हुसैन ने भी सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में , डॉ कृपा शंकर यादव, डॉ विनोद यादव , गीता शेखावत,विकास पांडे, प्रीति सक्सैना,आशीष प्रताप ,पुनीत यादव, अंकित वर्मा ,मुनीब, अंजली सिंह,अलका चौधरी,संगीता ,नीति भटनागर वतेश यादव समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा

68 लाख की लागत से तैयार होगा बन्थला फ्लाईओवर की सर्विस लेन

भास्कर ब्यूरो

लोनी। बंथला फ्लाईओवर के नीचे की सर्विस रोड सीमेंट की बनने जा रही है। इस रोड के बनने से बागपत के रटोल की ओर जाने वाले लोगों को जाम के झाम ने नही जूझना पडेगा । काफी दिनो से यह रोड टूटा हुआ पडा था बरसात में पानी भर जाने से लोगों का निकलना दूभर हो गया था । शुक्रवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बन्थला फ्लाईओवर के नीचे क्षतिग्रस्त मार्ग के सीसी रोड़ निर्माण कार्य का विधिवत नारियल फोड कर शुभारंभ किया। 68 लाख की लागत से बनने वाली सड़क से लोनी देहात इलाके के कई गांवों को जोडती है, कई दर्जन गांवों के लाखें लोगों को इसका फायदा मिलेगा ।

इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा संकल्पित है जो कार्य लोनी के सर्वांगीण विकास हेतु जरूरी है उन सभी पर कार्य चल रहा है। हाल ही में 20 करोड़ से अधिक की राशि सिर्फ लोनी के मुख्य मार्गों के निर्माण हेतु जारी करवाएं गए है जिससे लोनी की सड़कें आवागमन दुर्घटनारहित एवं सुगम बन सकें। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सभी क्षेत्रों में लगातार कार्य चल रहे है आने वाले समय में लोनी एक आदर्श विधानसभा होगी। वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दीवान एनक्लेव में मंदिर स्थापना और जागरण कार्यक्रम में शामिल होकर निवासियों के मंगलमय जीवन की कामना की।

जिलाधिकारी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिये राजनैतिक दलों के साथ की समीक्षा

भास्कर ब्यूरो

अलीगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम में अर्हता तिथि 01.01.2023 के आधार पर संचालित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की गतिविधियों के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अर्ह नागरिक को अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराना चाहिये। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और इसकी मजबूती के लिये आवश्यक है कि मतदाता सूची में अधिक से अधिक लोगों को शामिल किया जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची जितनी शुद्ध होगी मतदान उतना ही शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न हो सकेगा।

डीईओ ने बताया कि जनपद में संचालित विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत 08 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये जाएंगे, इसके साथ ही 04 दिसम्बर रविवार को विशेष अभियान के दिन प्रत्येक मतदान केन्द्र पर प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक बीएलओ द्वारा नाम जोड़ने, संशोधित करने एवं हटाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के

प्रतिनिधियों से आव्हान किया कि वह अपने स्तर से भी बूथ लेबिल एजेन्ट को सक्रिय करें ताकि छूटे हुए पात्र एवं अर्ह मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जा सके। उन्होंने कहा कि विशेष पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ इस बात का भी ध्यान रखें जिन मतदाताओं विशेषकर बालिकाओं की शादी के उपरान्त दूसरे स्थान पर वोट बन जाता है उनका नाम मतदाता सूची से अपमार्जित कराएं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से किसी मतदाता की मृत्यु हो जाने पर उसका मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त करके ही उनका नाम सूची सू हटाया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि अभी मतदाता सूची में नाम शामिल कराया जा सकता है ऐसे में विशेष रूप से 18-20 आयुवर्ग के युवा, महिला, दिव्यांग एवं 80 वर्ष से ऊपर के वृद्ध मतदाताओं का सत्यापन कर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करें। उन्होंने मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक कराने की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जनपद के 27,11,939 मतदाताओं के सापेक्ष अभी तक 13,95,028 ही फार्म-6बी प्राप्त हुए हैं, इसे शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाना है। उन्होंने सभी पदाभिहीत अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन जागरूकता के माध्यम से लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट चन्द्रशेखर, एसीएम प्रथम संजय, एसडीएम इगलास भावना विमल, सहायक निर्वाचन अधिकारी वेदपाल सिंह, बीजेपी से उदयवीर सिंह लोधी, कांग्रेस से परवेज खान, बीएसपी से अशोक सिंह, आएलडी से डा0 इरफान खान, सीपीएम से इदरीश अहमद, आप से मुनेश कुमार शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी उपस्थित रहे।

येडा चैक लिस्ट आवंटियों को दो महीने और जारी रहेगी निशुल्क लीजडीड

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 75वीं बोर्ड बैठक में लिए गए अहम फैसले

भास्कर ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 75 वीं बोर्ड बैठक में शुक्रवार को कई अहम फैसले लिए गए। जिसमें मुख्य रूप से समस्त आवासीय भवन, समस्त आवासीय भूखण्ड, समस्त औद्योगिक एवं संस्थागत योजनाओं में लीजडीड निष्पादन कराये जाने के लिए पिछले दो महीने से जारी निशुल्क लीजडीड को अगले दो महीने के लिए और बढ़ा दिया गया है।

दिनांक-31.03.2023 तक ऐसे समस्त आवंटियों जिनको पूर्व में चेकलिस्ट प्रेषित की जा चुकी है, को निशुल्क समय विस्तरण प्रदान करने का निर्णय लिया गया था। परन्तु टॉय एसोसिएशन तथा कुछ अन्य आंवटियों को छूट हेतु निर्धारित अवधि के बाद यानि 27.09.2022 को लीज डीड के लिए चैक लिस्ट जारी की गई, जिससे वह मार्च, 2023 तक की छूट पाने से वचित रह गये। अतः टॉय एसोसिएशन की मांग के दृष्टिगत जनहित में प्राधिकरण बोर्ड द्वारा समस्त आवासीय भवन, समस्त आवासीय भूखण्ड, समस्त औद्योगिक एवं संस्थागत योजनाओं के ऐसे सभी आवंटिटियों को-31 01.2023 तक निशुल्क लीजडीड कराने का अवसर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही प्राधिकरण क्षेत्र के सैक्टर-28 में प्रस्तावित डेटा सेन्टर पार्क एवं मेडिकल डिवाइस पार्क में विद्युत भार की मांग के दृष्टिगत 220/132,/33 केवी उपकेन्द्र तथा 400/20 केवी विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना की जाएगी।

रसाइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के लिए भूखंड आवंटित

इसके अलावा यमुना एक्सप्रेसवे औ. वि. प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र के पॉकेट-सी, सैक्टर-20 में साइबर काइम पुलिस स्टेशन हेतु 3500 वर्गमीटर का भूखण्ड साइबर काइम पुलिस उ0फप्र0 के पक्ष में रू. 1/प्रति वर्ग की दर से आवंटित किये जाने का निर्णय लिया गया।

साइबर पुलिस थाना का निर्माण, संचालन और रख रखाव आदि पुलिस विभाग द्वारा अपने स्वयं के संसाधनों से किया जायेगा।

दो हिस्सेदारों को मिल सकेगा अलग अलग मुआवजा

यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा कृषकों की मांग पर अर्जित / कय भूमि के सापेक्ष अतिरिक्त प्रतिकर की मद में वितरित की जा रही धनराशि को मूल मृतक भूरवामी के वारिसों को अलग-2 दिये जाने का निर्णय लिया गया। अर्थात वारिसान यदि संयुक्त बैंक खाते में अतिरिक्त प्रतिकर कतिपय कारणों से नहीं लेना चाहते तो सम्बन्धित तहसील से हिस्सा प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुये अलग-2 बैंक खातों में अतिरिक्त प्रतिकर का हिस्सानुसार वितरण किया जायेगा। इस सम्बन्ध में तहसील स्तर के तहसीलदार से सम्बंधित काश्तकारों को हिस्सा अलग किये जाने की सहम्ति का ज्वाइंट एफिडेविट तथा सहमति पत्र जिसमें स्पष्ट रूप से सभी वारिसान का हिस्सा खुला हुआ हो, प्राधिकरण में प्रस्तुत करना होगा। एक मुस्त योजना के अलावा इसी प्रकार के कई और अहम निर्णय इस बैठक में लिए गए।

आस्तिक कौन? नास्तिक कौन?: स्पीकिंग ट्री ने लिया आचार्य प्रशांत का साक्षात्कार

भास्कर ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। प्रशान्त अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक वेदांत मर्मज्ञ एवं पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशान्त ने गीता,उपनिषद व आध्यात्म की बारीकियों के संदर्भ में खुलकर चर्चा की तथा कहा कि अगर देश की युवा पीढ़ी आध्यात्म को समझ ले तो देश को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नही सकता।

स्पीकिंग ट्री की एंकर इला गोस्वामी ने आचार्य प्रशान्त से विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बातचीत की। इला गोस्वामी ने कहा कि आचार्य प्रशांत किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, इन्हें समसामयिक विषयों पर और अध्यात्म संबंधी कई वीडियोज में देखा गया है। यह अपने सटीक और प्रैक्टिकल विचारों के लिए जाने जाते हैं। आईआईटी,आई आई एम से पढ़ाई की है सिविल सेवा में भी सफलता हासिल की। इला गोस्वामी ने पूछा अकेले रहने के क्या फायदे हैं, आपने देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों से अपनी पढ़ाई की है, आईआईटी, आईआईएम, देश की सबसे बड़ी परीक्षा में भी सफलता हासिल की है, आपके लिए बीईंग अलोन का आइडिया क्या मायने रखता है? उन्होंने यह भी पूछा ऐसा कहा जाता है कि कई शोध में दावा किया गया है कि जब हम बहुत लोगों से घिरे होते हैं तो हमारी प्रोडक्टिविटी कम हो जाती है, तो क्या ये सब हवाई बातें हैं या इसमें कुछ प्रैक्टिकल चीज भी है। उन्होंने कहा कि आचार्य प्रशांत, मोटिवेशन को खरी खोटी सुनाने वाले, जिंदगी की प्रैक्टिकैलिटी समझाने वाले और अध्यात्म का एक नया चेहरा दिखाने वाले जाने जाते हैं।

सार सुर्खियां

रोड की खराब गुणवत्ता जांचने को समिति गठित

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेक्टर दो व तीन में खराब गुणवत्ता की रोड बनने की शिकायत पर जांच शुरू हो गई है। सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव ने तीन सदस्यीय समिति बना दी है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया के जरिए शिकायत आई थी कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर तीन के बी व डी ब्लॉक और सेक्टर दो के एफ ब्लॉक की सड़कें कुछ दिन पहले ही बनीं थी, अब उखड़ने लगी हैं। सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाया गया था। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सीईओ रितु माहेश्वरी ने परियोजना विभाग को इसकी जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सलिल यादव ने दो वरिष्ठ प्रबंधकों व कंसल्टेंट एजेंसी राइट्स के डीजीएम की संयुक्त समिति बना दी है। समिति को तीन दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। सीईओ रितु माहेश्वरी ने कहा है कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यमुना प्राधिकरण ने जेपी इंफाट्रेक लिमिटेड को एक और मौका दिया

ग्रेटर नोएडा । यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने जेपी इंफाट्रेक लिमिटेड को निरस्त भूखंड को पुनः बहाल कराने का एक मौका दिया है। यदि कंपनी प्राधिकरण की जमीन की वर्तमान दर के अनुपात में 10 प्रतिशत धनराशि जमा करती हैतो 75 एकड़ जमीन का आवंटन बहाल कर दिया जाएगा। यह धनराशि किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा के रूप में वितरित की जाएगी। कंपनी ने प्राधिकरण का बकाया चुकता करनेके लिए प्लान जमा किया हैजिसमें 75 एकड़ जमीन वह प्राधिकरण को बेचना चाहती है। प्राधिकरण ने स्वयं जमीन न लेने के बजाय कंपनी को बेचने का मौका दिया है। मामला एनसीएलटी में विचाराधीन है। इसके अलावा कंपनी को यमुना एक्सप्रेस वे टोल राजस्व के बारे में भी पूरा प्लान देगा होगा। प्राधिकरण का कहना है कि कंपनी पहले किसान, फिर होम बायर्स और सबसे बाद में प्राधिकरण का भुगतान कर सकता है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर–201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मूंजखेडा में उप जिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 394/एस0टी0–एस0डी0एम0/2022 दिनांक 15.01.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रतावित है।

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम	आयु लगभग	मृतक से संबंध
मूंजखेडा	265 688	श्री देवीराम उर्फ देवीशाह पुत्र श्री छिद्दा नि0 ग्राम मूंजखेडा परगना दनकौर तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर	श्रीमती सरस्वती	81	पत्नी
			श्री हेमकुमार	50	पुत्र
			श्री राकेश शर्मा	48	पुत्र
			श्री चन्दुलाल उर्फ चन्द्रपाल	45	पुत्र
			श्रीमती मुन्नी	55	पुत्री विवाहित
			श्रीमती गीता	39	पुत्री विवाहित

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

युवती द्वारा खुद की मौत का झूठा नाटक रचने का मामला

प्रेमी को माता- पिता की मौत की कहानी सुना भावनात्मक रूप से किया ब्लैकमेल

- दो साल पहले फेसबुक पर हुई थी पायल और अजय की दोस्ती
- माता- पिता की मौत का बदला लेने में साथ देने पर ही शादी करने की बात कहकर प्रेमी को योजना में किया शामिल

भास्कर ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। माता- पिता की मौत का बदला लेने के लिए खुद की मौत का स्वांग रचने वाली दादरी क्षेत्र के बढ़पुरा गांव की पायल भाटी और उसके प्रेमी अजय कुमार की फेसबुक के माध्यम से दो साल पहले दोस्ती हुई थी। प्रेमी को माता- पिता की मौत की कहानी सुना भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल कर योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम देने के लिए उसे राजी कर लिया। माता-पिता की मौत का बदला लेने की योजना में साथ देने पर ही शादी करने की बात कही थी। प्रेमिका के प्यार में पागल अजय अंजाम की प्रवाह किए बिना उसके इशारे पर काम करने लगा। बता दें कि दादरी क्षेत्र के बढ़पुरा गांव की रहने वाली पायल भाटी के माता- पिता ने कुछ माह पहले आत्महत्या कर ली थी।

इस मामले में मृतक दंपत्ति के बेटे अरुण ने अपने रिश्तेदार सुनील निवासी ग्राम चौना नंगला जारचा गौतमबुद्धनगर, कौशेंद्र निवासी छतनौर हापुड़ , गोलू व अपनी पत्नी स्वाति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पायल भाटी का भी यह मानना था कि बुआ के लड़के सुनील, भाभी स्वाति और भाभी के भाई कौशेंद्र और गोलू द्वारा रुपए के लेन- देन को लेकर पिता रविंद्र और माता राकेश को प्रताड़ित किया,इसलिए दोनों ने आत्महत्या कर ली। माता पिता की मौत का बदला लेने की आग में झुलस रही पायल ने कबूल सीरियल के कुछ एपिसोड व क्राइम से संबंधित कुछ अन्य सीन देखकर योजना बनाई। इसमें अपने प्रेमी अजय कुमार मूल निवासी ग्राम महिपा जांगीर सकिंद्राबाद जनपद बुलंदशहर को शामिल किया।

पायल भाटी ने अपने प्रेमी से कहा था कि मैं अपने मां बाप की मौत का बदला लेना चाहती हूं, इसमें साथ देने पर ही तुम्हारे साथ शादी करूंगी। प्रेमिका के इस प्रस्ताव पर प्यार में पागल अजय कुमार बिना कुछ सोचे समझे राजी हो गया और योजनाबद्ध तरीके से पायल भाटी की कद काठी से मिलती जुलती युवती की तलाश में जुट गया। यह तलाश 12 नवंबर को पूरी हो गई। हेमा चौधरी नाम की महिला को किसी बहाने से ले जाकर बढ़पुरा गांव में पायल भाटी के घर पर गला रेतकर हत्या कर दी और हेमा चौधरी के दोनों हाथों की नस काटकर एक सुसाइड नोट मौके पर छोड़ दिया।

पहचान छिपाने के लिए सरसो का खौलता हुआ तेल हेमा के चेहरे पर डाल दिया था और अपने कपड़े उतारकर पहना दिए। प्रेमी- प्रेमिका रात में ही फरार हो गए थे।

हेमा को पांच हजार रुपए का लालच देकर ले गया था अजय-

पायल भाटी नाम की युवती द्वारा खुद की मौत का नाटक रचने की योजना में शामिल प्रेमी अजय कुमार पांच हजार रुपए का लालच देकर किसी बहाने से अपने साथ ले गया था। आरोपी अजय कुमार ने 12 नवंबर की देर शाम हेमा चौधरी को चार बार फोन किया था। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी मॉल में नौकरी करने वाली हेमा चौधरी को एक लड़के ने सूरजपुर घंटा तक बाइक से छोड़ा था। इसके बाद आरोपी अजय कुमार पांच हजार रुपए का लालच देकर किसी बहाने से अपने साथ लेकर गया था। पुलिस के मुताबिक इससे पहले अजय कुमार कभी हेमा के संपर्क में नहीं रहा है। अजय कुमार के किसी दोस्त ने हेमा का मोबाइल नंबर दिया था।

हर सेक्टर तक गंगाजल जल्द पहुंचाएं: सीईओ

सीईओ ने दो मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें खरीदने को दी मंजूरी

- शौचालयों के निर्माण में देरी करने वाली कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश
- सीईओ खुद हर माह सभी वर्क सर्किल के विकास कार्यों की करेंगी समीक्षा

भास्कर ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने गंगाजल व स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की। सीईओ ने गंगाजल को हर सेक्टर तक शीघ्र पहुंचाने के लिए युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिए।

सीईओ ने 28 सेक्टरों के अलावा ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट के सभी एरिया में गंगाजल पहुंचाने के कार्य को प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा में 11 नए शौचालयों का निर्माण कराया जाना है। इसमें से छह शौचालयों का निर्माण चल रहा है। पांच का निर्माण अभी शेष है। सीईओ ने शौचालयों के निर्माण में देरी करने वाली एजेंसी को 24 घंटे में काम शुरू न कराने पर बैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी पुराने शौचालयों का मरम्मत कराने को भी कहा है।

सीईओ ने साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा में सभी जगह से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराने की योजना पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा के प्रमुख मार्गों की मैकेनिकल स्वीपिंग कराने के लिए दो मशीनें खरीदने पर भी सहमति प्रदान कर दी है। जिन जगहों पर खुले में कूड़ा पड़ा रहता है, उसको साफ कराकर विकसित करने के निर्देश दिए। वहां पेंटिंग भी कराई जाएगी, ताकि लोग वहां कूड़ा न फेंकें ।

सीईओ ने ग्रेटर नोएडा में चल रहे विकास कार्यों को और गति प्रदान करने के लिए खुद हर माह वर्क सर्किल वार समीक्षा करने की बात कही। इस बैठक में एसीईओ प्रेरणा शर्मा, ओएसडी रजनीकांत मिश्र, जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव, समेत कई वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

सूचना

सर्व साधारण को किया जाता है कि मेरा नाम सभी कागजातो में कासिम पुत्र असर मोहम्मद दर्ज है। जबकि मेरा वास्तविक नाम मोहम्मद कासिम अहमद है। दोनों ही नाम मेरे है। अर्थात मुझे मेरे मूल नाम मोहम्मद कासिम अहमद पुत्र असर मोहम्मद के नाम से जाना जाए।

प्रार्थी
मोहम्मद कासिम अहमद पुत्र असर मोहम्मद निवासी यासीन गढ़ी डासना देहात जिला गाजियाबाद(201302)
9891405933

नाम परिवर्तन

मैं मौ॰ अर्श पाशा र/ शाहिद हुसैन पता HN 426 तुर्क कालोनी दानिशमनदान अमरोहा मैंने अपनी बेटी का नाम अरीशा से बदल कर आरिशा पाशा कर दिया है

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले पवन कुमार (Pavan Kumar) था, अब मुझे प्रबल कुमार (Prabal Kumar) के नाम से जाना जाऐ मैं प्रबल कुमार पुत्र भमलेश सिंह(bhamlesh Singh) निवासी - ग्राम लटूपुर, सैफई, कुइया, जिला-इटावा मेरा मोबाइल नंबर 9761863468

खोया पाया

मेरे दो बैनामे घर से कटरा बाजार जाते समय कहीं रास्ते में खो गए हैं जिसमें पहले बैनामा का नम्बर 6282 दिनांक 07/02/2014 पेज नम्बर 259/274 खण्ड संख्या 1473 तथा दूसरा बैनामा नम्बर 6294 दिनांक 20/12/2014 पेज नम्बर 267/284 खण्ड संख्या 1830 है । जिसकी एफआईआर दिनांक 04/11/2022 को ऑनलाइन करा दी गई है । यदि उक्त दोनों बैनामे किसी को मिलें तो हम तक पहुंचाने का कष्ट करें।

पंकज शर्मा पुत्र संजय कुमार शर्मा, निवासी-89 कंवल टॉकीज वाली गली पक्का तालाब शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद

नाम परिवर्तन

मैं वाजिदा पाशा पत्नी मौ॰अर्श पाशा पता ल्ठ 426 तुर्क कालोनी दानिशमनदान अमरोहा मैंने अपना नाम वाजिदा से बदल कर वाजिदा पाशा कर लिया है

Court notice

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय नायब तहसीलदार,हापुड

वाद सं0-3648 सन् 2022
1.मेराज आलम उम्र करीब 48 वर्ष
2.जफर आलम उम्र करीब 52 वर्ष
3. मौहम्मद हारून उम्र करीब 50 वर्ष
पुत्र.गणं हाजी अब्दुल रसीद निवासीगण -देहलीगेट चौधरी कोल्ड स्टोर बुलन्दशहर रोड हापुड, परगना, तहसील व जिला हापुड

------प्रार्थीगण

बनाम

अनवरी बेगम पुत्री अब्दुल मजीद पूर्व पत्नी रईस अहमद निवासी नई आबादी पास जामुन वाली मस्जिद हापुड परगना ,तहसील व जिला हापुड

-------विपक्षनी

चूंकि ऊपरी नामांकित इस न्यायालय में यह आवेदन किया गया कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु प्रदर्शित करने के लिए 2022 के 12 के 05 दिवस को बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यक रूपेण अनर्दिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उरस जात हो और ऐसा करने मे असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायाय की मुद्र सहित आज 2022 के 12 के 02 दिवस को निकाली गयी

आदेशित
नायब तसीलदार
हापुड

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉपलेक्स, पी- 2 सैक्टर -ओमेगा -1, ग्रेटर नोएडा , जनपद गौतमबुद्धनगर - 201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14/12/2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम रौनीजा में उप जिलाधिकारी ,जेवर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 731/ एस.टी-एस.डी.एम ./2022 दिनांक 30/03/2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है--

क्र सं	ग्राम	खसरा	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम	मृतक से संबंध	आयु	विवाहित / अविवाहित
1	रौनीजा	114,116 467,469	स्व0 प्रेमपाल सिंह पुत्र भगवंत सिंह, नि0 ग्राम रौनीजा ,परगना व तहसील जेवर ,जनपद गौतमबुद्धनगर	रिकुं रावत, नीतु	पुत्र पुत्री	27 30	विवाहित विवाहित

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यलय में दर्ज कराने का कष्ट करें,अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

नायब तहसीलदार (एम0)
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

क्लीन नोएडा, ग्रीन नोएडा

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला - गौतमबुद्ध नगर ।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम / सैक्टर इटेहरा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या- आर आई. टी. 01102. भूखण्ड संख्या - 234, क्षेत्रफल - 120 वर्ग मीटर श्री प्रभु पुत्र श्री अतर सिंह, श्रीमती सोनदेई पत्नी श्री अतर सिंह, निवासी-ग्राम- रिठौरी, ग्रेटर नोएडा, जिला - गौतमबुद्धनगर उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवटी श्री प्रभु पुत्र श्री अतर सिंह, श्रीमती सोनदेई पत्नी श्री अतर सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती संतोष पत्नी स्व० श्री प्रभु कु० कोमल ना०बा०, कु० रिंकी ना०बा० पुत्रीगण स्व० श्री प्रभु संरक्षिका श्रीमती संतोष माता स्वयं, श्री अमित पुत्र स्व0 श्री प्रभु श्रीमती शीतल (विवाहित) पुत्री स्व० श्री प्रभु, पुत्रबधु / पौत्रीगण स्व० श्रीमती सोनदेई, निवासी-ग्राम- ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्रीमती संतोष पत्नी स्व० श्री प्रभु कु० कोमल ना०बा०, कु० रिंकी ना०बा० पुत्रीगण स्व० श्री प्रभु संरक्षिका श्रीमती संतोष माता स्वयं पुत्रबधु / पौत्रीगण स्व० श्रीमती सोनदेई, निवासी-ग्राम- रिठौरी, ग्रेटर नोएडा, जिला - गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती संतोष पत्नी स्व0 श्री प्रभु, कु० कोमल ना०बा०, कु० रिंकी ना०वा० पुत्रीगण स्व० श्री प्रभु संरक्षिका श्रीमती संतोष माता स्वयं पुत्रबधु / पौत्रीगण स्व० श्रीमती सोनदेई, निवासी-ग्राम- रिठौरी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी, जिला - गौतमबुद्ध नगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ए01 आवासीय भवन योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या- 197, ब्लॉक-ए, सैक्टर- अल्फा-01, आकार - 200 वर्गमीटर आवंटन संख्या - A010246, SMT. MADHU PRIYA SRIVASTAVA & SMT. HEM PRIYA DEVI के नाम आवंटित है। उक्त भूखण्ड के सह आवंटी SMT. HEM PRIYA DEVI W/O SH. RAJIV RANJAN PRASAD की मृत्यु दिनांक 01.02.2007 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को पूर्ण से उनकी पुत्री SMT. MADHU PRIYA SRIVASTAVA W/O SH. RK. SRIVASTAVA R/O.- H.NO-105A, SECOND FLOOR, RAM MANDIR ROAD, SHANTI KUNJ, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070 द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में उक्त भूखण्ड का नामांतरण SMT. HEM PRIYA DEVI W/O SH. RAJIV RANJAN PRASAD के स्थान पर उक्त भूखण्ड को पूर्ण से उनकी पुत्री SMT. MADHU PRIYA SRIVASTAVA WO SH. R. K. SRIVASTAVA के नाम दर्ज कर दिया जायेगा ।

सहायक महाप्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

वृद्ध महिला एवं पुरुषों को मिलने वाली पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं ताकि वृद्धजनों को कोई परेशानी न हो, लापरवाही बरतने पर कार्रवाई होगी।
-जसजीत कौर, डीएम, शामली

शामली के 9 वार्डों में चुनावी ताल ठोकेंगी मातृशक्ति

शासन ने जारी की नगर निकाय वार्डों की आरक्षण अनुसूची, एक सप्ताह के अंदर जिलाधिकारी कार्यालय में दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

भास्कर ब्यूरो

शामली। नगर निकाय चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शुक्रवार को नगर निकायों के वार्डों के लिए आरक्षण अनुसूची जारी कर दी गई। जारी अनुसूची में एक बार शामली नगर निकाय के 9 वार्डों में मातृ शक्तियां चुनावी मैदान में ताल ठोक सकेंगी। जारी अनुसूची पर अगर किसी को कोई आपत्ति है तो वह एक सप्ताह के अंदर जिलाधिकारी कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

नगर निकाय चुनाव को लेकर भावी प्रत्याशी काफी दिनों से अपने चुनाव प्रचार-प्रसार में जुटे हुए थें, लेकिन अभी तक आरक्षण सूची जारी होने के कारण ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी, जिसके चलते प्रत्याशी असमंजस की स्थिति में थे। शुक्रवार को शासन द्वारा नगर निकाय वार्डों की आरक्षण अनुसूची जारी कर दी गई।

नगरीय निकाय चुनाव

आरक्षण सूची जारी होने के साथ ही अब प्रत्याशियों ने भी चुनावी बिगुल फूंक दिया है। जारी आरक्षण अनुसूची की मुख्य बात यह है कि शासन द्वारा जारी आरक्षण अनूसूची के अनुसार नगर पालिका परिषद शामली के कुल 25 वार्डों में से 9 वार्डों में महिलाएं चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगी, जिनमें 6 वार्डों को महिला वर्ग में रखा गया है, जबकि दो वार्ड में पिछडा वर्ग महिला व एक वार्ड में अनुसूचित महिला चुनाव लड़ सकेगी। शामली नगर पालिका के 25 वार्डों में से पिछड़ा वर्ग में चार वार्ड, पिछडा वर्ग महिला में दो वार्ड, अनुसूचित जाति महिला में एक वार्ड, अनुसूचित जाति में एक वार्ड, अनारक्षित में 11 वार्डों तथा महिला वर्ग में 6 वार्डों को रखा गया है। अनुसूची के अनुसार पिछडा वर्ग में वार्ड 1 गऊशाला रोड, वार्ड 2 नंदू प्रसाद, वार्ड 14 पंसारियान, वार्ड 18 कलंदरशाह, पिछडा वर्ग महिला में वार्ड 9 पंजाबी कालोनी, वार्ड 15 घेरबुखारी, अनुसूचित जाति महिला में वार्ड 3 लाजपत राय, अनुसूचित जाति में वार्ड 4 बूढा बाबू, अनारक्षित में वार्ड 5 शुगर मिल, वार्ड 8 माजरा, वार्ड 10 शांतिनगर, वार्ड 12 नगर पालिका एरिया, वार्ड 16 दयानंद नगर प्रथम, वार्ड 19 आर्यपुरी, वार्ड 21 नगर पालिका कालोनी, वार्ड 22 दिल्ली गेट, वार्ड 23 गुजरातियान, वार्ड 24 धीमानपुरा, वार्ड 25 नया बाजार (मुरारी वाला कुआं) तथा महिला वर्ग में वार्ड 6 काजीवाडा, वार्ड 7 दयानंद नगर द्वितीय, वार्ड 11 रेलपार, वार्ड 13 अटल विहार, वार्ड 17 तैमूरशाह, वार्ड 20 काका नगर को रखा गया है। जारी अधिसूचना में बताया गया है कि अगर किसी को भी आरक्षण अनुसूची पर आपत्ति है, तो वह अनुसूची जारी होने के एक सप्ताह के अंदर जिलाधिकारी कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। समयावधि के बाद की आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनारक्षित रहे 11 वार्ड

शामली में 11 वार्डों को अनारक्षित की श्रेणी में रखा गया है, जिनमें वार्ड 5, 8, 10, 12, 16, 19, 21, 22, 23, 24 व 25 सम्मिलित है, जिनमें किसी भी जाति का प्रत्याशी चुनावी लड़ सकेगा।

प्रत्याशियों ने फूंका चुनावी बिगुल

आरक्षण सूची जारी होने के साथ ही प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड में चुनावी बिगुल भी फूंक दिया है। आरक्षण के हिसाब से अब प्रत्याशी जीत के लिए अपनी-अपनी गोटियां फिट करेंगे। साथ ही जातीय समीकरण के आधार पर चुनाव लड़ने की कार्ययोजना बनाएंगे।

सार सुर्खियां

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में पात्रों का चयन

कैराना। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आपदा राहत प्राप्त किए हुए छह पात्रों का चयन किया गया है। इनमें चार पात्रों के पक्के मकान बनाने के लिए पहली किस्त में 40-40 हजार रुपए भी आ गए हैं। जबकि दो ग्रामीणों की किस्त भी जल्द आने की संभावना हैं।

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में आपदा राहत प्राप्त किए हुए लोगों की विकास खंड कैराना द्वारा जांच कराई गई थी। जांच के बाद छह ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्र मिले। इसी के चलते सामान्य जाति के दो ग्रामीण अकबरपुर सुन्हेटी, एक ग्रामीण रामडा और एक ग्रामीण मोहम्मदपुर राई को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में शामिल किया गया था। योजनांतर्गत चारों पात्रों को मकान बनाने के लिए पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रुपए मिल चुके हैं। दूसरी किस्त में 70 हजार रुपए और अंतिम किस्त में 10 हजार रुपए और आएंगे। इसके अलावा योजना में अनुसूचित जाति के एक ग्रामीण रामडा और एक ग्रामीण गांव गाजीपुर में शामिल किए गए। इनके मकान बनाने के लिए पहली किस्त जल्द आने की संभावना हैं। विकास खंड अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा राहत प्राप्त किए हुए ग्रामीणों की उनके कार्यालय द्वारा जांच कराई गई थी। जांच के बाद चार ग्रामीण सामान्य जाति और दो ग्रामीण अनुसूचित जाति के मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्र पाए गए थे। छह ग्रामीणों के मकान की पहली किस्त आ गई है, जबकि दो अन्य ग्रामीणों के मकान किस्त भी जल्द आने की संभावना हैं।

हादसे में महिला घायल, चिकित्सकों को काटना पड़ा हाथ

- बुढाना रोड पर ट्रक ने महिला को मारी टक्कर

भास्कर ब्यूरो

शामली। बुढाना रोड पर हुए हादसे में ट्रक की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। आसपास मौजूद लोगों ने घायल महिला को उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। बताया जाता है कि चिकित्सकों को महिला का हाथ काटना पडा।

शुक्रवार को मेरठ-करनाल हाइवे स्थित बुढाना रोड पर हुए एक हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। बताया जाता है कि आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव सिक्का निवासी 48 वर्षीया सरोज पत्नी ओमवीर सिंह शुक्रवार को चिकित्सक के यहां दवाई लेने आ रही थी। जैसे ही बुढाना रोड पर पहुंची तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे सरोज सडक पर गिर गयी और ट्रक का पहिया महिला के हाथ को कुचलता हुआ निकल गया। महिला की चीख सुनकर आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके की और दौडे जिन्हें देखकर आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने घायल महिला को तुरंत निकट ही स्थित बोहरा नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों को महिला का हाथ काटना पडा। चिकित्सकों ने महिला के परिजनों को भी मामले की सूचना दी जिस पर परिजन शामली पहुंचे। वहीं सूचना पर कोतवाली पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर हादसे की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गयी थी।गौरतलब है कि मेरठ-करनाल हाइवे पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। तेज रफ्तार ट्रक लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

डिवाईडर पर चढ़ी अनियंत्रित कार

शामली। शनिवार को शाम गाजियाबाद के चरखी दादरी निवासी दंपत्ति अपनी कार में सवार होकर किसी काम से उत्तराखंड के रुडकी जा रहे थे। जब उनकी कार शहर के दिल्ली रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंची तभी अचानक कार चला रहे चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे सडक के बीच बने डिवाइडर पर जा चढी जिससे जहां कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी वहीं कार सवार लोग बाल-बाल बच गए। हादसा होता देखकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे तथा तीनों लोगों को कार से बाहर निकाला। कार सवार लोगों को कोई चोट नहीं लगी जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली। बाद में किसी तरह कार को डिवाइडर से हटवाया गया।

पुलिस का छापा: गौकशी का आरोपित गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो

कैराना। गुरुवार की शाम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव बरनावी के जंगल में गोकशी करने की सूचना पर छापा मारा था। मौके से 35 किलोग्राम प्रतिबंधित पशु का मीट भी बरामद किया गया था। साथ ही मौके से गोकशी करने के उपकरण भी बरामद किए थे। बरामद मीट का डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने मीट को गड्ढे में दबवा दिया। शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार गोकश हाकम अली निवासी गांव बरनावी थाना कैराना के विरुद्ध गोकशी करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया हैं। पुलिस अब फरार गौकश की तलाश में दबिश दे रही है।

आज जेल से रिहा होंगे नाहिद हसन

कोर्ट ने विधायक की रिहाई के लिए चित्रकूट जेल अधीक्षक को प्रपत्र किए जारी

- गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में साढे 10 माह से जेल में बंद है सपा विधायक

भास्कर ब्यूरो

कैराना। गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में करीब साढ़े 10 माह से जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन कि आज रिहाई हो जाएंगी। कोर्ट में जमानतियो के प्रपत्र जमा होने के बाद कोर्ट की ओर से चित्रकूट जेल अधीक्षक को विधायक की रिहाई के लिए प्रपत्र जारी कर दिए गए हैं। गत 15 जनवरी को गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चलने पर कैराना पुलिस ने सपा विधायक नाहिद हसन को गिरफ्तार कर कैराना स्थित एमपी एमएलए कोर्ट में पेश कर दिया था। कोर्ट ने विधायक को जमानत न देते हुए मुजफ्फरनगर कारागार भेज दिया था। कई माह पहले विधायक का मुजफ्फरनगर की जेल से चित्रकूट जनपद की जेल के लिए स्थानांतरण कर दिया था। तभी से विधायक चित्रकूट जेल में बंद हैं। 2 दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधायक के स्वास्थ्य को देखते हुए जमानत देने के आदेश जारी कर दिए थे। शुक्रवार को उनके अधिवक्ताओं ने कैराना स्थित एमपी एमएलए कोर्ट में विधायक की जमानत के लिए 1-1 लाख रुपये के दो जमानतियो के प्रपत्र जमा किए। दोनों जमानतियो के प्रपत्रों की तहसील व थाने से तस्दीक कराई गई। तकदीर होने के बाद शाम के समय कोर्ट ने विधायक की रिहाई के लिए चित्रकूट जेल अधीक्षक के नाम प्रपत्र जारी कर दिए। कोर्ट के पैरोकार द्वारा परवाना लेकर चित्रकूट जेल के लिए रवाना हो गए। आज शनिवार को किसी भी समय विधायक नाहिद हसन चित्रकूट जेल से रिहा हो सकते हैं।

साढे 8 सौ किलोमीटर चित्रकूट जेल

कैराना से चित्रकूट जेल की दूरी करीब 850 किलोमीटर हैं। वहीं कोर्ट द्वारा विधायक की रिहाई के लिए जारी किया गया परवाना लेकर कोर्ट के पैरोकार रवाना हो गए। देर रात तक पैरोकार चित्रकूट जेल में पहुंचे। वहीं आज किसी भी समय विधायक की जेल से रिहाई होने की संभावनाएं जताई जा रहीं हैं।

गिरी गाज: अवैध कब्जा कराने पर डीएम ने लेखपाल को हटाया

ग्रामीणों ने की थी शत्रु संपति पर अवैध कब्जे कराने की शिकायत

भास्कर ब्यूरो

कैराना। शत्रु संपत्ति की जमीनों पर रिश्वत लेकर अवैध कब्जे कराने व जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने लेखपाल को हटाकर जनपद की तहसील में स्थानांतरण कर दिया हैं। पिछले दिनों मोहल्ला आलखुर्द निवासी किसान तौसीफ अहमद ने कमिश्नर सहारनपुर को शिकायती पत्र भेजकर कैराना तहसील के हल्का नंबर 3 में तैनात लेखपाल मिंटू सिंह की शिकायत की थी। जिसमें किसान ने बताया था कि उसकी जमीन बाहर हदूद हल्का नंबर 3 में मौजूद हैं। जहां पर शत्रु संपत्ति के खसरा नंबर 1113 व 1135 की भूमि मौजूद हैं। आरोप लगाया गया हैं कि हल्का लेखपाल द्वारा भू माफियाओं से रिश्वत लेकर उक्त भूमि पर अवैध कब्जे करा रहे रखें हैं। जिन पर भू माफियाओं द्वारा सरसों व गोभी आदि की फसल उगा रखी हैं। इसके अलावा गांव पंजीठ निवासी किसान तसव्वर अली ने भी जिला अधिकारी जसजीत कौर को शिकायत करते हुए बताया कि था कि हल्का लेखपाल मिंटू सिंह राजनीतिक भेदभाव के आधार पर कार्य करते हैं। लेखपाल अपने साथ दो प्राइवेट व्यक्ति रखते हैं। जिन से अवैध वसूली कराते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र आदि जारी कराने के नाम पर अवैध वसूली की जाती हैं। रिश्वत न देने पर उनके आवेदन जारी नहीं किए जाते। शुक्रवार को शिकायतों का संज्ञान लेकर जिला अधिकारी जसजीत कौर ने आदेश जारी कर कैराना तहसील में तैनात लेखपाल मिंटू सिंह को हटा दिया। उनका स्थानांतरण शामली तहसील में कर दिया गया हैं। वहीं उनके स्थान पर शामली तहसील में तैनात लेखपाल ओमकार की कैराना तहसील में तैनाती कर दी हैं।

एसएसपी के पर दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक मामले में रिपोर्ट दर्ज

भास्कर ब्यूरो, कैराना। क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी आबिदा ने एसपी के आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट कराई कि उसकी शादी 12 नवंबर 2020 को अहसान निवासी मोहल्ला इदरीश बैग कांधला हाल निवासी मोहल्ला कैशववान ईदगाह के निकट शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालियों ने दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न किया और उसे घर से निकाल दिया। वह अपने मायके में रह रही थी। आठ अक्टूबर 2022 को जब वह मायके में थी, तो ससुराल पक्ष के पति समेत अन्य लोग पहुंचे। आरोप है कि उसके साथ में मारपीट की गई। इस दौरान पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। मामले में पति अहसान, ससुल हारून, सास फेमूदा व नंदोई अमीर खान को नामजद कराया गया है। पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

विजेता छात्रों का स्वागत, किया सम्मानित

भास्कर ब्यूरो

शामली। शुक्रवार को शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत कालेज में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम में डीएम जसजीत कौर व एसएसपी अभिषेक ने ट्राफी व शील्ड देकर सम्मानित किया था। शनिवार को कालेज पहुंचने पर सभी छात्र-छात्राओं का प्रधानाचार्य व स्टाफ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत कालेज में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता हुई थी। इस प्रतियोगिता में घनश्याम शर्मा सारस्वत, पूनम देवी निर्णायक थे जबकि छवि शर्मा, उमा तथा कीर्ति गर्ग ने भी सहयोग दिया था। विजेता छात्र-छात्राओं को कालेज प्रबंध समिति अध्यक्ष राकेश गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, राजीव तायल ने भी बधाई दी। मंच संचालन सतीश आत्रेय, अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

वार्ड 24 के परिसीमन में न हो कोई भी छेड़छाड़

- जाट कालोनी के लोगों ने डीएम को दिया पत्र

भास्कर ब्यूरो

शामली। जाट कालोनी के लोगों ने डीएम से वार्ड 24 के परिसीमन में कोई छेडछाड न किए जाने की अपील की है। शुक्रवार को जाट कालोनी वार्ड 24 के दर्जनों निवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वार्ड 24 की जाट कालोनी को कुछ राजनीतिक लोग विकास प्राधिकरण के अंदर बताते हैं जबकि हम लोग कई सालों से नगर पालिका को टैक्स दे रहे हैं, हमारे बैनामे भी अंदरहदूद हैं, जो लोग शिकायत कर रहे हैं वहीं लोग इस वार्ड से 2017 में चुनाव लड चुके हैं, तब कोई शिकायत नहीं की गयी थी। 2017 में नगर पालिका शामली का परिसीमन हुआ था, उस समय जाट कालोनी किसी वार्ड में नहीं जुड पाई थी। उनका कहना था कि समस्त कालोनीवासियों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शामली को व तहसीलदार शामली राकेश त्यागी को आपत्ति दर्ज करायी थी। तहसीलदार ने नगर पालिका व लेखपाल विनोद बालियान से जांच कराकर जाट कालोनी को वार्ड 24 में नगर पालिका द्वारा जुडवाया गया था तब किसी प्रत्याशी ने ऐतराज नहीं किया था। वर्तमान में दोबारा कुछ पुराने प्रत्याशी चुनाव लडने के इच्छुक हैं और अब वे जाट कालोनी पर ऐतराज जता रहे हैं। उन्होंने डीएम से वर्तमान में इससे कोई छेछछाड न किए जाने की अपील की है। अमित तोमर, सुनील बालियान, अजित मलिक, तेजवीर सिंह, नरेश, रविन्द्र कुमार, सतीश धीमान, विजयपाल सिंह, सतेन्द्र सिंह, नीरज निर्वाल, मा. उपेन्द्र पंवार, सतीश, सिद्धांत मौजूद रहे।

निशुल्क मेडिकल कैंप आज

कैराना। अंजुमन के अध्यक्ष हाजी नसीम मंसूरी ने बताया कि शनिवार को सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक निरूशुल्क मेडिकल कैंप चौक बाजार पुलिस चौकी के सामने सरायं के मैदान में लगाया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध एवं अनुभवी चिकित्सक पहुंचे। कैंप में बच्चों एवं बड़ों के साथ ही गर्भवती महिलाओं की भी जांच की जाएगी।

सरकारी विभागों द्वारा उत्पीड़न पर व्यापारियों में आक्रोश

भास्कर ब्यूरो

शामली। शुक्रवार को शहर के सुभाष चौंक स्थित कार्यालय पर पउप्र संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यापारियों ने विभागीय अधिकारियों पर आए दिन व्यापारियों के यहां छापेमारी कर उनका उत्पीडन करने का मुद्दा उठाया। प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने व्यापारियों के हो रहे उत्पीडन पर आक्रोश जताते हुए कार्रवाई की मांग की ताकि प्रदेशभर के व्यापारी ईमानदारी से अपना कारोबार कर सके। उन्होंने व्यापारियों का आहवान करते हुए कहा कि व्यापार में बाधक बनने वाले भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीडन के विरोध में प्रदेश के व्यापारियों को एकजुट होना होगा। बैठक में सुभाष चंद धीमान, नरेन्द्र अग्रवाल, रवि संगल, अनुज गोयल, अमित गर्ग मौजूद रहे।

जंगल में धधक रही शराब की भट्ठी की नष्ट

आबकारी विभाग ने पावटीकलां में की कार्रवाई, 200 लीटर कच्ची शराब की जब्त

भास्कर ब्यूरो

कैराना। आबकारी विभाग की टीम ने पावटीकलां गांव के छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब की भट्ठी नष्ट कर दी। इस दौरान दो हजार किलोग्राम लहन नष्ट करते हुए 200 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई और उपकरण बरामद किए गए। जबकि शराब माफिया मौके से फरार हो गए। मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव पावटीकलां के जंगल में अवैध कच्ची शराब की भट्ठी के संचालन की सूचना आबकारी विभाग को मिली थी, जिसके बाद जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र गौतम ने टीम के साथ मौके पर छापेमारी की। टीम की घेराबंदी होता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। मौके पर टीम द्वारा भट्ठी को तोड़ दिया गया। जबकि मौके से शराब व उपकरण बरामद किए गए। आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र गौतम ने बताया कि मौके पर दो हजार किलोग्राम लहन नष्ट करने के साथ ही 200 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। इसके अलावा लोहे के ड्रम व अन्य उपकरण भी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान मौके से फरार होने वाले शराब माफियाओं की पहचान कराये जाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनके विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

डीएम ने अधिकारियों को वृद्धों की हर समस्या का त्वरित समाधान करने के दिए दिशा-निर्देश

सर्दी से बचाव को डीएम ने बुजुर्गों को बांटे कम्बल

भास्कर ब्यूरो

झिंझाना। डीएम जसजीत कौर ने शुक्रवार को कस्बे के गाडीवाला चौराहा स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धाओं को सर्दियों से बचाव के लिए गर्म कपडों का वितरण किया। डीएम ने वृद्धाओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धाओं को हर परेशानी का त्वरित समाधान किया जाए, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नही होगी।

शुक्रवार को डीएम जसजीत कौर ने कस्बे के गाडीवाला चौराहा स्थित जिला समाज कल्याण विभाग की सहायता से संचालित वृद्धाश्रम में पहुंचकर वहां रहने वाली वृद्धाओं को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपडों का वितरण किया। यह वृद्धाश्रम ग्रामीण विकास सेवा संस्थान लोधी धर्मशाला नगाईचपाडा अतरौली अलीगढ संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है जिसे जिला समाज कल्याण विभाग का सहयोग भी मिल रहा है। डीएम ने वृद्धाओं को गर्म कपडे, जर्सी, शॉल, मोजे व जूते प्रदान किए तथा उनका हालचाल जाना। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी डीसी गुप्ता को निर्देश दिए कि वृद्ध महिला एवं पुरुषों को मिलने वाली पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं ताकि वृद्धजनों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने आश्रम की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा वहां बनाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी परखा। जिला समाज कल्याण अधिकारी डीसी गुप्ता ने बताया कि वृद्धाश्रम में 21 वृद्ध महिलाएं व 30 पुरुष रह रहे हैं। इस मौके पर संस्था की अध्यक्षा लक्ष्मी गुप्ता, विनोद श्रीवास्तव आदि भी मौजूद रहे।

प्रदूषण फैला रहे वाहनों के काटे गए चालान, मचा रहा हड़कंप

भास्कर ब्यूरो

थानाभवन। शनिवार को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर यातायात प्रभारी संजय राणा ने थानाभवन में दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया। संजय राणा ने बताया कि राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस अवसर पर ऐसे वाहनों की चेकिंग की गई है जो वाहन मानक के विरुद्ध अधिक प्रदूषण फैला रहे हैं, उन वाहनों के चालान काटे गए हैं जबकि कई खस्ताहाल वाहनों को सीज भी किया गया है। यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों से हेलमेट लगाने की अपील की। थानाभवन पुलिस के साथ मिलकर चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट के 155, बिना सीट बैल्ट के 16, ट्रिपल राइडिंग के 7, नो पार्किंग में 1, बिना डीएल के 6, वायु प्रदूषण के 4, ओवर हाइट के 1, प्रेशर हार्न के 2, रांग साइड के 2, मालवाहन वाहन में सवारियां ढोकने पर 1, 15 वर्ष से अधिक समय की अवधि पूरी होने के बावजूद वाहन चलाने पर 7 वाहन सीज किए गए।

अचानक जिला अस्पताल पहुंचे डीएम, अनुपस्थित मिले चिकित्सक व कर्मचारी

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी को जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में चिकित्सक और कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को सभी अनुपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सुबह 8.40 पर वह अधीनस्थों के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और यहां पर जनरल वार्ड, पैथोलॉजी, दंत चिकित्सक कक्ष, नेत्र रोग विशेषज्ञ, पंजीकरण कक्ष, दवा वितरण कक्ष सहित विभिन्न वार्डों का गहनता से निरीक्षण किया। यहां पर मरीज चिकित्सकों का इंतजार करते हुए मिले, जबकि विभिन्न रोगों के कई विशेषज्ञ डॉक्टर और कर्मचारी अनुपस्थित मिले। नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने कार्रवाई करने की हिदायत के साथ-साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को सभी अनुपस्थित डॉक्टरों तथा कर्मचारियों के तत्काल प्रभाव से एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर को भगवान का रूप समझा जाता है। मरीज भटक रहे हैं और डॉक्टर मौजूद नहीं हैं। ऐसी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी डॉक्टर समय से आकर मरीजों की समस्याओं को देखें। निर्धारित समय तक कहीं भी बाहर नहीं रहेंगे। मरीजों को हर तरह से स्वास्थ्य चिकित्सा का लाभ मिलना चाहिए।

एनआरसी का निरीक्षण के दौरान कुपोषित बच्चों में केवल 6 बच्चे एनआरसी में भर्ती होने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पर नाराजगी व्यक्त की और आरबीएसके की टीम को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि जो बच्चे लाल श्रेणी के कुपोषित हैं कमजोर हैं वजन कम है उनका चिन्हाकन आरबीएसके की टीम द्वारा करा कर एनआरसी में भेजा जाए।

वहीं, निरीक्षण में डॉ प्रकाश एनएस थीसिया, डॉ अश्वनी कुमार भंडारी एनएस थीसिया, डॉ अवनीश कुमार पेट्रिशियन, डॉ विनय भार्गव फिजीशियन, डॉ निरुपमा आंख कान नाक गला विशेषज्ञ, राहुल बंसल मानसिक रोग विशेषज्ञ के अलावा कर्मचारियों में रियाजुद्दीन, हिमांशु कुमार, धीरज कुमार, हिमांशु यादव व अन्य कर्मचारी अनुपस्थित मिले। निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ल, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी व डॉक्टर मौजूद रहे।

एक सप्ताह में गौशाला का कराएं उद्घाटनः डीएम

भास्कर ब्यूरो, हसनपुर। जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी ने शु' वार को नगर में बनकर तैयार हुई गौशाला का निरीक्षण किया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को 1 सप्ताह के अंदर सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर गौशाला का उद्घाटन कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गौशाला के खाली पड़े स्थान पर नेपियर घास और हरा चारा की बुवाई कराई जाए। गौशाला में पर्याप्त भूसा, खल, पानी पीने की व्यवस्था सहित सभी व्यवस्था समय से पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा, गौ शाला की क्षमता 480 है, क्षमता अधिक होने के कारण अधिक से अधिक गायों को इस गौशाला में शिफ्ट किया जा सकता है। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला चालू होने के बाद अभियान चलाकर क्षेत्र में जो छुट्टा गोवंश घूम रहे हैं उनको इस गौशाला में शिफ्ट किया जाए। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुछ गौ वंश मौजूद भी मिले। जिलाधिकारी ने ठंड से बचाने के लिए प्रत्येक पशु को काऊ कोट और गौशाला के चारों ओर से तिरपाल से ढकने का निर्देश दिया। इस अवसर

पर मुख्य विकास अधिकारी चंद शेखर शुक्ल, एसडीएम विजय शंकर, अधिशासी अधिकारी निहाल सिंह आदि मौजूद रहे।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक झुलसा

भास्कर ब्यूरो,

हसनपुर। हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक झुलस गया। झुलसे युवक का मिट्टी में दबा कर उपचार किया गया। वहीं, घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन हटवाये जाने की मांग की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में शुक्रवार की सुबह 10 बजे असलम खान के घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर उनका पुत्र फरमान झुलस गया। झुलसे हुए फरमान को देखकर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। फरमान को ग्रामीणों की मदद से मिट्टी में दबा कर उसके शरीर पर तांबे के बर्तन से घिसाई करनी शुरू कर दी गई। उसके बाद झुलसे युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि उनके घरों के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही है। कई बार बिजली विभाग से हाईटेंशन लाइन को हटवाये जाने की मांग की गई है। लेकिन बिजली महकमे के अधिकारी सुनने के लिए तैयार नहीं है। ग्राम प्रधान चौधरी इकराम ने बताया कि असलम खान के घर के ऊपर से 11 हजार 33 हजार व एलटी लाइन निकल रही है। अनेकों बार तीनों लाइनों को घर के ऊपर से हटवाये जाने की मांग की गई है।

नंदी बिहार का सीमांकन कराने का निर्देश

भास्कर ब्यूरो,

हसनपुर। जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी ने गंगेश्वरी ब्लाक क्षेत्र में बनाए जा रहे नंदी बिहार का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे नंदी बिहार का सीमांकन किया जाए कहा कि यदि संबंधित लेखपाल बार-बार निर्देशों के बावजूद कार्य नहीं करता तो निलंबन की कार्यवाही किया जाए।

भूमि संरक्षण अधिकारी को नंदी बिहार की मिट्टी का परीक्षण कराने का निर्देश दिया। कहा कि मिट्टी के अनुसार हरा चारा बोने की कार्यवाही उप निदेशक कृषि द्वारा शीघ्र की जाए। कहा कि हरा चारा पूरे नंदी बिहार में बोया जाए ताकि गायों को अधिक से अधिक चारे की व्यवस्था हो सके। खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सिंचाई के बेहतर प्रबंध हो इसके लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। यहां कोई कोई भी वृक्ष सिंचाई के अभाव में सूखना नहीं चाहिए। डीएम ने कहा कि पूरे नंदी बिहार क्षेत्र में अधिक से अधिक तालाब खुदवाए जाएं।

निष्पक्ष होकर चुनाव में बूथ पर ड्यूटी करें: एसपी

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। रामपुर में हो रहे विधानसभा उप-चुनाव के लिए शुक्रवार को यहां से पुलिस बल को रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने ड्यूटी पर जाने से पहले पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया।

पुलिस लाइन परिसर में आयोजित बैठक में बोलते हुए एसपी ने कहा कि सभी पुलिस कर्मी अनुशासित रहकर ड्यूटी करें। आई कार्ड साथ में रखें। अपने शस्त्र की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। बूथ पर बिना पीठासीन अधिकारी की अनुमति के प्रवेश न करें। बूथ पर सभी के साथ अच्छा व्यवहार करें। कहीं कोई दिक्कत हो तो तुरंत अपने बड़े अधिकारी को सूचना दें।

चुनाव में जहां पर जिसको जो जिम्मेदारी दी जाये उस पर खरा उतरें। अपने जिले से रामपुर उपचुनाव के लिए 229 पुलिस कर्मी भेजे गये हैं।

सार सुर्खियां

उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी का समर्थन करेगी भाकियू भानु

भास्कर ब्यूरो, मूंढापांडे। मुरादाबाद भारतीय किसान यूनियन भानु रामपुर में हो रहे विधानसभा की एक सीट पर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना का पूर्ण समर्थन करेगी। ये जानकारी भाकियू भनु के जिलाध्यक्ष अभिनाश चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुरादाबाद शुक्रवार के दिन दौरे के बाद पत्रकारों को दी। अविनाश चौहान का कहना है कि शुक्रवार को हमारे मुख्यमंत्री बाबा योगी आदित्यनाथ मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुँचे थे,जिसके बाद उनका भव्य स्वागत

किया गया। सभी किसान भाइयों के लिए आशीर्वाद लिया और उसके बाद रामपुर में भी भव्य स्वागत किया गया। क्योंकि भारतीय किसान यूनियन भानू के समर्थन से 2014, 2017, 2019, 2022 भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिया था और भाजपा की सरकार बनी थी, अब रामपुर में विधानसभा की एक सीट पर हो रहे उपचुनाव में भी भारतीय किसान यूनियन भानु भाजपा प्रत्याशी को पूर्ण समर्थन देती है, और हमे पूर्ण विश्वास है,कि भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना उर्फ हनी को विधानसभा उपचुनाव मे अच्छे मतों से जीत मिलेगी।

दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा

अमरोहा। दहेज उत्पीडन के दो मामलों में डिडौली व नगर कोतवाली पुलिस ने 17 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी गई है। पहला मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र का है। रजबपुर के गांव नूरपुर तुगलकाबाद निवासी सना की शादी सालभर पहले डिडौली के गांव चौधरपुर निवासी कमरे आलम के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल में सना को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रवेज चौहान ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति कमरे आलम, नासरा, छिद्दा, जैद, जहरा व शिफा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं, दूसरा मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है। मोहल्ला बेगमसराय निवासी बशीरा की शादी 15 मई 2019 को मोहल्ला दानिशमंदान निवासी अकरम के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल में बशीरा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। विरोध पर मारपीट की जाती थी। 19 नवंबर को ससुराल वालों ने मारपीट की तो बशीरा ने मायके वालों को काल कर सूचना दे दी। पिता व अन्य परिजन आ गए। आरोप है कि ससुराल वालों ने मायके वालों के साथ मारपीट की तथा बशीरा को भी उनके साथ ही भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति अकरम, बिलकीस, इकबाल, उबैद, अफसर, अफजाल, गुल्स्ता, लाएबा, रेशमा व शबाना के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

युवा व छात्र हितैषी है भाजपा सरकारः अभिनव

सैदनगली। कस्बा के एनटी डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। शुक्रवार को आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक मुख्य अतिथि रहे। जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को छात्रों का हितैषी बताते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं, अभिनव कौशिक ने कहा टैबलेट से छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ ही

अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी हासिल कर सकेंगे। यह सुविधा मिलने से छात्र-छात्राएं तकनीकी रुप से मजबूत होंगे और उनके लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस मौके पर कालेज अध्यक्ष इंद्रेश रानी, प्रबंधक अभिकेष गुर्जर, मुदित गुर्जर, उदित गुर्जर, अमित गुर्जर, मुनीश कश्यप, प्रेम शर्मा, शिवम कौशिक आदि उपस्थित रहे।

निकाय चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी सपाः डीपी यादव

भास्कर ब्यूरो, भोजपुर। सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कस्बे का भ्रमण कर सपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मतदाताओं की नब्ज टटोली। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं को वफादार और जिताऊ प्रत्याशियों का पैनल बनाकर जिला मुख्यालय भेजने को कहा। शुक्रवार को शासन ने नगरीय निकाय चुनावों में वार्डों का प्रस्तावित आरक्षण जारी कर दिया। इसी के साथ ही सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने नगर पंचायत भोजपुर का दौरा कर मतदाताओं की नब्ज टटोली। इस दौरान उन्होंने सपा नगराध्यक्ष मोइनुद्दीन के कैंप कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं के साथ चेयरमैन पद एवं सभासद पद के संभावित प्रत्याशियों के साथ बैठक की। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से आपसी भेदभाव भुलाकर पार्टी हित में कार्य करने एवं पार्टी के घोषित उम्मीदवारों को तनमन धन से चुनाव लड़ाकर जिताने का आह्वान किया। उन्होंने सपाईयों से मिलजुलकर चेयरमैन पद एवं सभासद पद का चुनाव लड़ने के जिताऊ प्रत्याशियों का पैनल बनाकर जिला मुख्यालय को भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि मेयर पद के प्रत्याशी का चयन राष्ट्रीय अध्यक्ष, पार्षदों का महानगर अध्यक्ष एवं नगर पालिका, नगर पंचायत के चेयरमैन एवं सभासद पद के प्रत्याशियों का चयन सांसद, विधायक,एम एलसी,पूर्व सांसद, पूर्व विधायकों से सलाह मशविरा करने के बाद जिलाध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। बैठक में मोइनुद्दीन, नबाव जान, शफीक, मुशर्रफ अली, इरफान,मौ अंसार, यासीन सैफी,भोला मेम्बर, हाजी जाकिर, जुल्फिकार मेम्बर आदि रहे।



मिनी टेम्पो व कंटेनर के बीच हुई टक्कर में व्यक्ति की मौत

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। थाना मझोला के इलाके गगनवाली मैनाठेर व आरटीओ ऑफिस तिराहे के पास देर शाम हुई मिनी टेम्पो व कंटेनर की टक्कर में मिनी टेम्पो चालक की मौत हो गई हैं। जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुचे थाना मैनाठेर के गांव मिलक गुरेर निवासी 45 वर्षीय भूप सिंह किसानी का काम करता हैं। कल शाम सात बजे वह अपने मिनी टेम्पो से मंडी समिति की ओर आ रहा था। अचानक तेज रफ्तार में आते कंटेनर ने गगनवाली मैनाठेर आरटीओ आफ़िस तिराहे के पास टेम्पो को टक्कर मार दी जिससे भूप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

दीवार फांदकर घुसे चोर, तीन लाख का माल साफ

भास्कर ब्यूरो,

नौगावां सादात। दीवार फांद कर किसान के घर में घुसे चोरों ने 65 हजार रुपये की नकदी व सोना-चांदी के जेवरात समेत लगभग तीन लाख लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। इसी दौरान जाग हो गई। परिजनों ने ग्रामीणों संग चोरों का पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं लगे। अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

थाना क्षेत्र के गांव कैलबकरी निवासी किसान जुल्फिकार के परिवार में पत्नी जायदा, बेटा फरमान व उसकी पत्नी नगीना हैं। रात जुल्फिकार व जायदा बरामदे में सो रहे थे। जबकि पुत्रवधु नगीना कमरे में सो रही थी। फरमान घर नहीं था। किसी समय चोर दीवार फांदकर घर में घुस गए। यहां कमरे में दाखिल होकर अलमारी मे रखी 65 हजार रुपये की नकदी व सोना चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। लगभग एक बजे आहट होने पर नगीना की आंख खुल गई। उसने चोरों के देख कर शोर मचा दिया। घर में जाग होने पर चोर भाग निकले। परिवार के लोगों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर उनका पीछा भी किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। गृह स्वामी ने बताया कि चोर नकदी समेत लगभग तीन लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं।

प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्दी ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पत्नी के अश्लील फोटो व वीडियो वायरल कर किया बदनाम

स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी बताया जाता है आरोपी

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। एसएसपी ऑफिस पहुचीं पीड़िता ने बताया कि 24 फरवरी 2001 उसका निक़ाह सभी रीति-रिवाजों, माँ-बाप की सहमति से बतौर दहेज के साथ हुआ था पति स्वास्थ्य विभाग मलेरिया कार्यालय नगर निगम के सामने जनाना नये अस्पताल में मलेरिया निरीक्षक के पद पर कार्यरत है, मेरे पति से 6 बच्चे हैं 3 बेटी व 3 बेटे हैं। मेरे पति और मेरे बीच 24 जून 2022 से 10 जुलाई 2022 तक घरेलू हिंसात्मक विवाद हुआ जिसमे मेरे पति ने मुझे बहुत मारा-पीटा और तलाक बोलकर घर से 10 जुलाई 2022 को चले गए व दूसरी औरत के सम्पर्क में रह रहे हैं। मैने अपने पति के खिलाफ 24 जून से लगातार एफआईआर के लिए कई बार कई जगह पर प्रथना पत्र दिया लेकिन कहीं से सुनवाई व कार्यवाही नहीं की गई इतना ही नहीं थाना मझोला महिला थाना में इंसाफ की गुहार लगाई मगर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के बुलाकर कार्यवाही का निस्तारण कर दिया जाता है। जबकि साक्ष्य जमा करने, वीडियो, ऑडियो सबूत के तौर पर दिखाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई हैं।

पीड़िता ने एसएसपी से पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

एसी मैकेनिक की सड़क दुर्घटना में मौत

भास्कर ब्यूरो,

सैदनगली। नोएडा की प्राइवेट फैक्ट्री के कर्मचारी की संभल मार्ग पर सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, परिजवार में कोहराम मचा हुआ है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव ककरौआ निवासी फुंदन पुत्र रूम सिंह नोएडा की एक निजी फैक्ट्री में कर्मचारी था। गुरुवार रात वह बाइक से घर लौट रहा था। संभल मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के कालाखेड़ा गांव के नजदीक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। करीब 40 वर्षीय फुंदन की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि फुंदन के परिवार में पत्नी, एक बेटा व एक बेटी है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया कि हादसे में बाइक सवार की मौत हुई है।

नगर में चल रहा 75 घंटे का स्वच्छता अभियान, ईओ कर रहे निगरानी

भास्कर ब्यूरो,

हसनपुर। नगर पालिका प्रशासन नगर में 75 घंटे का नान स्टाप विशेष स्वच्छता अभियान चला रही है। शु' वार की दोपहर से इस अभियान का शुभारंभ किया गया। नगर के प्रमुख स्थानों से कूड़ा उठाने के साथ साफ-सफाई भी की गई और मौके पर चूने का छिड़काव किया गया।

पहले दिन दोपहर में 60 एमटी कूड़े का उठान किया गया। अभियान में सुबह और रात के लिए अलग-अलग सफाई कर्मियों की टीम लगाई गई है। जिससे नगर क्षेत्र में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए नगर पालिका परिषद की टीम ईओ के नेतृत्व में सडक़ों पर उतर गई। नगर के विभिन्न स्थानों से कूड़े का उठान किया गया। इसके बाद सफाई-कर्मियों द्वारा गलियों एवं मुहल्लों में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। सुबह से नपा की टीम चिन्हित स्थानों पर ट्रैक्टर, लोडर, जेसीबी, डंफर एवं कूड़ा उठान करने वाले टैम्पू के साथ पहुंची। पहले दिन नगर के अंबेडकर पार्क व अन्य स्थानों पर देर शाम तक कूड़ा उठाया गया। साथ ही उन स्थानों पर झाड़ू लगाकर चूने का छिड़काव भी किया गया। ईओ निहाल सिंह ने बताया कि विशेष स्वच्छता अभियान नगर क्षेत्र में 75 घंटे नान स्टाप चलाया जा रहा है। सुबह और रात के लिए सफाई कर्मियों की अलग-अलग टीम लगाई गई है। पहले दिन 60 एमटी कूड़ा उठाया गया है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

कला व विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

भास्कर ब्यूरो,

हसनपुर। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने वर्तमान समय में प्रयोग होने वाली वस्तुओं के मॉडल बनाकर उनसे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। प्रदर्शनी में सुंदर मॉडल बनाने वाले छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की गई। शुक्रवार को सुखदेवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य परम सिंह के नेतृत्व में विज्ञान वाणिज्य एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने एक बढ़क़र एक सुंदर मॉडल तैयार किए। मुख्य अतिथि एसडीएम विजय शंकर एवं सीओ अभिषेक यादव ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये मॉडल का अवलोकन किया तथा जानकारी ली। छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में डी हेलो ग्राम व मानव शरीर के विभिन्न तंत्रों का एक बहुत ही शानदार मॉडल बनाया। शुद्धिकरण समेत दो दर्जन मॉडलों को तैयार किया गया। छात्र छात्राओं ने वाणिज्य प्रदर्शनी में स्टार्ट अप इंडिया, शेयर बाजार, बीपीओ वाणिज्यक विकास, मुद्रा का विकास सहित अन्य मॉडल प्रदर्शनी में लगाये थे। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने कला प्रदर्शनी में बुर्ज खलीफा, स्वीट होम्स, कोविड-19 से बचाओ, चिडिया घर, भारतीय कला एवं संस्कृति के अलावा ग्रामीण परिवेश का दृश्य चित्र सहित मॉडल एवं चित्र प्रदर्शनी में बनाकर लगाये थे। इस अवसर पर स्टेट बैंक की शाखा प्रबंधक नूरीन मीनाई, अनिरुद्ध कुमार रस्तोगी, डॉक्टर तीर सिंह सिरोही, विनय प्रकाश सिंघल, सुषमा रस्तोगी, विष्णु कुमार रस्तोगी, नागेश्वर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

बुखार से पीड़ित छात्र की मौत, परिवार में मचा कोहराम

भास्कर ब्यूरो, हसनपुर। बुखार पीड़ित कक्षा 6 के छात्र की मौत हो गई। छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने बताया कि जांच के दौरान मलेरिया की पुष्टि हुई थी। पुष्टि होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया था। कोतवाली क्षेत्र के भीमा ठीकरी गांव निवासी चिरंजी के 12 वर्षीय पुत्र कौशिक को सोमवार से बुखार था। परिजनों के द्वारा छात्र को नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां परिजनों ने उसे नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। निजी चिकित्सक के यहां मलेरिया आदि की जांच कराई गई। जांच के दौरान मलेरिया की पुष्टि हुई। गुरुवार की दोपहर जब छात्र की हालत ज्यादा खराब हुई तो चिकित्सक ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। वहां देर रात उसकी मौत हो गई। छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

हमारी ताकत और स्थिरता के लिए हमारे सामने जो जरूरी काम हैं उनमे लोगों में एकता और एकजुटता स्थापित करने से बढ़ कर कोई काम नहीं है। - लाल बहादुर शास्त्री

अब भी हरे हैं भोपाल गैस कांड के जख्म

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वर्ष 1984 में हुई भयावह गैस त्रासदी को पूरी दुनिया के औद्योगिक इतिहास की सबसे बड़ी औद्योगिक दुर्घटना माना जाता है। 03 दिसम्बर 1984 को यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (से निकली जहरीली गैस 'मिथाइल आइसोसाइनाइट' ने हजारों लोगों की जान ली थी। इस त्रासदी से लाखों लोग प्रभावित हुए थे। भोपाल गैस कांड के 38 साल बीत चुके हैं। इस त्रासदी के पीड़ितों के जख्म आज भी हरे हैं। यह हादसा पत्थर दिल इंसान को भी इस कदर विचलित कर देने वाला था कि हादसे में मारे गए लोगों को सामूहिक रूप से दफनाया गया और उनका अंतिम संस्कार किया गया जबकि करीब दो हजार जानवरों के शवों को विसर्जित करना पड़ा। एक शोध में यह तथ्य सामने आया है कि भोपाल गैस पीड़ितों की बस्ती में रहने वालों को दूसरे क्षेत्रों में रहने वालों की तुलना में किडनी, गले तथा फेफड़ों का कैंसर 10 गुना ज्यादा है। इसके अलावा इस बस्ती में टीबी तथा पक्षाघात के मरीजों की संख्या भी बहुत ज्यादा है। इस गैस त्रासदी में पांच लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे, जिनमें से हजारों लोगों की मौत तो मौके पर ही हो गई थी और जो जिंदा बचे, वे विभिन्न गंभीर बीमारियों के शिकार होकर जीवित रहते हुए भी पल-पल मरने को विवश हैं। बहुत से लोग कैंसर सहित बहुत सी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और घटना के 38 साल बाद भी इस सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गैस त्रासदी से 3787 की मौत हुई और गैस से करीब 55,8125 लोग प्रभावित हुए थे। हालांकि कई एनजीओ का दावा रहा है कि मौत का यह आंकड़ा 10 से 15 हजार के बीच था तथा बहुत सारे लोग अनेक तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए। करीब आठ हजार लोगों की मौत तो दो सप्ताह के भीतर ही हो गई थी जबकि करीब आठ हजार अन्य लोग रिसी हुई गैस से फैली संबंधित वर्ष 1979 में मिथाइल आइसोसाइनाइट के उत्पादन के लिए एक नया कारखाना खोला गया लेकिन भोपाल गैस त्रासदी की घटना के समय तक उस कारखाने में सुरक्षा उपकरण ठीक हालात में नहीं थे और वहां सुरक्षा के अन्य मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। कारखाने के टैंक संख्या 610 में निर्धारित मात्रा से ज्यादा एमआईसी गैस भरी हुई थी और गैस का तापमान निर्धारित 4.5 डिग्री के स्थान पर 20 डिग्री था। 03 दिसम्बर 1984 को करीब 40 टन गैस का जो रिसाव हुआ, उसका एक बड़ा कारण माना गया कि टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस के साथ पानी मिल जाने से रासायनिक प्रक्रिया होने के परिणामस्वरूप टैंक में दबाव बना और टैंक का अंदरुनी तापमान 200 डिग्री के पार पहुंच गया, जिससे धमाके के साथ टैंक का सेफ्टी वाल्व उड़ गया और यह जहरीली गैस देखते ही देखते पूरे वायुमंडल में फैल गई। अचानक हुए जहरीली गैस के इस रिसाव से बने गैस के बादल हवा के झोंके के साथ वातावरण में फैल गए और इसकी चपेट में आने वाले लोग मौत की नींद सोते गए।

विश्व में एकता की भावना बढ़ाएगी जी-20 अध्यक्षता

नरेन्द्र मोदी

जी20 की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे। अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गए।

दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों। कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाए? भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य - हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम - 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है - हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है।

आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम - 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है । आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंक और महामारी जैसी जिन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी फरमान से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनाई गई है। आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिए पर पड़े नागरिकों का भी ख्याल रखता है।हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाला 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। जी20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। - **लेखक वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री हैं।**

प्रारब्ध के अनुसार मिलता है सुख-दुख

व्यक्ति को चाहिए कि हर क्षण भगवान की कृपा का अनुभव करे और प्रारब्ध के अनुसार जो सुख-दुख मिलता है उसे प्रभु का प्रसाद समझकर निर्विकार मन से भोग ले। श्री मदभागवत का पावन संदेश-- इंसान को अपना प्रारब्ध प्रसन्नता से भोगना चाहिए। बुद्धिमान किसान वह है, जो बीज बोते समय अच्छी तरह विचार कर ले कि कौन-सा बीज बोना हितकर होगा। पर जब बीज बो चुका और फसल काटने का समय आया तो यह सोचने से क्या फायदा कि वह बीज बोया होता तो अच्छा होता। ज्ञानी जनों का कहना है— "अब जो बोया है वह तो चुप-चाप काट ले, आगे जब बोना तो सोच समझकर बोना।" लेकिन जीव की प्रवृति क्या है? प्रत्येक जीव प्रायः पाप का बीज बोता रहता है और फल पुण्य का काटना चाहता है। यह कैसे संभव हो सकता है? पाप का बीज बोया है तो पाप और दुख की फसल काटनी ही पड़ेगी, पुण्य का बीज बोया है तो सुख की फसल मिलेगी ही। कोई रोक नहीं सकता। इसलिए प्रह्लाद जी ने कहा- यथा दुखमयत्नत; तथा सुखमयत्नत; सुख भाग्य के अधीन है। यदि तुम कुछ नहीं भी करो और प्रारब्ध अच्छा है तो तुम्हारे लिए जंगल में भी मंगल है। दुख कोई नहीं चाहता फिर भी दुखी होना पड़ता है, उसी प्रकार सुख नहीं भी चाहो और भाग्य में है तो न चाहने पर भी अवश्य मिलेगा। जैसे बिना कोशिश के दुख मिला वैसे ही बिना कोशिश के सुख भी मिलेगा। प्रसन्नता पूर्वक प्रारब्ध को स्वीकार करना चाहिए। बुद्धिमान व्यक्ति प्रारब्ध को हँसकर भोगता है और अज्ञानी रो-रोकर भोगता है, भोगते दोनों ही हैं। यदि आप अपने कर्मों को हँसकर भोगेंगे तो उतना कष्टप्रद नहीं होगा और रोते हुए भोगोगे तो हर क्षण दुखी रहोगे। भगवान की कृपा को हर परिस्थिति में महसूस करना चाहिए। आखिर जीवन में किया क्या जाए? तन, मन और वचन से हरि चरणों की वंदना करने की आदत डालनी चाहिए। ऐसा नही कि वाणी से कुछ कहा, मन कुछ दूसरा हिसाब लगा रहा है और तन किसी दूसरे काम में लगा है। मन, वचन, कर्म तीनों से एक होकर जिसने प्रभु को भजना सीख लिया और इन तीनों को अपनी जबान में उतार लिया उसका भगवत धाम में रिजर्वेशन हो गया। पुत्र को पिता की संपत्ति पाने के लिए पिता की आज्ञा में रहना पड़ता है। पिता का आज्ञाकारी पुत्र हो गया तो पिता की सारी संपत्ति हमारे नाम हो जाएगी। हम उस परम पिता परमेश्वर की संतान हैं। जब परमात्मा की संतान हैं तो परमात्मा की मोक्ष रूपी संपत्ति में हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। पर हम लोग क्या करते हैं। परमात्मा को तो मानते हैं किन्तु परमात्मा की नहीं मानते हैं।

प्रेरणाप्रद मोती

प्रत्येक काम का अपना अवसर होता है और अवसर वही है, जब वह काम आपके सामने पड़ा हो।

पं श्रीराम शर्मा आचार्य
(गायत्री परिवार)

आज का राशिफल

मेष : आज आपको कार्य में सफलता और यश-कीर्ति मिलेगी। आर्थिक रूप से आज का दिन बेहतर रहेगा है।

वृष : मनोरंजन का लाभ उठाएं, परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। वाहन-सुख मिलेगा व मान-सम्मान भी मिलेगा।

मिथुन : आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में आप न पड़ें। आज आप अपने पास के किसी व्यक्ति के लिए एक महंगा उपहार खरीद सकते है जो की उस व्यक्ति को आश्रयचकित कर सकता है।

कर्क : आपके वैवाहिक जीवन में खटास पैदा हो सकती है। आर्थिक मामलों में सावधानी से काम लेना होगा।

सिंह : अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाह रहे हैं तो फैसला लेने की अपनी क्षमता को और विकसित कीजिए।

कन्या : आज आपके आमदनी बढने के आसार हैं, कार्य क्षेत्र में लाभ होगा। एकाग्रता बनाए रखें। व्यवसाय से जुड़ा कोई फैसला लेते वक्त आप सावधान रहें ताकि कोई आप को ठगे नहीं क्योंकि अंदेशा है कि आपके व्यवसायिक साझेदार आपके व्यवहार का नाजायज फायदा उठाने की कोशिश करें।

तुला : व्यवसाय और व्यापार के क्षेत्र में लाभ होगा। वसूली के पैसे आएंगे। परिवार में भी आनंद का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक : आज के दिन कार्यालय का माहौल अनुकूल बना रहेगा। वैवाहिक जीवन पर आशंकाओं के बादल मण्डरा सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही बीमारी से आज आराम मिलेगा।

धनु : आज आप एक साथ कई परियोजनाओं के बोझ तले दबा हुआ सा महसूस कर सकते हैं। मन में व्यग्रता रहेगी।

मकर : आज आप ज्यादा खाने से बचें। अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा। आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं।

कुंभ : नये विचार भी दिमाग में आयेंगे। आप अपने दृढ़ प्रयासों से अपने लक्ष्य को पा लेंगे और आपके सपने साकार होंगे।

मीन : उद्योग में निवेश करेंगे तो वो काफी फायदेमंद साबित होगा। मित्रों के मिलने से आपको आनंद होगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण रहेगा।

आवश्यकता है ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी करने की

भूपेंद्र यादव

27वां पार्टियों का सम्मेलन (कॉप 27) पिछले सप्ताह समाप्त हुआ और कई चुनौतियों तथा विचारों में भिन्नता के बावजूद, सदस्य देशों ने जटिल मुद्दों के समाधान के प्रयास किए। कॉप 27 को कार्यान्वयन के लिए कॉप का ब्रांड नाम दिए जाने के साथ, प्रमुख मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें प्रमुख हैं- हानि और क्षति वित्त पोषण पर समझौता; अनुकूलन और शमन कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, जो उत्सर्जन में कमी का मुकाबला करता है और प्रभावी कार्यान्वयन को गति प्रदान करता है तथा जो वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर रखने के अधिक महत्वाकांक्षी पेरिस समझौते के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए वैश्विक समुदाय को प्रेरित करता है।

भारत की दृष्टि से कॉप 27 के परिणाम महत्वपूर्ण रहे हैं, क्योंकि एक देश के रूप भारत के या विकासशील देशों की सामूहिक आवाज के रूप में भारत द्वारा प्रस्तावित चिंताओं, विचारों और सुझावों को उचित महत्व दिया गया है। शर्म अल-शेख कार्यान्वयन योजना मानती है कि ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए 2019 के स्तर की तुलना में 2030 तक वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की तेज और निरंतर कमी किए जाने की आवश्यकता है। योजना यह भी स्वीकार करती है कि विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों के आलोक में एवं सतत विकास और गरीबी उन्मूलन के प्रयासों के संदर्भ में सामान्य लेकिन पृथक जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं (सीबीडीआर-आरसी) को दर्शाते हुए, न्यायपूर्ण और सर्वोत्तम उपलब्ध वैज्ञानिक ज्ञान के आधार पर, इस महत्वपूर्ण दशक में त्वरित कार्रवाई की

आवश्यकता है। भारत, राष्ट्रों के लिए जलवायु कार्रवाई लक्ष्यों को निर्धारित करने और इन्हें पूरा करने में सीबीडीआर-आरसी दृष्टिकोण अपनाने का मुखर समर्थक रहा है, ताकि जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं से पृथ्वी को बचाने की इस संयुक्त लड़ाई में हम ऐतिहासिक प्रदूषण फैलाने वाले देशों और तकनीकी व वित्तीय अंतर के प्रति सचेत रहें तथा हरित विश्व निर्माण के लिए विकासशील देशों को शामिल किए जाने की आवश्यकता सुनिश्चित की जा सके।

कार्यान्वयन योजना ने पार्टियों से आग्रह किया, जिन्होंने अभी तक नए या अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों की जानकारी नहीं दी है, वे जल्द से जल्द इसे पूरा करें। भारत न केवल उन 29 देशों में शामिल है, जिन्होंने सीओपी 26 के बाद अपने बढ़े हुए एनडीसी प्रस्तुत किए हैं, बल्कि उन 60 से कम देशों की उस सूची में भी मौजूद है, जिन्होंने ग्लासगो में अपनी शुद्ध शून्य घोषणा के एक वर्ष के भीतर अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीतियां प्रस्तुत की हैं। ये कदम, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के प्रयास का हिस्सा बनने के सन्दर्भ में नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। देशों को निम्न-कार्बन उत्सर्जन की ओर बढने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करते हुए, कॉप27 कार्यान्वयन योजना राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप सबसे गरीब और सबसे कमजोर देशों को लक्ष्य-आधारित समर्थन देने और एक न्यायपूर्ण परिवर्तन की दिशा में समर्थन की आवश्यकता की पहचान करने का आह्वान करती है। इसने मान्यता दी कि विकासशील देशों को दिया गया अधिक समर्थन, उनकी कार्रवाई संबंधी उच्च महत्वाकांक्षा को अनुमति प्रदान करेगा। भारत ने इस बात को रेखांकित किया कि अधिकांश विकासशील देशों के लिए न्यायपूर्ण बदलाव की तुलना सिर्फ कार्बनीकरण को कम करने से नहीं की जा सकती है, लेकिन कम-कार्बन उत्सर्जन के साथ, विकासशील देशों को, अपनी पसंद के ऊर्जा मिश्रण तथा एसडीजी हासिल करने में, स्वतंत्रता की आवश्यकता है। कॉप 27 ने सभी जलवायु कार्रवाईयों- न कि केवल शमन, बल्कि शमन, अनुकूलन, वित्त, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और क्षमता निर्माण- पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व को रेखांकित किया।

कॉप 27 योजना ने गंभीर चिंता के साथ, जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव से मुकाबले के लिए अनुकूलन के मौजूदा स्तरों और उन स्तरों, जिनकी आवश्यकता है, के बीच मौजूदा अंतर को; जलवायु परिवर्तन छठी आकलन रिपोर्ट पर अंतर-सरकारी पैनल के सन्दर्भ में कार्य समूह द्वितीय के योगदान के निष्कर्षों के अनुरूप बताया। पार्टियों से क्षमता बढ़ाने, सहनीयता को मजबूत करने और जलवायु परिवर्तन के प्रति खतरे को कम करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। इसने विकासशील देशों से जलवायु वित्त, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अनुकूलन के लिए क्षमता निर्माण संबंधी अपने प्रावधान को तत्काल और महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने का आग्रह किया, ताकि विकासशील देशों की जरूरतों का समाधान किया जा सके। भारत ने लंबे समय से अनुकूलन को उचित महत्व देने और विकासशील देशों की जरूरतों के पैमाने के अनुरूप संसाधनों के पैमाने पर चर्चा करने की तत्काल आवश्यकता पर अपनी लड़ाई को जारी रखा है। -**लेखक केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन तथा श्रम और रोजगार मंत्री हैं।**

कार्यान्वयन योजना ने पार्टियों से आग्रह किया, जिन्होंने अभी तक नए या अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों की जानकारी नहीं दी है, वे जल्द से जल्द इसे पूरा करें। भारत न केवल उन 29 देशों में शामिल है, जिन्होंने सीओपी 26 के बाद अपने बढ़े हुए एनडीसी प्रस्तुत किए हैं, बल्कि उन 60 से कम देशों की उस सूची में भी मौजूद है, जिन्होंने ग्लासगो में अपनी शुद्ध शून्य घोषणा के एक वर्ष के भीतर अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीतियां प्रस्तुत की हैं। ये कदम, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के प्रयास का हिस्सा बनने के सन्दर्भ में नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

पुरातन मूल्यों के साथ आधुनिक शिक्षा जरूरी

दीप्ति अंगरीश

समाज और देश के विकास के लिए सबसे जरूरी है कि हमारा समाज पूरी तरह से शिक्षित हो। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के लिए पुरातन मूल्यों के साथ ही आधुनिक तकनीक का समावेश करना होगा। तमिलनाडु के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षक के. रामचन्द्रन ने कहा कि हमारी पुरातन शिक्षा व्यवस्था में गुरूकल व्यवस्था रही है। शिक्षक और छात्र में परिवेश और रहन-सहन का कोई अंतर नहीं था। गुरुदक्षिणा एक अनिवार्य व्यवस्था थी। यदि आज भी उसी व्यवस्था को ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही पूरे देश में लागू कर दिया जाए, तो पूरा समाज शिक्षित हो जाएगा। वाराणसी में काशी तमिल संगमम के दौरान शिक्षक के रामचन्द्रन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। छात्र की तरह स्कूली परिधान पहने के. रामचंद्रन हर दूरी को पाट रहे थे। मंच से उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार को हर ग्रामीण इलाके में स्कूलों को स्मार्ट क्लास बनाना चाहिए, जो पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से लैस हो।

उन्होंने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इसे बनाने में महज 20 हजार रूपये का खर्च आएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि बीते कुछ दिनों से सामासजिक उत्तरदायित्व, लोगों के कर्तव्य, अभिभावक की जिम्मेदारी में कमी देखी जा रही है। इसलिए बेहद जरूरी है कि शिक्षा के पारंपरिक व्यवस्था का अनुशीलन हो। आज हम काशी में बात कर रहे हैं और यह शिक्षा का प्रमुख केंद्र रही है। तमिलों के लिए भी काशी आना हमेशा से ही गर्व की बात रही है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फीथिएटर में काशी तमिल संगमम के दौरान तमिलनाडु से आई शिक्षिका सी. मुतुलक्ष्मी ने कहा कि हमें एक तरह से 1893 के शिकागो के धर्म संसद का आभास हो रहा है। हमने उस संसद के बारे में पुस्तकों में पढ़ा है। लेकिन, विख्यात शिक्षा केंद्र बीएचयू में जब हम इतने शिक्षकों और बुद्धिजीवियों के बीच बैठक शिक्षा पर बात कर रहे हैं,

तमिलनाडु के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षक के. रामचन्द्रन ने कहा कि हमारी पुरातन शिक्षा व्यवस्था में गुरूकल व्यवस्था रही है। शिक्षक और छात्र में परिवेश और रहन-सहन का कोई अंतर नहीं था। गुरुदक्षिणा एक अनिवार्य व्यवस्था थी। यदि आज भी उसी व्यवस्था को ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही पूरे देश में लागू कर दिया जाए, तो पूरा समाज शिक्षित हो जाएगा। वाराणसी में काशी तमिल संगमम के दौरान शिक्षक के रामचन्द्रन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। छात्र की तरह स्कूली परिधान पहने के. रामचंद्रन हर दूरी को पाट रहे थे। मंच से उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार को हर ग्रामीण इलाके में स्कूलों को स्मार्ट क्लास बनाना चाहिए।

तो स्वामी विवेकानंद की कही कई बातें अनायास ही मानस पटल पर आ रही है। तमिलनाडु से आए एक अन्य शिक्षक के. एस. नारायणन ने कहा कि कई रिपोर्ट में यह सिद्ध हो चुका है कि जो समाज अपनी मातृभाषा में सिद्धहस्त नहीं है, वह किसी अन्य भाषा को नहीं सीख सकता है। हमें गर्व है कि पूरा तमिलनाडु और यहां बैठे हमारे तमाम राज्यवासी अपनी मातृभाषा को जीते हैं। इसलिए हमें कोई अन्य भारतीय भाषा को समझने में दिक्कत नहीं आती है। - **लेखक पत्रकार व समसामयिक विषयों की जानकार हैं।**

सबको सियासत में हक नहीं देती राजधानी दिल्ली

लघु भारत का दर्जा हासिल कर चुकी देश की राजधानी दिल्ली सियासत में सबको बराबर का हक देने में नाकाम रही। उसके पास आगामी 4 दिसंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम के चुनावों में अपनी छवि को उजला करने का मौका था। वह अपने को बदल सकती थी। पर दिल्ली इस बार नहीं बदली। उसे यथास्थितिवादी रहना ही पसंद आता रहा। वह चाहती तो मुंबई की तरह समावेशी हो सकती थी। उसके पास अनुपम अवसर था बांग्लाए तमिलए मराठीए तेलुगू, गुजराती भाषियों को अपना नगर सेवक चुनने का। भारतीय जनता पार्टीएकांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने 250 सदस्यों के निगम के सदन के लिए किसी गैर.हिन्दी भाषी को टिकट नहीं दिया। अफसोस कि इन्हें एक भी गैर-हिन्दी भाषी नहीं मिला जिसे ये अपना उम्मीदवार बना पाते। ये सब दिल्ली में दशकों से रह रहे हैं और इस महानगर को समृद्ध कर रहे हैं। इन सबने दिल्ली में दर्जनों श्रेष्ठ स्कूल खोले। जिनसे लाखों बच्चों ने पढ़ाई की और वे बेहतर नागरिक बने। ये दिल्ली के खेलए शिक्षा और बिजनेस जगत में भी अपनी छाप छोड़ते रहे।

आमतौर पर माना जाता है कि दिल्ली में पैसा पंजाबियों और बनियों ने सबसे ज्यादा कमाया है। तमिल भाषी शिव नाडार इस सोच को ध्वस्त करते हैं। वे मूल रूप से तंजावुर जिले से है। शिव नाडार की नेटवर्थ 14.3 बिलियन डॉलर है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के अनुसारए शिव नाडार राजधानी के सबसे धनी शख्स हैं। उन्होंने यहां आकर कुछ साल डीसीएम डाटा प्रोडक्टस में नौकरी की। उसे 1976 में छोड़कर एचसीएल इंटरप्राइजेज की स्थापना की और एक गैराज से केलकुलेटर और माइक्रोप्रोसेसर बनाने लगे। आगे चलकर उन्होंने एचसीएल टेक्नोलॉजी की स्थापना की। अब करीब आधा दर्जन देशों मेंए 100 से ज्यादा कार्यालय, करीब एक लाख पेशेवर उनके साथ जुड़े हैं। दिल्ली-नोएडा में तो शिव नाडर के दफ्तरों की भरमार है। फिलहाल एएचसीएल की 80 फीसदी आमदनी कंप्यूटर और ऑफिस इक्विपमेंट्स बेचकर होती है। शिव का बचपन अभावों में बीता। उन्होंने शिक्षा ग्रहण करने के लिए बड़े पापड़ बेले हैं। इसलिए वे अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा बेहतर स्कूल और अन्य शिक्षण संस्थान स्थापित करने में इनवेस्ट करना पसंद करते हैं। शिव ने दिल्ली से जितना लिया उससे ज्यादा वह इसे दे रहे हैं। उनसे मिलते-जुलते अनेक उदाहरण मिल सकते हैं। दिल्ली ने गैर-हिन्दी भाषियों को आगे बढ़ने के मौके दिए पर सियासत के संसार स दूर ही रखा। अपने को राष्ट्र दल का दावा करने वाले दलों ने इस बार भी टिकट सिर्फ हिन्दी भाषियों को ही दिये। यहां पर पूर्वोतर राज्यों के लाखों लोगों की बात करना ही व्यर्थ है। उन्हें कौन दिल्ली की राजनीति में हक देता है। अब ये मत कहिए कि गैर.हिन्दी भाषियों ने स्थानीय सियासत में अपना हक नहीं मांगा। वे मांगते रहे हैंएपर एक-दो उदाहरणों को छोड़कर उनके हिस्से में निराशा ही आई है। आप 1958 से लेकर अब होने जा रहे नगर निगम चुनावों के इतिहास के पन्नों को खंगालिए। आप पाएंगे कि सिर्फ एक गुजराती भाषी यहां पर नगर निगम पार्षद बना। - **विवेक शुक्ला**

आमतौर पर माना जाता है कि दिल्ली में पैसा पंजाबियों और बनियों ने सबसे ज्यादा कमाया है। तमिल भाषी शिव नाडार इस सोच को ध्वस्त करते हैं। वे मूल रूप से तंजावुर जिले से है। शिव नाडार की नेटवर्थ 14.3 बिलियन डॉलर है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, शिव नाडार राजधानी के सबसे धनी शख्स हैं। उन्होंने यहां आकर कुछ साल डीसीएम डाटा प्रोडक्टस में नौकरी की। उसे 1976 में छोड़कर एचसीएल इंटरप्राइजेज की स्थापना की।

50 लाख की धनराशि का दुरुपयोग

- विधायक लगातार कर रहे हैं लिखापढी, फिर लिखा मुख्यसचिव को पत्र
- जांच में दोषी पाए जाने पर भी आरोपित अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं होने से आहत हैं बल्देव विधायक

भास्कर ब्यूरो

मथुरा। बल्देव विधानसभा से भाजपा विधायक पूरन प्रकाश अपनी निधि के पैसे का ठीक से उपयोग नहीं होने से आहत हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं होने के बाद एक बार पुनः विधायक ने लिखापढी की है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश शासन लखउन को पत्र लिख कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मामला कोरोनाकाल में विधायक निधि से दिए गए 50 लाख रुपए की धनराशि का है। विधायक ने पत्र में उल्लेख किया है कि डिजिटल एक्सरे मशीन, मस्क, सैनेटाइज उपकरण, स्प्रे मशीन लगवाने के लिए निधि से 50 लाख रुपए बलदेव विधान सभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए दिये थे। हमने निरीक्षण में देखा कि इस धनराशि का मनमाने तरीके से दुरूपयोग किया गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को इस मामले की जांच कराए जाने के अनुरोध के साथ पत्र लिखा था। इसके बाद इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन हुआ और जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में तत्कालीन मुख्यचिकित्साधिकारी को सरकारी धनराशि के दुरूपयोग का दोषी पाया। विधायक ने पत्र में खेद व्यक्त किया है कि इस संबंध में दोषियों पर अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है। यह भी प्रकाश में आया है कि कुछ अधिकारी मिली भगत से इस प्रकरण की पुनः जांच कर लीपा पोती करना चाहते हैं। जिसका कोई औचित्य नहीं है। संबंधित प्रकरण की जांच पूर्व में ही पूर्ण हो चुकी है। इस प्रकरण की जांच में दोषी पाये गए अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के आदेश पारित करते हुए प्राथमिकि दर्ज कराई जाए तथा पुनः जांच के नाम पर कोई भी पूर्व जांच की पत्रावली कहीं भी न जाए यह भी सुनिश्चित किया जाए।

हमने पत्र लिखा है। पैसा डिजिटल एक्सरे मशीन के लिए दिया गया था। डिजिटल मशीन नहीं लगाई गई है। हम अपने क्षेत्र में बेहत स्वास्थ्य व्यवस्थाएं लोगों को देना चाहते हैं। इसी के लिए निधि से पैसा दिया गया। जांच में दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

--पूरन प्रकाश एड., विधायक बल्देव क्षेत्र

संदिग्ध परिस्थितियों में हुई कारोबारी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

मथुरा। थाना कोतवाली के चौकी बाघ बहादुर स्थित एक होटल के बंद कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में यात्री की मौत हो गई। घटना की जानकारी होटल संचालक द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई। 32 वर्षीय यात्री अजय की स्थानीय होटल में बंद कमरे में संदिग्ध परिस्थिति के चलते मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई, सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस छानबीन में जुट गई, पुलिस ने मृतक के पास से मिले कागजों के आधार पर उसकी शिनाख्त अजय निवासी महाराष्ट्र के रूप में की। वहीं होटल संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्री बिजनेस के संबंध के मामले में 25 नवंबर को महाराष्ट्र से मथुरा आया था। करीब छह दिन से वह होटल में रह रहा था, देर रात वह अपने होटल के कमरे में गया था, सुबह होटल के कर्मचारी ने गेट खटखटाया तो दरवाजा नही खुला, जंगले से झांकर देखा तो अजय बेड पर पड़ा हुआ था। लगातार आवाज लगाई जा रही थी परंतु अजय कुछ जवाब नहीं दे रहा था। हमें कुछ आशंका हुई तो हमने घटना की जानकारी पुलिस को दी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है ।

सीबीएसई फुटबॉल क्लस्टर में खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

- बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर अक्खा में हो रहा क्लस्टर का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

सौंख। शुक्रवार को बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर नगला अक्खा में चार दिवसोय सीबीएसई फुटबाल क्लस्टर के दूसरे दिन विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने जोर आजमाइश की। फुटबाल टूनार्मेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजेता बनाया।दूसरे दिन सुबह से देर शाम तक लगातार 11 मैच खेले गए। सभी टीमों ने अपना दमखम दिखाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय कानपुर ने अजमानी इंटरनेशनल लखीमपुर को पराजित किया ।वही कड़े मुकाबले में एपीएस आगरा ने चाइल्ड केयर विशप आगरा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

अकाल एकेडमी गोमती ने होली पब्लिक स्कूल आगरा को तथा अकाल एकेडमी कजरी पीलीभीत ने सेंट जोसेफ कासगंज को हराया ।विद्याज्ञान सीतापुर ने एकतरफा मैच में हेम विद्या निकेतन अलीगढ़ को 9 - 0 से पराजित किया। डीपीएस बरेली ने अवर लेडी फातिमा अलीगढ़ पर विजय प्राप्त की। कड़े मुकाबले में नारायणा पब्लिक स्कूल गोंडा ने आर. के. स्कूल लखनऊ को पटखनी दी। ब्लूमिंग डेल्स ने सेंट मैरी स्कूल फतेहपुर को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। सभी टीमों ने अपने पूर्ण सामर्थ्य और शक्ति के साथ खेल भावना का परिचय दिया। विजेता टीमों ने अगले दौर में प्रवेश कर खुशी का इजहार किया वही पराजित टीम ने अगली प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन का संकल्प लेकर मैदान से रवानगी ली। विद्यालय के चेयरमैन सुरेश सिंह ने उपस्थित रहकर सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मैच कमिश्नर वीरेंद्र रावत के कुशल निर्देशन में सभी मैच रेफरी ने निष्पक्ष एवं कुशलता के साथ अपनी भूमिका निभाई इस अवसर पर प्रबंधक प्रहलाद सिंह, प्रधानाचार्य इंद्र प्रकाश दुबे, उप प्रधानाचार्य रामबाबू, शिक्षा प्रभारी एसबी सिंह, वीरपाल प्रधान, जीएस शर्मा, कोऑर्डिनेटर विपिन सिंह, पवन राघव, चंद्रेश यादव, ओम प्रकाश ,रोहिताश कुमार आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

सार सुर्खियां

अवैध देशी शराब सहित महिला गिरफ्तार

नौहझील। थाना नौहझील पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध देशी शराब सहित महिला को गिरफ्तार किया है। जिससे कब्जे से 24 अदद पव्वा देशी शराब बरामद हुई है। जानकारी देते हुए यमुना पुल चौकी प्रभारी आदेश कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सतपाल प्रधान भट्टा के पास अड्डा छिनपारई रोड़ पर मोड़ से लगभग 50 कदम दूर से अदद शराब सहित महिला को पकड़ा है। महिला ने अपना नाम रजीना पत्नी मुकीम निवासी नई बसापत गोंडा रोड़ थाना देहली गेट जनपद अलीगढ़ हाल पता भट्टा सतपाल प्रधान मखदूमपुर थाना नौहझील बताया है। महिला ने ठेके से शराब खरीदकर भट्टे पर बेचना स्वीकार किया है। महिला के पास से 24 अदद पव्वा देशी शराब बरामद हुई है।

जैंत क्षेत्र में चोरों के हौंसले बुलंद



चैमुहां। जैंत थाना क्षेत्र में सर्दियों का मौसम शुरू होते ही चोरों के हौंसलें बुलंद हो जाते हैं। वहीं पुलिस की कार्यशैली पर सवाल हो रहे हैं। लोगों में रोष व्याप्त है। गुरुवार की रात को थाना जैंत क्षेत्र से महज की कुछ ही दूरी स्थित शराब के दो ठेकों को चोरों ने फिर निशाना बनाकर लाखों रुपये की शराब चोरी कर ले गई। जैंत के सामने हाईवे के समीप परखम गुर्जर रोड पर चैमुहां ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख ठाकुर पातीराम सिसौदिया की पत्नी भगवती देवी के नाम से अंग्रेजी व देशी शराब के ठेका संचालित हैं। रोजाना की तरह गुरुवार की रात को भी निर्धारित समय पर सेल्समैन दोनो दुकानों को बंद करके घर चले गये। बताते हैं कि चोरों ने रात में पहले बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को तोडा है, फिर कैंटीन की दीवार काटी इसके बाद देशी शराब के ठेका की दीवार काटकर इसमें 115 पेटी शराब की चोरी की। तथा इसके बाद अंग्रेजी शराब के ठेके की दीवार काटी उसमें से 15 पेटी शराब की चोरी की तथा कैंटीन में रखा हुआ सामान भी चुरा ले गए। ठेका संचालक ने बताया कि करीब साढे तीन लाख रुपये से अधिक का माल चोरी हुआ है। जैसे ही सुबह सेल्समैन ठेका खोलने के लिए आया तो दीवारों को कटा देखकर उसके पांव तले जमीन खिसक गई । बताते हैं कि घटना अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सेल्समैन ने घटना की सूचना ठेका संचालक को दी। ठेका संचालक ने घटना की सूचना जैंत पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर लिया है। उन्होने जैंत थाने में घटना की तहरीर दी है। थाना प्रभारी अरुण पवार ने बताया कि तहरीर देने की कहकर गए थे। मेरे संज्ञान में नहीं है कि तहरीर आई है या नहीं। आश्चर्यजनक करने वाली ये बात है कि शराब के दोनो हाईवे से कुछ ही दूरी पर है। यहां पुलिस की गस्त भी रहती है। और हाईवे भी है। चोरों ने दोनो ठेकों की दीवार काटने में काफी समय लगाया होगा, फिर भी जैंत पुलिस को सुबह तक कुछ नहीं दिखाई दिया। जबकि यहां पूर्व में भी कई बार चोरी हो चुकी है। लोगों का कहना है कि सर्दियां आते ही चोरी की घटनायें बढ जाती हैं।

खूंटैलपट्टी क्षेत्र में बढ़ रहा धारावाहिक अहिल्याबाई का विरोध

सौंख। खूंटैलपट्टी क्षेत्र में सोनी टीवी पर प्रसारित किए जा रहे अहिल्याबाई धारावाहिक का विरोध बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को राष्ट्रीय जाट एकता संगठन द्वारा सोनी टीवी पर तथ्यों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कस्बा सौंख में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी ने बताया कि धारावाहिक में महाराजा सूरजमल की वीरता से जुडे तथ्य सही तरीके से नहीं दिखाए गए हैं। उनकी अजेय और वीरता की छवि से खिलवाड़ करने की कोशिश की गई है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस मौके पर गुड्डा भैया, धर्मेश पहलवान, परसोत्तम चाहर, पवन कुंतल, दलवीर चौधरी, बलजीत सिंह, राजवीर सिंह, योगेश कुंतल, जितेंद्र सिंह, कान्हा कुंतल, बबलू, अमित कुंतल, छोटू बॉबी, नंदू, ओमवीर आदि मौजूद थे।

शराब सेल्समैन के साथ बदमाशों ने की लूटपाट

नौहझील- थाना मांट क्षेत्र के अंतर्गत बीती देर रात को मांट ब्रांच गंग नहर पर सेल्समैन के साथ तमंचे के बल पर बाइक सवार बदमाशों ने 63 हजार रुपये की लूटपाट कर ली। जब इसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी,लेकिन पुलिस मामले को सदिग्ध मान रही है। गुरुवार देर रात को बारहमासी पर स्थित अंग्रेजी शराब एवं देशी शराब के ठेके पर ग्राम पंचायत जाबरा के मजरा मत्था निवासी सतीश उर्फ सत्येंद्र पुत्र बच्चू सिंह सेल्समैन का कार्य करता है रात्रि को जब सेल्समैन शराब ठेके से अपने गांव के लिए लौट रहा था तभी मांट ब्रांच गंग नहर पर अरुआ बगीची के पास पीछे से बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर शराब की बिक्री के 63 हजार रुपये लूट ले गये एवं दुकान की चाबी और बाइक की चाबी को छीन कर ले गये। सूचना मिलते ही मांट पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुटी। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक ललित भाटी ने बताया कि मामले में सेल्समैन सतीश की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है,लेकिन लूट की घटबा सदिग्ध लग रही क्योंकि पीआरवी को एक लाख रुपये लूट होने की सूचना दी थी जबकि थाने पर 63 हजार रुपये की तहरीर दी है।

एसएसपी ने संभाला चार्ज, गिरिराज जी का लिया आशीर्वाद

- नवागत कप्तान शैलेंद्र पांडेय ने दानघाटी पहुंचकर की पूजा अर्चना

भास्कर ब्यूरो

मथुरा। नवागत एसएसपी शैलेंद्र पांडेय ने जिले का चार्ज संभाल लिया है। जिसके बाद वह सीधे गोवर्धन पहुंचे, जहां दानघाटी मंदिर पहुंचकर गिरिराज जी महाराज की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। शुक्रवार को एसएसपी शैलेंद्र पांडेय ने मथुरा पहुंचकर विधिवत रूप से अपना चार्ज संभाल लिया है। उनके कार्यकाल के दौरान सब कुछ ठीक रहे। कम से कम अपराध हो। इस मन्नत के साथ वह चार्ज संभालने के साथ ही गोवर्धन के दानघाटी मंदिर पहुंचे। जहां पर गिरिराज महाराज की पूजा-अर्चना की। साथ ही गिरिराज महाराज को दंडवत प्रणाम किया। जिसके बाद नवागत कप्तान ने गिरिराज महाराज की सात कोस की परिक्रमा लगाई। गोवर्धन के साथ जिले भर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अधीनिस्थों के साथ चर्चा की। पूजा अर्चना के बाद एसएसपी वृंदावन ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन करने के लिए निकल गए। बताते चले

कि एसएसपी शैलेंद्र पांडेय पूर्व में मथुरा में एसपी सिटी के रूप में तैनात रह चुके हैं। इसलिए माना जा रहा है कि वह जिले की भौगोलिक स्थिति से अवगत हैं। जिले में कानून व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में भी उनकी अहम भूमिका रहेगी। गोवर्धन गिरिराज महाराज की पूजा-अर्चना के दौरान गोवर्धन सीओ राम मोहन शर्मा, थाना प्रभारी नितिन कसाना, क्राइम निरीक्षक देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

निगम का फैसला, होलीगेट पर बंद होंगी निजी पार्किंग

- जुबली पार्क मल्टी लेवल पार्किंग योजना को सफल बनाने में जुटे निगम अधिकारी
- 20 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुई है मल्टी लेवल पार्किंग

चंद्रशेखर दीक्षित

मथुराः होली गेट के आसपास की निजी पार्किंग को बंद कराया जाएगा। इसको लेकर नगर निगम अधिकारियों द्वारा मन बना लिया गया है। इतना नहीं किसी ने निजी पार्किंग को बदस्तूर जारी रखा तो उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा। अभी होलीगेट पर चल रही दोनों बड़ी पार्किंग स्वामियों को नोटिस भी जारी कर दिया गया है। दरअसल, नगर निगम की ओर से बीस करोड़ रुपये खर्च करके जुबली पार्क के पास मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण कराया गया है। निजी पार्किंग होली गेट के आसपास होने की वजह से वाहन स्वामी मल्टी लेवल पार्किंग में अपने वाहन खड़े करने नहीं पहुंच रहे हैं। इससे नगर निगम का प्रोजेक्ट खटाई में पड़ता दिखाई दे रहा है। जबकि मल्टी लेवल पार्किंग को एक वर्ष के लिए करीब 35 लाख रुपये में नगर निगम ने ठेके पर उठाया है। वहीं निजी पार्किंग स्वामी साल में बीस-बीस हजार रुपये बतौर फीस जमा कर रहे हैं। मल्टी लेवल पार्किंग का प्रोजेक्ट असफल हो। उससे पहले नगर निगम अधिकारियों ने पूरी तरह से मन बना लिया है कि होली गेट के आसपास जहां भी निजी पार्किंग है, वहां पर होमगार्ड खड़ा कर दिया जाएगा। लोगों को बताया जाएगा कि उन्हें मल्टी लेवल पार्किंग में अपनी-अपनी गाड़ी खड़ी करनी हैं। **विकास मार्केट से भी बंद हुई पार्किंग** अभी तक कुछ वाहन स्वामी विकास मार्केट में अपनी गाड़ियों को खड़ा कर दिया करते थे, लेकिन अब विकास मार्केट से भी पार्किंग को पूरी तरह से बंद करा दिया गया है।

अगर कोई दुकान स्वामी अपनी गाड़ी वहां पर खड़ा करना चाहता है तो उसे भी कम से कम एक हजार रुपये माह का पास बनवाना पड़ेगा। उसी स्थिति में वह अपनी गाड़ी को विकास मार्केट पर खड़ा कर सकता है। इसके लिए भी नगर निगम की टीम लगातार निरीक्षण करने का काम करेंगी। एक दुकानदार दो गाड़ी खड़ी करेगा तो उसे दोनों गाड़ियों के लिए एक-एक हजार की रसीद कटवानी होगी। जिस नंबर की गाड़ी की रसीद कटेगी। उसी गाड़ी को विकास मार्केट में खड़ा किया जा सकेगा। वाहर के वाहन स्वामी अपनी गाड़ियों को खड़ा न कर सके। इसके लिए भी नगर निगम की ओर से होमगार्ड खड़े कराए जाएंगे।

निगम ने फैसला लिया है कि होली गेट के आसपास किसी भी पार्किंग स्वामी को पार्किंग का लाइसेंस नहीं दिया जाएगा। सभी वाहन स्वामी मल्टी लेवल पार्किंग में ही अपने वाहनों को खड़ा करें।

--राजकुमार मित्तल, सहायक नगर आयुक्त

सफाईकर्मियों ने ठेकेदार पर लगाया पीएफ हड़पने का आरोप

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, पीएफ का पैसा दिलाने की मांग की

मथुरा। ठेकेदार पर पीएफ का पैसा हडपने का आरोप लगाते हुए छाया नगर पंचायत में काम कर रहे करीब तीन दर्जन सफाईकर्मियों ने ठेकेदार पर कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए पीएफ की धरनाशि उन्हें दिलाए जाने संबंधी ज्ञापन एसडीएम छाता को सौंपा है। छाता नगर पंचायत के सफाई कर्मियों के द्वारा उप जिलाधिकारी श्वेता सिंह को प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें उन्होंने पीएफ बीमा आदि का पैसा ठेकेदार के द्वारा हडपे जाने की शिकायत की है। आरोप है कि सफाईकर्मियों के द्वारा अपने सम्बंधित आला अधिकारियों को भी समस्या से अवगत कराया परंतु उनके द्वारा इस संबंध में कोई भी करवाई नही की जा रही। इसी को लेकर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की मांग की है। सफाई कर्मियों ने बताया कि यदि उनका पीएफ का पैसा नही दिया गया तो नगर पंचायत छाता कार्यालय पर हड़ताल करेंगे इस दौरान पौहप सिंह, हितेष कुमार, प्रमोद कुमार, टीम सिंह, परसोती, मनोज, सुभाष, रवि, भरतपाल, परषोत्तम, प्रेमवती, संजू, विष्णु, नवीन, शकुंतला, सीमा, कमलेश, ज्योति, डॉली, मंजू, जितेन्द्र, लखन, रीना, सुनील, भगवान सिंह, योगेश, नरायण, सोनू, अनिकेत आदि मौजूद रहे।

कूड़ा जलाने पर दुकानदार पर ठोका पांच हजार का जुर्माना

- टीटीजेड क्षेत्र में कूड़ा जलाने पर एनजीटी ने लगा रखी है रोक
- नगर निगम ने शुरू की कार्यवाही, लगातार चलेगा अभियान

मथुरा। नगर निगम क्षेत्र में कूडे को आग लगाई तो खैर नहीं है। क्षेत्र में नगर निगम की टीमें घूम रही हैं। पकडे जाने पर मोटा जुमार्ना भरना पड सकता है। नगर निगम की टीम ने टाउनशिप चैराहे के पास एक दुकानदार को खुले में कूडा जलाते हुए पकड लिया। कूडा जलाने के आरोपी के विरूद्ध पांच हजार का जुमार्ना लगाया गया है। एनजीटी एवं टीटीजेड के अन्तर्गत नगर निगम मथुरा वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत आग लगाया जाना एवं कूडा जलाया जाना पूर्णतः प्रतिबन्धित है। जिसके सम्बन्ध में नगर निगम मथुरा वृन्दावन लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत आग लगाना एवं कूडा न जलाया जाये, अन्यथा की स्थिति में जुमार्ने की कार्यवाही की जायेगी। इसके उपरान्त भी लोगों द्वारा कूडा एकत्र कर कूडे में आग लगा दी जाती है। इसी के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा अब ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जुर्मान की कार्यवाही किया जाना प्रारम्भ कर दिया गया है। शुक्रवार को टाउनशिप चैराहे के पास कूड़ जलता हुआ पाया गया, जिस पर कूडा जलाने वाले व्यक्ति सलमान खान का 5000 का जुमार्ना वसूल किया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि पुनः कूडा जलाने पर जुमार्ने के साथ साथ विधिक कार्यवाही की जायेगी।

एचडीएफसी बैंक के शिविर में लोगों ने किया रक्तदान

भास्कर ब्यूरो

कोसीकलां। एचडीएफसी बैंक ने परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में रक्तदाताओं में काफी उत्साह दिखा। शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्यातिथि भाजपा नेता नरदेव चौधरी ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि सभी को वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचता, बल्कि किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि बैंक शाखा ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। इस मौके पर भाजपा नेता नरदेव चौधरी ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बैंक प्रबंधक ने बताया कि एचडीएफसी बैंक हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। उन्होंने बैंक के कर्मचारी व ग्राहकों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

चुनाव में सक्रिय भागीदारी करें महिलाएं

- महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के इंतजामों को लेकर चिंतित दिखाई दी नारी शक्ति

मथुरा वृंदावन नगर निगम चुनाव

डॉ.श्रुति अग्रवाल



गृहणी मीना शर्मा



समाज सेविका प्रतिभा शर्मा एडवोकेट



इनरव्हील क्लब की सचिव सुलेखा बंसल

भास्कर ब्यूरो

वृंदावन । चुनावी सरगर्मियां अपनी चरम सीमा पर है । नगर निगम चुनाव को लेकर बिगुल बज चुका है । लेकिन आधी आबादी खुद की तथा बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। महिलाएं चाहती हैं कि उनका वोट उस प्रत्याशी का समर्थन करे जो महिला सुरक्षा और हित को लेकर संवेदनशील हो। इस बारे में समाज सेविका प्रतिभा शर्मा एडवोकेट ने बताया कि आगामी चुनाव में नारी शक्ति आगे आकर अपना कर्तव्य निभाए। चुनाव में महिलाओं की सुरक्षा ही बडा मुद्दा बनना चाहिए । महिलाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी कर बेटी और महिलाओं के प्रति कार्य करने चाहिए। ताकि भविष्य में किसी अन्य आयुषी और श्रद्धा के साथ कोई अपराध न हो सके। इनरव्हील क्लब की सचिव सुलेखा बंसल ने कहा कि आगामी चुनावों में नारी शक्ति को आगे बढ़कर पुरुषों को टक्कर देनी चाहिए और महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। ताकि महिलाओं का पक्ष बेहतर तरीके से रखा जा सके। डॉ.श्रुति अग्रवाल ने कहा कि तमाम स्वतंत्रता और आधुनिक परिवेश के बावजूद महिलाएं आज भी खुद का निर्णय लेने में स्वयं को अक्षम महसूस करती हैं। सत्ता पर कमजोर पकड़ उनके हित के साथ खिलवाड़ करती है। महिला वोट से चुने गए प्रत्याशी सही तरीके से महिलाओ की आवाज मुखर नहीं कर पाते हैं। इसके लिए महिलाओं को चुनावी रण में उतरना होगा। गृहणी मीना शर्मा ने बताया कि घरेलू परिस्थितियों को पुरुष के बजाय एक महिला आसानी से समझ सकती है। इसलिए नारी शक्ति को लोकतंत्र के पर्व में आगे आकर चुनावी रण में अपनी चुनौती पेश करनी चाहिए। सक्षम महिलाओं को आगे आना चाहिए। ताकि महिलाओं की आवाज को एक पटल मिल सके।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी हॉलिस्टिक डेवलपमेंट की बात की गई है . तो इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र छात्राओ का व्यक्तित्व विकास होता है इस तरह की कार्यक्रम होना बहुत जरूरी है।

बिना रजिस्ट्रेशन के खुलेआम चल रहीं ट्रैवल एजेंसी, आरटीओ विभाग बेखबर

भास्कर ब्यूरो

बकेवर/इटावा। परिवहन विभाग की अनदेखी के चलते एक दर्जन से अधिक ट्रैवलिंग एजेंसी बिना रजिस्ट्रेशन के खुलेआम चल रहीं हैं जिससे वह प्रतिमाह लाखों रुपए का चूना सरकार को लगा रही हैं। आरटीओ विभाग के अधिकारी बेखबर हैं।

जानकारी के अनुसार नगर बकेवर में महेवा इस समय दिल्ली जयपुर अहमदाबाद आगरा आदि स्थानों को सफर करने के लिए एक दर्जन से अधिक ट्रैवल एजेंसी से स्लीपर कोच परिजन यात्रियों को लेकर जा रहे हैं ।जबकि इस ट्रेवल एजेंसियों का किसी भी प्रकार का रजिस्ट्रेशन नहीं है ।वही वियालिश सीटों में पास है ।और अस्सी से सौ सवारी भरते नजर आते है ।सवारियों के साथ खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं ।वही शाम ढलते ही यह एजेंसी के एजेंट किस तरह टिकट काटकर यात्रियों से पैसे वसूल करके उनको हाथों से टिकट थमा कर सीटों पर बैठाकर अवैध बसों की लाइन लग जाती है जिसमें जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। वही बकेवर चौराहे पर चारों रोडो पर ट्रेवल्स एजेंसी खुली हुई हैं। जिससे शाम को आठ बजे के बाद चौराया बसों से पट जाता है और एजेंसी संचालक तरह-तरह के प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसा कर अपनी एजेंसी पर लाकर पैसा लेकर स्लीपर कोच में बैठाकर रबाना कर देते हैं ।कभी-कभी इन बसों में जाने वाले यात्रियों को बसों पर चलने वाले हेल्पर चेकिंग होने पर बीच रास्ते में उतर जाते हैं जिसमें कई बार महिला यात्रियों ने अपने दुख दर्द की कहानी पुलिस को आप बीती बताई लेकिन थाना पुलिस महीना बंदी के चलते खामोश बनी रहती है। बेचारे यात्री विवश होकर अपने घर चले जाते हैं। हैरत की बात तो यह है कि जो ट्रैवल्स एजेंसी महेवा बकेवर में चल रही हैं उनको लगातार बीच में अभी कुछ दिन पहले अंदर आने से मना कर दिया गया था। तो ट्रैवल्स एजेंसी के संचालको ने दबी आवाज में बताया कि पुलिस की महीना बंदी दोगुनी कर दी गई है। जिससे अंदर फिर आने लगी हैं कस्बा बकेवर महेवा में खुलेआम आरटीओ इटावा को लाखों रुपए महीने का चूना लगाकर अपनी जेबें भर रहे हैं ।वहीं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को क्या पता नहीं कि आखिरकार यह खेल कौन खेल रहा है। संभ्रांत लोगों ने कस्बा में अवैध रूप से चल रही ट्रैवल एजेंसी में बंद करवाने की मांग जिला प्रशासन से की है और आज दिन तक ट्रेवल्स एजेंसियों पर लगातार शराब पीकर झगड़ा फसाद होते नजर आ रहे हैं वहीं लंबी कमाई करके फिर ट्रेवल्स एजेंसी संचालक दारू पीकर उपद्रव मचाते हुए नजर आते हैं लगातार क्षेत्र की जनता ने बार-बार पुलिस प्रशासन और आरटीओ विभाग से मांग कर रही है फिर भी जूं तक नहीं रेंग रही है ।वही एक ईमानदार जिला अधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की इस डग्गा मारी पर अंकुश लगाया जाये।

केएल चौधरी ने रचा इतिहास

आगरा। कन्हैयालाल उर्फ केएल चौधरी ने क्रिकेट मैच में बेहतरीन प्रदर्शन कर ब्रज का नाम रोशन किया और देहरादून में जीत का परचम लहराया है। देहरादून में ऑल स्टार क्रिकेट लीग द्वारा अंडर 16 क्रिकेट मैच हुआ, जिसमें केएल चौधरी बतौर टीम कप्तानी करते हुए 65 गेंदों में आतिशीपारी 94 रन,व 3 विकेट भी झटके नावाद पारी खेल कर मैन ऑफ द मैच,/ बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरीज,बेस्ट बेट्स मेन ऑफ द सीरीज रहा। जिसके लिए उसको 3 ट्रॉफी देकर क्रिकेट लीग द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान आगरा में रठ मेडिकल कॉलेज में कार्यरत धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि ब्रज में खिलाड़ियों की कमी नही है। सरकार खिलाड़ियों का ध्यान रख रही हैं।

युवा महोत्सव छात्रों का महोत्सव है : कुलपति

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी तीन दिवसीय रंगा-रंग युवा महोत्सव 2022 का आगाज हो गया है। महोत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ। जिसको ललित कला संस्थान के शिक्षक पंडित देवाशीष गांगुली तथा छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किया। प्रोफेसर मोहम्मद अरशद द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कहा की इस तरह के कार्यक्रम से छात्र छात्राओ के सम्पूर्ण विकास में मदद मिलती है एवं उनकी छिपी हुई क्षमता सामने आती जिससे उनका व्यक्तित्व निखरता है। प्रति कुलपति प्रो. अजय तनेजा द्वारा सभी को बधाई देते हुए कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी हॉलिस्टिक डेवलपमेंट की बात की गई है. तो इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र छात्राओ का व्यक्तित्व विकास होता है इस तरह की कार्यक्रम होना बहुत जरूरी है। प्रो. सुगम आनंद ने कहा की विश्वविद्यालय का यह उत्सव वर्षों से होता रहा है और यहाँ मैंने एक से एक प्रतिभा को निकलते हुए देखा है। अध्ययन और ज्ञानार्जन के अतिरिक्त जितनी भी योग्यता, विशेषता एक विद्यार्थी में होती वह उभरकर इन प्रतियोगिताओं में सामने आती है. निश्चय ही हमारे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का एक अभिन्न अंग है। अध्यक्षीय भाषण करते हुऐ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० आशु रानी ने कहा कि युवा महोत्सव छात्रों का महोत्सव है सभी छात्रों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। विश्वविद्यालय के हर काम में आप आगे आइए आप आगे बढ़े समितियों में रहिए। विश्वविद्यालय का कोई भी कार्यक्रम हो छात्रों की काम करने में सहभागिता जरुर होनी चाहिए. विश्वविद्यालय में हमको छात्रों की हर खूबी को और उसके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को आगे लेकर आना है, साथ ही उन्होंने कहा की आप हम जब मिलकर साथ कोई भी कार्य करेंगे तो किसी भी परिस्थिति में हम अपने आगरा विश्वविद्यालय को ऊंचा ले जाएंगे।

मनमानी : फाउंड्री नगर में हर्ष फायरिंग के बाद हुई मारपीट

आगरा। रिसेप्शन समारोह में हर्ष फायरिंग और डीजे बजाने को लेकर मारपीट हो गई। हर्ष फायरिंग के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। मारपीट करने पर थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर लिया है। एत्माद्दौला के विद्यापुरम निवासी अनिल शर्मा के बेटे ब्रजेश शर्मा की शादी का रिसेप्शन 30 नवंबर को था। रिसेप्शन में सिक्योरिटी एजेंसी में काम करने वाले दूल्हे के दोस्त भी पहुंचे थे। बताया गया है कि इन लोगों ने मैरिज होम के बाहर अपनी लाइसेंसी राइफल से हर्ष फायरिंग की। इसके वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। वीडियो में एक व्यक्ति फायरिंग करते दिख रहा है। उसके आसपास बड़ी संख्या में अन्य लोग खड़े हैं। किसी ने हर्ष फायरिंग का वीडियो बना लिया। आरोप है कि हर्ष फायरिंग करने वाले लोग नशे में थे। रिसेप्शन में डीजे बज रहा था। रात 11 बजे करीब डीजे बंद हो गया। इन लोगों ने डीजे बजाने का दवाब बनाया। डीजे वाले ने जब मना किया तो ये लोग हंगामा करने लगे। वहां मौजूद लोगों ने इनका विरोध किया। इस पर हंगामा और हर्ष फायरिंग करने वालों ने मारपीट शुरू कर दी।

सार सुर्खियां

ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात अनशन शुरू

टूंडला। नगर पालिका परिषद टूंडला में कर्मचारियों के विभिन्न देयों में ठेकेदार एवं पालिका द्वारा भारी घोटाला कर लाखों रुपए हड़प लिए जिसे लेकर पालिका परिषद गेट पर स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ द्वारा क्रमिक अनशन 16 सूत्री मांगों को लेकर शुरू कर दिया और मांग की गई है कि कर्मचारियों का हड़पा धन वापस कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। क्रमिक अनशन पर बैठे महासंघ के अध्यक्ष नेत्रपाल ने बताया कि ओम कंस्ट्रक्शन पंजीकृत ठेकेदार एवं सिंह ग्रुप पंजीकृत ठेकेदार हैं जिन्होंने नगर पालिका परिषद टूंडला के ठेका श्रमिकों वाहन चालक मिस्त्री हेल्पर टेक्नीशियन कंप्यूटर ऑपरेटर ट्यूबवेल ऑपरेटरो का खाता आर्यावर्त बैंक टूंडला में कर्मचारियों के खातों में कम रुपया जमा कर शेष वेतन को हड़प लिया है जो लाखों में बैठता है पालिका के कर्मचारी अशोक कुमार द्वारा कार्यालय से ग्रह कर एवं जलकर वसूली की एमएसी 5 की 8 रसीद बुक गुम बताकर उन रसीदों की धनराशि हड़प ली। लेकिन पालिका प्रशासन अभी तक उसे बचाए हुए है उसकी जांच वसूली कर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए ओम कंस्ट्रक्शन पंजीकृत ठेकेदार को वर्ष 2018 से अक्टूबर 2018 3 माह ई पीएफ ईएसआई का भुगतान तथा 1 अगस्त 2018 से ठेकेदार द्वारा कम धन जमा कराने की जांच की मांग की गई ट्यूबवेल ऑपरेटरो का 18 माह का रोका ईपीएफ एवं ईएसआई का रुपया कर्मचारियों के खाते में जमा कराया जाए इसी तरह ट्यूबेल आपरेटर ठेका श्रमिकों कंप्यूटर ऑपरेटरों ड्राइवर मिस्त्री हेल्पर टेक्नीशियन आदि का धन भी उनके खाते में जमा कराया जाए महासंघ ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त 16 सूत्री मांगों की जांच कराकर कार्रवाई की जाए।

श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

फिरोजाबाद। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्व. वेदवीर जी मंडल उपाध्यक्ष आगरा मंडल को श्रद्धांजलि दी गयी। व पाढ़म अग्निकांड में हताहत हुई 6 मासूम जिंदगियों को श्रंदांजली दी गयी। पुष्पेन्द्र कुमार एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा कहा गया कि पाढ़म अग्निकांड अग्निशमन विभाग के फेलियर का नतीजा है। समय से दमकल की गाड़ियां पहुच जाती तो ये जाने भी बचाई जा सकती थी। इस लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक झपारा पर अग्निशमन के नाम पर जमीन पर फायर स्टेशन बनाने की मांग करती है। जिससे जसराना तहसील को सहूलियत मिल सके। मिनटों में फायर की गाड़ियां आग लगने पर तुरन्त उस स्थान पर पहुच सके जहा आग लगी हो। यदि शासन प्रशासन फायर स्टेशन नही बनाता है तो जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जल्द ही जिलाधिकारी महोदय और अन्य अग्निशमन के अधिकारियों से मिलकर इस संदर्भ में बातचीत की जाएगी। श्रद्धांजलि सभा मे उपस्तिथ रहे। मोहित यादव, अभय , राजेन्द्र राठोर, अंकुर सिंह, अविनाश सिंह, ब्रजकांत, अंकुर यादव, सोमेश, विमल, मोहित, रणजीत, पंकज, सोनू, रामू चौहान, शिवराम, सोनू,आसिफ, शहीद अली आदि पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित

सिरसागंज। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसागंज में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के संदर्भ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर कांति शर्मा ने की एवं मुख्य अतिथि नगर सिरसागंज के उप जिलाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार नवीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में उप जिलाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष पूरा करने वाली छात्राएं मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवा सकती हैं। दिनांक 8 नवंबर से दिनांक 9 दिसंबर तक मतदाता सूची का पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इस अवधि में वह फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकती हैं ताकि उनका मतदाता सूची में नाम शामिल हो सके। इसके अलावा उन्होंने फॉर्म 7 तथा फॉर्म 8 के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कांति शर्मा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। मतदान प्रक्रिया के बारे में उन्होंने विस्तार से समझाया। समारोह का कुशल संचालन समरोहक डॉ. आशुतोष कुमार राय ने किया। इस अवसर पर डॉ. राधेश्याम सिंह, डॉ. सुरेश चंद्र, डॉ. सोनल भार्गव, डॉ. अभिषेक प्रकाश, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. एकता श्रीवास्तव ने उपस्थित रहकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

निदेशक प्रधानाचार्य डॉ. आनंद ने विजेताओं को किया सम्मानित

भास्कर ब्यूरो

इटावा। संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक एथलेटिक्स मीट का आयोजन सम्पन्न हुआ। दो दिनों तक चलें आयोजन में छात्र छात्राओं ने खेल कौशल व टीमवर्क के गुणों का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। मीट में 50 मीटर बालिका वर्ग रेस में दिव्या यादव ने प्रथम, अनुष्का ने द्वितीय, आराध्या ने तृतीय, 80 मीटर में सुनैना ने प्रथम, आराध्या वर्मा ने द्वितीय व दीपिका यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर बालक रेस में हर्ष यादव ने प्रथम, देव प्रताप ने द्वितीय, अभय सिंह ने तृतीय, 80 मीटर बालक प्रतियोगिता में कार्तिक कुमार ने प्रथम, नितिन कुमार ने द्वितीय, लव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर रेस में सौरभ यादव ने प्रथम, पीयूष यादव ने द्वितीय, कृष्णा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉल थ्रो में विकास यादव प्रथम, विजय कुमार द्वितीय, देव भरत तृतीय स्थान पर रहे। बॉल थ्रो गर्ल्स में अदिति ने प्रथम, आराध्या ने द्वितीय, वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिले रेस में ब्लू हाउस ने प्रथम, येलो हाउस ने द्वितीय स्थान व ग्रीन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिले रेस बालक में येलो हाउस में प्रथम, ब्लू हाउस ने द्वितीय स्थान व रेड हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के भी विजेता छात्र-छात्राओं को निदेशक प्रधानाचार्य डॉ. आनंद ने सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अमृत सिंह व शिक्षक व परीक्षा प्रभारी हरगोविंद पाठक, विद्यालय के पीटीआई नवेंद्रु त्रिपाठी, गोविंद सिंह, अमित बालियान, महेंद्र, पुष्पेंद्र सेंगर, श्याम गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, आनंद केशव, अर्चना गुप्ता, अनुराग शुक्ला आदि मौजूद रहे।

विवि की परीक्षाएं फरवरी में कराने के प्रयास

भास्कर ब्यूरो

आगरा। डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय अगले साल फरवरी में परीक्षाएं कराने की योजना बना रहा है। परीक्षा का प्रारूप परीक्षा समिति की बैठक में निर्धारित हो चुका है, लेकिन परीक्षा केंद्रों को लेकर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। पिछले कई सालों से परीक्षा केंद्र निर्धारण को लेकर समस्याएं और शिकायतें रही हैं। पिछले दो सालों से केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य करने के बाद भी विवि इस नियम को सख्ती से लागू नहीं करा पाया। प्रो. विनय कुमार पाठक पर भी परीक्षा केंद्र निर्धारण में किए गए खेल के आरोप लगे हैं। उनके करीबियों ने कालेजों से खुल कर वसूली की, जिसकी शिकायत एसटीएफ के पास पहुंच चुकी है। विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों की संख्या 650 हैं, जिसमें से लगभग 27 कालेज अनुदानित व सरकारी हैं। परीक्षाओं में यह 27 कालेज तो परीक्षा केंद्र बनते ही हैं, इसके अलावा लगभग 350 कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया जाता है।

ताज देखकर बोले शशि थरूर- 'वाह ताज'

- डेढ़ घंटा गुजारा ताज परिसर में, पर्यटकों से मिले
- पर्यटकों में राज नेता के साथ सेल्फी लेने की होड़

आगरा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सांसद शशि थरूर ने ताजमहल का दीदार किया तो वे इसकी सुंदरता पर मुग्ध हो गए। वह ताज परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक भ्रमण करते रहे। ताज की खूबसूरती के दीवाने हुए शशि थरूर ने यहां के इतिहास और पच्चीकारी की जमकर तारीफ की। शशि थरूर कल शाम को ताजमहल पहुंचे। उन्होंने घूम-घूमकर ताज को कई दिशाओं से देखा। गाइड ने उन्हें यहां के इतिहास और स्मारक की निर्माण कला के बारे में बताया तो उन्होंने ताज की सुंदरता की तारीफ की। पर्यटकों ने ताजमहल और शशि थरूर के साथ सेल्फी ली। शशि थरूर भी एक-एक कर पर्यटकों साथ सेल्फी देने से नहीं कतराए। मुस्कराते हुए उनके साथ खड़े होकर फोटो खीचवाई। जब वह ताजमहल परिसर से बाहर निकले तो मीडिया के लोगों ने उनसे सवाल पूछे। लेकिन, उन्होंने मीडिया से बातचीत करने से इंकार कर दिया। गाइड से बातचीत में शशि थरूर ने ताजमहल की पच्चीकारी की तारीफ की। बता दें कि शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से लोकसभा सांसद हैं। वे अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं। वह केंद्र सरकार में विदेश मंत्रालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के राज्यमंत्री रह चुके हैं। गत अक्टूबर में हुए ऑल इंडिया नेशनल कांग्रेस के प्रेसिडेंट चुनाव की दौड़ में वह शामिल हुए थे। उनके सामने मल्लिकार्जुन खड़गे थे। कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव का रिजल्ट आया तो शशि थरूर हार गए। उन्हें 1072 वोट जबकि मल्लिकार्जुन खड़गे को 7897 वोट मिले थे।

डीएम ने किया स्मारक का भ्रमण, दिए निर्देश

आगरा। जी-20 की मेजबानी के मद्देनजर जिलाधिकारी नवनीत चहल ने फतेहपुर सीकरी स्मारक का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सीकरी स्मारकों में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन कराया जाएगा। जी-20 की मेजबानी भारत को मिलने पर अगले साल विदेशी प्रतिनिधि मंडलों के आगरा में आने की संभावना के मद्देनजर जिलाधिकारी नवनीत चहल ने फतेहपुर सीकरी स्मारक का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सीकरी स्मारक में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन कराया जाएगा। 100 मीटर के दायरे में व्यावसायिक गतिविधियां बंद होंगी। निरीक्षण के दौरान कई स्मारकों के गुंबदों पर लगी काई को साफ करने के निर्देश दिए। जोधाबाई पैलेस में लगी एएसआई की बुक स्टॉल पर बिजली न होने पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस स्टॉल पर विभाग की ओर से प्रकाशित आगरा के स्मारकों की पुस्तकों का ज्यादा प्रदर्शन किया जाए।

एत्मादपुर ब्लॉक प्रमुख ने की जनसुनवाई

भास्कर ब्यूरो

आगरा। ब्लॉक एत्मादपुर ब्लॉक प्रमुख इति सिंह पति अवधेश कुमार उर्फ रामू ने ब्लॉक एत्मादपुर कार्यालय जनसुनवाई की जिसमें विकासखंड एत्मादपुर की 47 ग्राम पंचायतों से लोग आए और अपनी अपनी समस्या ब्लाक प्रमुख पति अवधेश कुमार के समक्ष रखी ब्लॉक प्रमुख इति सिंह पति अवधेश कुमार उर्फ रामू ने बताया जनसुनवाई कार्यक्रम में लगभग 30 शिकायतें आई जिसमें 5 से 10 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया अन्य समस्याओं के लिए उच्च अधिकारी एवं जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया गया वही ब्लाक प्रमुख पति अवधेश कुमार द्वारा बताया गया 21 महीनों का विकास कार्य लगभग 60 वार्डों में आरसीसी और पानी के लिए समरसेबल की व्यवस्था कर दी रही है आगे के कार्य की रूपरेखा समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठकर तैयार कर ली गई है।

नकली पुलिस के साथ आये पिता ने बच्चे का किया अपहरण

पिनाहट। थाना पिढौरा क्षेत्र स्थित गोपालपुरा पर स्कूल वैन द्वारा स्कूल पढने जा रहे 4 वर्षीय बच्चे को स्विफ्ट कार पिता व नकली सीओ समेत अन्य अज्ञात लोग अपहरण कर लिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पिनाहट पुलिस ने घेराबंदी कर फर्जी पुलिस की बर्नी पहने सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर।पुलिस ने तत्परता बरतते हुऐ शिकोहाबाद के रेलवे स्टेशन से बच्चे को भी बरामद कर लिया। थाना पिढौरा के गांव गुही रामपुर निवासी विनीता देवी पुत्री रामचंद्र की शादी 2017 में आगरा के गांव बरारा हाल निवासी सिकंदरा नारायण विहार सौरभ के साथ हुई थी। विनीता के एक 4 वर्षीय पुत्र रिदान है। 2020 में से पति से विवाद के चलते विनीता पति से दूर होकर बच्चे के साथ अपने मायके गुही रामपुर में रह रही थी। पति पत्नी के विवाद का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। रिदान शांति निकेतन पब्लिक स्कूल गोपालपुरा में पढ़ के लिये स्कूल वैन द्वारा शुक्रवार को सुबह करीब आठ बजे स्कूल के लिए जा रहा था। तभी स्विफ्ट कार एवं स्विफ्ट डिजायर दो कारों में सवार होकर अज्ञात पांच लोग आए जिसमें एक व्यक्ति फर्जी पुलिस सीओ की वर्दी पहने हुए था। उक्त लोगों ने जबरन स्कूली वैन से बच्चे रिदान को खींच कर अपहरण कर अपनी स्विफ्ट कार में लेकर भाग गए। स्कूल वैन चालक एवं ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। अपहरण की सूचना पर पहुंची पीआरबी 0047 के कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से घेराबंदी कर सीओ की फर्जी वर्दी में एक व्यक्ति सहित बच्चे के पिता को स्विफ्ट डिजायर गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाने लेकर पहुंची और पूछताछ की गई है। सक्रिय पुलिस की मदद से दो व्यक्ति गिरफ्तार हुए हैं।

एडीएम के निर्देश, ठंड से कोई मरने न पाए

इटावा। वर्ष 2022-23 में शीतलहरी, ठण्ड, पाला के दौरान निराश्रित, असहाय, कमजोर, गरीब व्यक्तियों, परिवारों को राहत पहुँचाने हेतु अपर जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत को समस्त तहसीलों एवं नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्रों में अलाव जलाने हेतु स्थान चिन्हित करते हुए सूची उपलब्ध कराने तथा रैन बसेरों, आश्रयगृहों में व्यक्तियों के ठहरने के लिये समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए सुचारू रूप से संचालित कराने तथा नोडल अधिकारी नामित व केयर टेकर नामित करने के निर्देश दिये। उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को रात्रि में भ्रमण कर सड़क के किनारे सो रहे व्यक्तियों को चिन्हित कर कम्बल वितरित कराये जाने तथा रैन बसेरों में पहुँचाने हेतु निर्देशित किया गया।

मुख्य बाजार में लगने वाले जाम से लोग परेशान

इटावा। फुटपाथ को घेरे दुकानदार, रोड के बीचों बीच खड़ी बाइकें, ये नजारा शहर के मुख्य बाजार पक्की सराय का है, जाम में फसकर लोग परेशान हो रहे हैं। इस बाजार में सर्वाधिक महिलाओं का आवागमन रहता हैं, भीड़ का फायदा उठा कर बहुत से मनचले तत्व महिलाओं के साथ अभद्रता भी करते रहते हैं, पर नगरपालिका हो चाहे पुलिस प्रशासन जिम्मेदारी एक दूसरे पर डालते रहते हैं, बहुत सी भले घर की महिलाओं नें इस बाजार में आना भी बन्द कर दिया है, लेकिन दुकनदार समझनें को तैय्यार नहीं है, व्यापारी कहते हैं बगल वाले ने आगे बढा रखी है, हमारा आगे बढा कर लगाना मजबूरी है, ग्राहक नहीं आयेगा। इतना ही नही जब नगर पालिका परिषद ने जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क के बीच मे जो डिबाइडर लगवाए थे वो दुकानदारों और जनता को रास नहीं आये और धीरे धीरे उन डिबाइडरों को तोड़कर हटा दिया गया। जब डिबाइडर से दिक्कत थी तो सड़क के बीच बाइकें खड़ी होने से और भी ज्यादा दिक्कत हो रही है। जनप्रतिनिधियों की बड़ी गाड़िया भी अक्सर यहां फसतीं है, पर सबको रोज रोज होने वाले चुनाव का भय रहता है, सख्ती करवाई तो कहीं वोट न कट जाये।

पटेल नगर की गली निर्माण न होने से लोग हो रहे परेशान

भास्कर ब्यूरो

बकेवर/इटावा। पिछले कई वर्षों से गली का सही निर्माण न होने की वजह से वार्ड स्थित पटेल नगर के लोगों को परेशानी झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए गली को खुदा तो गया लेकिन पिछले कई वर्षों से गली के निर्माण को उसी स्थिति में छोड़ दिया गया है। बरसात के दिनों में तो गली तालाब बन जाती है। गली से वाहनों के आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों ने नगर पंचायत से गली का जल्द से जल्द निर्माण करवाने की मांग की है। कॉलोनी निवासी बृजेश शर्मा का कहना है कि यहां पिछले कई वर्षों से गलियां ऊबडखावड स्थिति में हैं। कई बार प्रशासन द्वारा भरोसा दिलाया गया कि गलियों का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी गलियों का निर्माण नहीं हुआ। इस बारे में नपा अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। कॉलोनी निवासी नीरज शर्मा का कहना है कि गली निर्माण नहीं होने के कारण उन्हें कॉलोनी छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा। ध्वस्त होती दिखती गलियां होने की वजह से आए दिन कोई न कोई नई समस्या उनके सामने खड़ी हो जाती है। नपा द्वारा जल्द से जल्द गलियों को पुनर्निर्माण कराना चाहिए ताकि इस समस्या से निजात पा सके।

नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान

इटावा। शासन के निर्देश पर आज दूसरे दिन भी स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के आजादी 75 वां अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रतिबृद्ध 75 जनपद 75 घण्टे 750 निकाय अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद इटावा द्वारा वृहद स्तर से शादी लाल धर्मशाला के सामने तथा शास्त्री चौराहे के पास नगर पालिका परिषद इटावा की अध्यक्ष नौशाबा खानम के निर्देशन, अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नत्थीलाल कुशवाहा, आनन्द कुमार, सुरेन्द्र सिंह के संयुक्त सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के डीसी हिमांशू यादव, ब्राण्ड एम्बेसडर नगरीय हरीशंकर पटेल के अथक प्रयासो से दूसरे दिन कार्य प्रगति पर हुआ। सेल्फी पाइन्ट को डबलप कराने मे नगर पालिका परिषद इटावा के सफाई नायक रवि प्रकाश, राकेश तथा विशेष योगदान सफाई नायक मुस्ते हसन जो मुस्तेदी के साथ दल बल के साथ जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर लेकर लगे रहे।

जन शिक्षण संस्थान ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

भास्कर ब्यूरो

इटावा। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनपद में प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान ने शहर के ब्रम्हानगर में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक हरि नारायण बाजपेयी ने किया। संस्थान के निदेशक हरि नारायण बाजपेयी ने बताया कि एड्स बीमारी का पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम वायरस है, और इसी के कारण लोग इस बीमारी से संक्रमित होते हैं। यह वायरस शरीर को कमजोर करता है, एक के बाद एक अनेक बीमारियों से ग्रसित होने लगता है। शुरूआती स्टेज में इस बीमारी का इलाज किया जाए तो इस बीमारी से बचा जा सकता है, अंतिम सीढ़ी में इस बीमारी का इलाज नहीं होता है जिसके चलते मरीज अपनी जिंदगी खो सकता है। स्टेट आशा ट्रेनर जय शिव मिश्रा ने कहा जब यह वायरस आपके शरीर में प्रवेश करता है, उसके कुछ ही समय बाद कुछ संकेत देखने को मिलते हैं। शुरूआत में तेज बुखार, शरीर में पसीना आना, थकान, उल्टी, दस्त, शरीर में खुजली जैसे लक्षण संक्रमित व्यक्ति में देखने को मिलते हैं। समय रहते अगर इसका इलाज न करवाए जाए तो यह गंभीर रूप ले लेती है, जिसके चलते लोग जान भी गंवा देते हैं। अनुदेशक संध्या मिश्र ने कहा एचआईवी से संक्रमित होने वाला पीड़ित जीवनभर के लिए इस वायरस से ग्रसित हो जाता है। हालांकि विशेषज्ञों ने एचआईवी से बचने के कुछ उपाय बताएं हैं। वहीं एड्स रोगी के लिए कुछ दवाएं भी हैं, जिसके माध्यम से रोग की जटिलता को कम किया जा सकता है। जागरूकता कार्यक्रम में इन्दु, चंदन, कमल किशोर, सूर्य प्रताप चौधरी, रामकुमार, श्यामू, यश कश्यप, अमन चतुर्वेदी, लकी दीक्षित के साथ लाभार्थी उपस्थित रहे।

पूर्व भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों की किसानों की मांग को लेकर गन्ना मंत्री से बातचीत हुई जिसके बाद गन्ना मंत्री से मिलने भारतीय किसान संघ मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष तेजभान सिंह के साथ 5 किसानों का प्रतिनिधिमंडल मथुरा पहुंचा। गन्ना मंत्री के सामने किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने विस्तार पूर्वक अपनी समस्या बताई और लिखित ज्ञापन भी दिया।

मुरादाबाद ने प्रदेश ही नहीं देश का किया है पूरी दुनिया में नाम रोशनः योगी

चार सौ तीस करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। महानगर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत किया गया। प्रबुद्ध जन सम्मेलन में महापौर विनोद अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री का शहर के प्रबुद्धजनों की ओर से अभिनंदन किया। महापौर ने कहा कि 350वें से मुरादाबाद नगर नगर निगम स्मार्ट सिटी की रैंक में 85वें स्थान पर आ गई है। 36 परियोजनाओं में से 18 पूरी हो चुकी हैं। 350 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है। दो परियोजनाओं एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, ई बाइक शेयरिंग का आप खुद आप लोकार्पित कर रहे हैं।

नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि यह सौभाग्य यह है कि आज शहर के सभी प्रबुद्धजनों को मुख्यमंत्री का सानिध्य मिला है। मुरादाबाद का निर्यात पांच हजार करोड़ रुपये से दस हजार करोड़ रुपये का हो गया है। साथ ही महापौर विनोद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय की मांग रखी। शु वार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे दिल्ली रोड पर सर्किट हाउस के पीछे मैदान में मुख्यमंत्री का हैलीकॉप्टर उतरा। इस दौरान देखो-देखो कौन आया, शेर आया शेर आया के नारे, एक ही नारा, एक ही नाम जय श्री राम भी गूंजा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जिसमें शहर के डॉक्टर, अधिवक्ता, समाज सेवियों को बुलाया गया। प्रबुद्ध सम्मेलन में कुछ प्रबु वर्ग के लोगों को भी बोलने का अवसर मंच से प्रदान किया जाएगा। इस दौरान 423 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के स्टालों का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में कुछ ज्यादा नही कहा उन्होंने मंच पर सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों को बधाई देते हुए। अगले शब्दो मे मुरादाबाद के हस्तशिल्प कारीगरों निर्यातकों की जमकर तारीफ करते हुए कहा इन कारीगरों और निर्यातकों ने प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किए जाने का काम किया है। इसके लिए वह सभी को अपनी और से बधाई देते हैं।

मुख्यमंत्री के साथ दूर से सेल्फी लेती नजर आई महिला भाजपा नेता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुचते ही जनसभा में मौजूद महिलाओं ने अपने अपने मोबाईल फोन निकालकर दूर से ही मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी लेने का काम शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री को अपने बीच देखकर भाजपा नेताओ के साथ जन सभा में मौजूद भाजपा नेत्रियों में भी काफी खुशी का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री के अभिनन्दन करते ही जनसभा स्थल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा था।

चप्पे चप्पे पर तैनात रहा पुलिस फोर्स

मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर कल ही पूरा खाका तैयार कर लिया गया था। जिसमे 35 इंस्पेक्टर 16 सीओ 9 एएसपी के साथ डेढ़ हजार से अधिक पुलिस कर्मियों के साथ 15 सौ सब इंस्पेक्टर की ड्युटी महिला पुलिस फोर्स के साथ लगाई गई थी। इतना ही नहीं एसएसपी हेमराज मीना डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह सुरक्षा की दृष्टि से मुख्यमंत्री के पीछे मंच पर ही नजर आए इस अवसर पर गोपाल अंजान जयपाल सिंह व्यस्त राजेश रस्तोगी गिरीश वर्मा के के गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने में महिलाओं का रहा बड़ा योगदान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुरादाबाद आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के लोगो ने भाजपा महिला विंग को भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी थी जिसमे सभी काफी सफलता महिलाओं को मिली महिलाएं अपने आसपड़ोस की सभी महिलाओं को एकत्र कर इस कार्य म में ले गई थी और इसे सफल बनाने का काम किया। भाजपा महिला नेत्रियों द्वारा इस कार्य म को लेकर पिछले दस दिनों से अपनी सहेलियों को साथ चलने के लिए दावत दी जा रही थीं।

जिला अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टर ने मरीज के मुंह पर मारा सीएमओ की सिफारिश का लेटर

मुख्यमंत्री की जनसभा में शिकायत लेकर पहुचा पीड़ित

- इलाज के नाम पर सात हजार रुपए मांगे जाने का डॉक्टर पर लगा आरोप

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। जिला अस्पताल की ओपीडी का कमरा नम्बर 9 एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। जिसमे आज सुबह मरीजो को देखते देखते डाक्टर भड़क उठे और एक मरीज अपने साथ लाया सीएमओ की सिफारिश का पर्चा मरीज के मुंह पर दे मारा इतना ही नहीं मरीज व डॉक्टर के बीच जमकर विवाद हुआ मरीज का कहना था डॉक्टर ने इलाज के नाम पर उससे सात हजार रूपयों की मांग की थी । मरीज और डॉक्टर के बीच हंगामा होता देखकर लोगो तीमारदारों मरीजो व जिला अस्पताल के स्टाफ की भीड़ कमरा नम्बर 9 के सामने गैलरी में जुट चुकी थीं। मरीजो और तीमारदारों का हंगामा होता देखकर डॉक्टर किसी तरह भीड़ के बीच से भाग निकले।

मुख्यमंत्री तक अपनी फरियाद पहुंचाने का प्रयास करता महिला का पति।

जिला अस्पताल की ओपीडी के कमरा नम्बर 9 में गम्भीर बीमारियों के इलाज के लिए बैठे डॉक्टर पर पिछले दिनों एक महिला मरीज के साथ आई तीमारदार महिला ने डॉक्टर की अश्लील हरकतें देखने के बाद चप्पल तक निकाल डाली थी और डॉक्टर को ओपीडी से भागना पड़ा था। उधर मरीज का पति जब सर्किट हाउस के पीछे चल रहे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में डॉक्टर की शिकायत करने पहुचा उसे सुरक्षा कर्मियों ने रोक दिया।

महिला ने साफतौर पर डाक्टर पर इलाज के नाम पर सात हजार रुपए रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाया है।

न्याय नहीं मिला तो परिवार समेत आत्मदाह की दी चेतावनी

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। भारतीय गौरक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने जनपद के विभिन्न भागों में गौकशी और गौ तस्करी करने वालों पर सही से एक्शन नहीं लिए जाने पर रोष जताया है। उनका आरोप है कि ऐसे तत्वो को पुलिसिया संरक्षण मिल रहा है जबकि संगठन के गौ रक्षा सम्बन्धी कार्यो की साफ अनदेखी की जा रही है।

ठाकुर का आरोप है कि उन पर निराधार आरोप लगाते हुए फांसा जा रहा है। गौ तस्करों से सांठगांठ इन वर्दीधारियों की बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें इंसाफ नहीं मिला तो वो परिवार समेत आत्मदाह को मजबूर होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सीओ हाइवे ,थाना प्रभारी मूंढापांडे, थाना प्रभारी सिविल लाइन गजेन्द्र सिंह, दरोगा परमवीर आदि पर गौ तस्करों से सांठगांठ करने का आरोप लगाया है। कहा है कि जमीनी स्तर पर गौ रक्षा करने वालों के हौसलों को पस्त करने में पुलिस वाले लगे हुए हैं।

गौकशी करने वालों को जानवर और फंड आदि गलत जरियों से मिल रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस अधिकारी बेकुसूर लोगों को फांसने की कोशिश करते हैं। इस जिले में डेढ़ सौ से भी ज्यादा गौकशी/ तस्कर वाले गैंग्स की अवांछित गतिविधियां चल रही हैं।

सार सुर्खियां

मुख्यमंत्री की रैली के कारण घटी रोडवेज़ बसें, यात्री हुए परेशान

भास्कर ब्यूरो, बिलारी। नगर के बस स्टैंड पर बसों के अभाव के चलते जाम जैसी स्थिति देखने को मिली, जिसमें कस्बा पुलिस व्यवस्था बनाने को लेकर सतर्क नजर आई। शुक्रवार को सीएम योगी मुरादाबाद आए, जिसके चलते प्रशासन व्यस्त रहा, बस स्टैंड प्रभारी ने बताया कि आज बसों का आवागमन कम है, जिसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाहबाद की कमला ने बताया कि उन्हें बिलारी से बस पकड़ कर अलीगढ़ जाना था, जिसके चलते बस उपलब्ध नहीं हो सकी और उन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ा वह वापस घर लौट गई। इसके अलावा अनेक यात्री बसों के इंतजार में खड़े रहे लेकिन वह यात्रा करने में असफल रहे, डग्गामार वाहन मौका देख देख कर सवारियां भरकर दौड़ते हुए नजर आए, चंदौसी बढ़ायूं चुंगी पर काम चल रहा है, जिसको लेकर वाहनों का आवागमन प्रभावित है और दूसरा सीएम योगी का मुरादाबाद दौरा बस सेवा असुविधा का मुख्य कारण रहा। बस स्टैंड पर जाम ना लगे इसको लेकर कस्बा चौकी इंचार्ज अमित कुमार अपनी टीम के साथ व्यवस्था बनाते हुए नजर आए।

फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से की शांति बनाये रखने की अपील

भास्कर ब्यूरो,भोजपुर। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल के नेतृत्व में पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला जाटवोवाला, घासमंडी हरिजन बस्ती,झादेवाला,नावपुर ,बगियावाला, फतेहपुरी,जामा मस्जिद, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड आदि में फ्लैग मार्च निकालाकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान मुख्य चोराहों पर लोगों को संबोधित करते हुए संजय पांचाल ने कहा कि आगामी प्रस्तावित निकाय चुनावों में सभी लोग निर्भीक होकर स्वेच्छा से मतदान करें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। अपना हित साधने में लगे असमाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को दें। ताकि समय रहते उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो सके। पुलिस ने सर्राफा व्यापारियों से सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और समय समय पर चेकिंग करने का आह्वान किया। जिससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलें और अपराधियों में डर का माहोल पैदा हो। इस दौरान उप निरीक्षक अफजाल अहमद, सुधीर यादव, ओमकार सिंह, विपिन कुमार, सुखनंदन, रोहित,अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

विशालकाय अजगर देख लोगों की लगी भीड़

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। शुक्रवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीलखपुर गुमानी से महज कुछ ही दूरी पर ढेला नदी के किनारे जब लोगो ने एक विशाल काय अजगर को रेत में लेटा हुआ और धूप सेकते हुए देखा तो नदी के पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बहुत देर तक लोग इस विशालकाय अजगर को धूप सेंकते हुए देखते रहे। बाद में अजगर वँहा से अपने रास्ते चला गया अजगर को गांव के निकट देखकर आसपास के गांवों के लोगो मे दहशत फैल गई है उधर इस मामले में जब वन विभाग से जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई तो वन विभाग ने पूरे मामले से अनभिज्ञता जताई है।

पुलिस ने तमंचे और शराब के साथ दो को भेजा जेल

भास्कर ब्यूरो,अगवानपुर। थाना सिविल लाइन क्षेत्र की पुलिस चौकी अगवानपुर ने तमंचे और शराब के साथ दो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है पुलिस चौकी प्रभारी मृदुल कुमार के अनुसार एक आरोपी बिहार के चकराई देवकीपुर थाना चंद्रमा चौक जिला कटियार का मूल निवासी अशोक शर्मा चौकी क्षेत्र के ग्राम सेरुआ धर्मपुर में बाबूराम के मकान पर किराए पर रहता था पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर अशोक को पकड़ लिया जिसके कब्जे से पुलिस ने देशी शराब के 18 पव्वे बरामद किए हैं उधर दूसरा आरोपी विशनपुर निवासी असीम उर्फ पीरा को तमंचे और दो कारतूस सहित अगवानपुर ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

आवारा पशु के टकराने से बाइक सवार घायल

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। आवारा पशु के बाइक से टकराने से बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया है। घायल को पी आर वी द्वारा नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को उत्तराखंड के काशीपुर क्षेत्र के ग्राम धीमर खेड़ा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र रामकिशन अपनी बाइक से काशीपुर से मुरादाबाद की दिशा में जा रहा था। इसी बीच जब उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामुवाला गणेश के निकट पँहुची तो अचानक एक आवारा बछड़ा उसकी बाइक से टकरा गया जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया।मोके पर पँहुची पी आर वी ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

बाबा आमिल कामिल शाह के मज़ार पर चादर पोशी

ठाकुरद्वारा । पशुपति एक्रिलोन लिमिटेड की ओर से डायरेक्टर ऑपरेशन द्वारा मज़ार पर चादर पोशी कर फैक्ट्री की तरक्की व खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। शुक्रवार की शाम नगर के जसपुर बस स्टैंड स्थित तहसील वाले मज़ार पर हो रहे उर्स में पंहुचकर पशुपति एक्रिलोन फैक्ट्री के डायरेक्टर ऑपरेशन एस पी गुप्ता ने आमिल कामिल शाह बाबा के मज़ार पर चादर पोशी कर फैक्ट्री की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर उनके साथ फेक्ट्री के अन्य अधिकारियों में राजकुमार अग्रवाल, एम पी विश्वकर्मा, अतुल मिश्रा, तथा शफ़ीक़ अहमद मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री दौरे पर भाकियू तोर ने छः सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। भारतीय किसान यूनियन तोमर मुख्यमंत्री के मुरादाबाद दौरे पर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने जा रहे हैं किसान यूनियन तोमर काफिले को चौधरी चरण सिंह चौक पर पुलिस द्वारा रोका गया 7 तभी अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन तोमर द्वारा सौंपे ज्ञापन में विभिन्न मांगों में एम.एस, पी कानून बनाया जाए, गन्ने का भाव 450 रु कुंटल किया जाए, गन्ने का भुगतान 15 दिन के अंदर किया जाए, छुट्टा पशुओं की कमेटी डी. एम एवं किसानों की सहमति से बनाई जाए, किसानों को सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त दी जाए, मण्डल मुरादाबाद मे बिन मौसम बारिश होने के कारण जो किसानो की धान की फ़सल का जो नुक़सान हुआ है उसका मुआवज़ा जल्द से जल्द किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में चौधरी मुमताज आलम, मंडल प्रभारी मुरादाबाद राजेश यादव, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद डॉक्टर इरफान चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष मुरादाबाद मुस्तकीम मलिक, जिला महासचिव पवन यादव, जिला उपाध्यक्ष मिर्जा गालिब, जिला प्रवक्ता अमित ठाकुर, जिला सचिव कुंवर पाल यादव, आबिद हुसैन, तालेव सिंह, नगर अध्यक्ष पाकबड़ा आबिद हुसैन नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

पंजीकरण सत्यापित न होने से परेशान किसानो में रोष

भास्कर ब्यूरो,

ठाकुरद्वारा। शुक्रवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामू वाला गणेश पर जिला कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में किसान नेता प्रीतम सिंह ने बताया कि सरकारी धान क्रय केंद्रों पर किसानों को धान बेचने हेतु अपना पंजीकरण कराना पड़ता है, लेकिन कुछ राजस्व अभिलेखों में अंतर होने पर उप जिलाधिकारी से सत्यापित की रिपोर्ट ऑनलाइन लगाई जाती है जिसमें किसान अपने हल्का लेखपालों से रिपोर्ट तथा सत्यापित करवाकर तहसील में बैठने वाले कर्मचारी इमरान हुसैन पर जमा कर देते हैं लेकिन किसानों के तीन-चार दिन चक्कर लगाने के बाद भी पंजीकरण सत्यापित नहीं किए जाते हैं। जबकि किसानों के पंजीकरण का विवरण हल्का लेखपाल तथा खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश की साइट पर पहुंच जाता है। कार्यालय पर लगातार पंजीकरण सत्यापित ना होने की शिकायतें आ रही है लेकिन कर्मचारी इमरान का पता नहीं चलता कि वह किसानों से चाहते क्या हैं। किसान धर्मपाल सिंह हरपाल सिंह आदि ने 3 दिन पहले हल्का लेखपालों से सत्यापित करा कर रजिस्ट्रेशन इमरान हुसैन को दिए थे और प्रतिदिन मौखिक रूप से कहा जा रहा है लेकिन किसानों को कभी साइट ने चलना कभी यह कहकर टरका देना कि तुम्हारा रजिस्ट्रेशन सत्यापित हो गया है, लेकिन किसानों के पंजीकरण सत्यापित नहीं हो पा रहे हैं इससे किसानों में अत्यधिक आक्रोश है।

बैठक में जिला सचिव कैलाश सिंह, हर स्वरूप सिंह, कॉमरेड वीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेश सिंह, आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

सुहाग रात को दुल्हन बोली डोन्ट टच मी

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद । नगर में पिछले दिनों एक मामला सामने आया था। जिसमे तीन दिन में निक़ाह विदाई और तलाक हो गया था। जिसका निशाना बना दिल्ली निवासी कारोबारी युवक कोतवाली क्षेत्र बुधबाजार स्थित होटल प्रेम चुनरिया में गत माह ग्यारह निक़ाह किया गया था रात में दुल्हन विदा हो गई । दिल्ली वर पक्ष के घर को देखते ही दुल्हन ने सुहाग रात को अपने पति से कहा डोन्टटच मी यह कहते हुए कहा इस छोटे से घर में वह एक पल भी नही रुकेगी उसे वापस मुरादाबाद छोड़कर आओ युवक क्या करता वह युवती को उसके घर काशीराम नगर ले आया जहां युवती के पिता युवती ने वर पक्ष से पहले मेहर के 51 हजार रुपए मांगे वर पक्ष द्वारा डोन्टटच मी के बाद भी यह 51 हजार रुपए मेहर के दे दिए गए इसके बाद शादी , हाल , खाने के खर्च के और पचास हजार रुपए वर पक्ष से लिखा पड़ी में वसूल कर लिए गए। पड़ोसियों ने वर पक्ष के लोगो को बताया किसी तरह इन लोगों से अपना पीछा छुड़ाओ पड़ोसियों व अन्य लोगों के कहने पर एक लाख रुपए में यह समझौता हो गया दोनो पक्ष आगे से किसी तरह की कोई शिकायत नहीं करेंगे। इसके बाद भी युवती द्वारा पुलिस को इंसाफ पाने के लिए प्रथना पत्र दिया गया है।

- मेहर निक़ाह तलाक के नाम पर की एक लाख की धोखाधड़ी,
- समझौता हो जाने के बाद भी वर पक्ष को दी जा रही धमकी

घर में शादी निक़ाह के नाम पर होती हैं धोखाधड़ी

पड़ोसियों ने बताया पिछले दो सालों से वह इस घर में इसी तरह के हंगामे देखते रहते हैं। शादी निक़ाह के बाद तलाक व मेहर के नाम पर शरीफ लोगो से धन ऐंठा जाता हैं। जिसमें इस रैकेट से जुड़े लोग अपना पूरा किरदार निभाने का काम करते हैं। वर पक्ष के लोगो ने इस बात की शिकायत इंस्पेक्टर कोतवाली रविंद्र प्रताप सिंह से करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर कोतवाली ने वर पक्ष के लोगो को इंसाफ दिलाने का यकीन दिलाया है।

कंटेनर ने मिनी टेंपो में मारी टक्कर, चालक की मौत

भास्कर ब्यूरो,

कुंदरकी। थाना मैनाठेर निवासी का मझोला में हादसे मे मौत थाना मझोला के इलाके गागनवाली मैनाठेर व आरटीओ ऑफिस तिराहे के पास बृहस्पतिवार की देर शाम हुई मिनी टेम्पो व कंटेनर की टक्कर में मिनी टेम्पो चालक की मौत हो गई हैं। थाना मैनाठेर के गांव मिलक गुरेर निवासी 45 वर्षीय भूप सिंह (कल्लू) किसानी का काम करता हैं। कल शाम सात बजे वह अपने मिनी टेम्पो से मंडी समिति की ओर आ रहा था। अचानक तेज रफ्तार कंटेनर ने गागनवाली मैनाठेर आरटीओ आफ़िस तिराहे के पास टेम्पो को टक्कर मार दी जिससे भूप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई । सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने भूप सिंह को जिला अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया।

शांतिपूर्ण रूप से मांगे माने जाने तक जारी रहेगा धरना

भास्कर ब्यूरो,

बिलारी। शुक्रवार को किसानों के धरने के 18 वा दिन है और ये धरना जरगांव क्रय केंद्र पर जारी है। बीते दिन किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल धरने से उठकर मथुरा में गन्ना मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी से मिलकर वापस लौटा।

बता दें कि तीन दिन पूर्व भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों की किसानों की मांग को लेकर गन्ना मंत्री से बातचीत हुई जिसके बाद गन्ना मंत्री से मिलने भारतीय किसान संघ मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष तेजभान सिंह के साथ 5 किसानों का प्रतिनिधिमंडल मथुरा पहुंचा। गन्ना मंत्री के सामने किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने विस्तार पूर्वक अपनी समस्या बताई और लिखित ज्ञापन भी दिया जिसमें गन्ना सेंटर से जुड़े 7 गांव के प्रधानों के बिलारी लक्ष्मी शुगर मिल से जोड़ने की सहमति पत्रावली संलग्न थी।गन्ना मंत्री ने किसानों की समस्या सुनने के बाद पूर्ण आश्वासन दिया कि 4 दिसंबर तक आपकी समस्या का समाधान हो जाएगा। गन्ना मंत्री ने कहा की सरकार किसानों के हित में सदैव काम करती है और करती रहेगी। गन्ना मंत्री ने किसानों से धरने को समाप्त करने का आग्रह किया। जिस पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हम शांतिपूर्ण अपने समाधान तक धरना जारी रखेंगे। धरने पर बैठे किसानों ने गन्ना मंत्री के आश्वासन पर खुशी जताई। प्रतिनिधिमंडल में मनोज चौधरी, रामकिशोर सैनी, शेर सिंह मीणा ग्राम अर्जुनपुर इत्यादि रहे एंव धरना स्थल पर फतेह सिंह, चौधरी छत्रपाल सिंह, चौधरी जगदीश सिंह, महेश चंद जाटव, मनोज चौधरी, शिवा जाटव, विजय कुमार यादव, अशोक कुमार यादव, चौधरी गजपाल सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

प्रेस क्लब के सर्वसमति से चुनाव के बाद रियाज़ुलहक़ उर्फ़ प्रिंस जमाल अध्यक्ष चुने जाने के बाद नगर के वरिष्ठ समाजसेवी चिकित्सक एनडी हाशमी व डॉ. जानिब हाशमी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिलकियांन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जानिब हाशमी ने कहा आप लोगों को संगठित होकर रहना चाहिए। ताकि किसी भी समस्या के आने पर एक दूसरे के साथ खड़े रहें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मिलीभगत के चलते चल रहे अवैध अस्पताल

प्रसव के दौरान विवाहिता की मौत परिजनों का हंगामा

भास्कर ब्यूरो,

संभल/ असमोली। संभल में डिलीवरी के दौरान महिला की मौत हो गई जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में काट दिया आरोपी अस्पताल संचालक मौके से फरार हो

◉ आरोपी संचालक अस्पताल छोड़ भागा, परिजनों का हंगामा

मृतक महिला का फाइल फोटो

गया सूचना पर थाना पुलिस पहुंच गई पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया वहीं पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी है।

गर्भवती महिला की डिलीवरी के दौरान मौत का पूरा मामला असमोली थाना क्षेत्र के मनोटा के निजी अस्पताल का है जहां इसी थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदरी निवासी महिला गुड्डी को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजन बीते दिन उसे मनोटा के निजी अस्पताल ले आए। आरोप है कि चिकित्सक ने महिला का ऑपरेशन के दौरान पेट फाड़ दिया जिसके बाद महिला की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में तबीयत बिगड़ने पर उसे मेरठ रेफर कर दिया हालांकि डिलीवरी के दौरान नवजात शिशु की हालत ठीक बताई जा रही है वही मेरठ ले आते वक्त महिला की मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साए परिजन शुक्रवार तड़के चार बजे अस्पताल पहुंचे इसी दौरान परिजनों के अस्पताल पहुंचने की सूचना से पहले ही आरोपी संचालक अस्पताल छोड़ फरार हो गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटना शुरू कर दिया वहीं सूचना पाकर असमोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को किसी तरह से समझाया और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने महिला की हालत बिगड़ने पर उसे गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, वही असमोली थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि महिला के शव को पीएम को भेज दिया है परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

एक ही परिवार के तीन लोगों की दुर्घटना में दर्दनाक मौत

भास्कर ब्यूरो,

संभल। ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के बीच हुई भीषण टक्कर से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से पूरा गांव स्तब्ध रह गया। गमगीन माहौल में तीनों को मुगावर स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया गया। इस मौके पर ग्रामीणों के अलावा बड़ी संख्या में रिश्तेदार भी मौजूद रहे। बीते दिन हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के गांव निवासी छछैरा गांव निवासी कासिम पुत्र असगर (24) अपनी पत्नी भूरी (22) पुत्री इनायत (चार) को मोटरसाइकिल पर बैठाकर जनेटा स्थित दरगाह पर मन्नत मांगने गया था। वापस होते समय नरौली और जनता के बीच में सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली से भयंकर भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने से तीनों बुरी तरह से घायल हो गए जब तक आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे तब तक मां और बेटी दोनों ने दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल कासिम को संभल की हसीना बेगम अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत की खबर सुनकर पूरा गांव स्तब्ध रह गया गमगीन माहौल में तीनों को मुगावर स्थित कब्रिस्तान में एक साथ दफ़न किया गया।

जनपद में बिना पंजीकरण के चल रहे जिम

अन ट्रेंड ट्रेनर युवाओं के जीवन से कर रहे खिलवाड़

भास्कर ब्यूरो,

◉ स्वास्थ्य विभाग सोया कुंभकर्णी नींद

बिजनौर। जनपद बिजनौर में बिना पंजीकरण कराए जिम खोलने की होड सी लगी हुई है। जिनमे अधिकतर अनट्रेंड ट्रेनर जिम कराने के साथ - साथ मोटी रकम वसूलते हुए उल्टे सीधे पाउडर खाने के लिए देकर युवाओं के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं, लेकिन हैल्थ विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है।

जनपद बिजनौर का शहर हो या कस्बा सभी में अवैध रूप से बॉडी फिटनेस जिम चल रहे हैं, जिनमे अधिकतर का कोई पंजीकरण नही हुआ है। ऐसा नही है कि हैल्थ विभाग की नज़र से बचकर अवैध रूप से जिम चलाये जा रहे हैं स्वास्थ्य विभाग सब कुछ जानकर भी अंजान बना हुआ है। सूत्रों की माने तो मोटी रकम वसूलते हुए नौजवान युवाओं को नकली पाउडर खिलाकर बॉडी को फुलाने का कार्य जारी है। जिसके चलते जिस्म गठीला दिखाने की चाह रखने वाले नौजवान आर्थिक शोषण के साथ -साथ जिंदगी से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। जनपद का कोई शहर या कस्बा ऐसा नही बचा है जिसमें एक दो को छोडकर अधिकतर जिम अवैध रूप से ना चल रहे हों। जिम चलाने वाले सारे मानको को अनदेखा कर हैल्थ विभाग को ठेंगा दिखा रहे हैं। आखिर दो चार लाख रुपये की जिम खोलने वालो के खिलाफ कारवाही क्यो नही हो रही है। जिम के नाम पर नकली पाउडर बेचने वाले अपराधियों के हौसले बुलंद है।

सूत्रों की माने तो पूरे भारत वर्ष मे जिम के ट्रेनर डिप्लोमा होल्डर होते हैं। जिम के नाम पर नौजवान युवाओं को खोखला करने का कार्य तेजी के साथ फल फूल रहा है। जब गुरू ही नीम हो तो चेलों को क्या बरगद बनाएगा। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग कुंभकर्णी नींद से जागकर क्या कारवाही अमल मे लाता है।

मालगाड़ी की चपेट में आकर अज्ञात युवक की मौत

भास्कर ब्यूरो,

धामपुर। मुरादाबाद सहारनपुर रेल मार्ग पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। मृतक के पास शिनाख्त संबंधी कोई कागजात नहीं होने पर उसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी।

शुगर मिल रेलवे फाटक के पास देर रात मालगाड़ी की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की उम्र लगभग 26 वर्षीय बताई जा रही है। मौके एकत्रित लोगों ने इसकी पुलिस को दी। हादसे की सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची। जीआरपी चौकी प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के लिए काफी प्रयास किया गया। लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने की तैयारी की जा रही है।

नगरपालिका की डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन योजना धड़ाम

भास्कर ब्यूरो,

संभल। सम्भल नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला चौधरी सराय में समय से कूड़ा न उठाने के करण करना पड़ा रहा परेशानियों का समय

बदलते मौसम के कारण जहाँ एक ओर लोग बीमारियों से जूझ रहे है वही दूसरी ओर शहर के मोहल्ला चौधरी सराय में समय से सफ़ाई कर्मचारी कूड़ा नही उठा रहे जिस कारण लोगो के घरों में कूड़ा सड़ना शुरू हो गया है और बदबू फैला रहा है ओर उस कूड़े पर पनप रहे कीड़े मकोड़े मछर आदि घर के बड़ो व बच्चो को काट रहे है जिस कारण घरो में बीमारिया पनप रही है। जब के इस मोहल्ले में एक नही दो दो मौजूदा सभासद मौजूद है। इस सम्बंध में जब सभासद असलम से इस बात की तो उन्होंने कहा कि इस तरह की शिकायतें आ रहे है उनका निस्तारण कराया जाएगा। दूसरे मोहल्ले के ही मौजूदा सभासद पुत्र अनवर

ने बताया कि इस तरह की शिकायतें मेरे पास भी आ रही है लेकिन मेरे द्वारा उनका निस्तारण कराया जा रहा है। लेकिन सफाई ठेकेदार ने बताया कि इन दिनों गाड़ी सुबह सात बजे के करीब आ रही है जिस पर मोहल्लेवासियों ने आ`ोश व्याप्त करते हुए कहा कि गर्मियों के समय मे तो गाड़ी ग्यारह बजे के बाद आती थी और जब लोग ही नो बजे के बाद उठ रहे है ऐसे में गाड़ी सुबह ही आने लगी ओर वह गाड़ी जिस पर काफी समय से सायरन तक नही लगाया गया है।

क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दी उनके अधिकारों की जानकारी

भास्कर ब्यूरो,

स्योहारा। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्योहारा सभागार में दो दिवसीय मंडलीय क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, खण्ड विकास अधिकारी रामकुमार सिंह, एडीओ पंचायत करुणा चौहान, एडीओ आईएसबी दिनेश कुमार, सीनियर फैकल्टी सतेंद्र शर्मा, डॉ नवनीत शेखर, प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम व जुनैद हवा, लव कुमार, अब्दुल कादिर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। एडीओ पंचायत करुणा चौहान द्वारा बीडीसी सदस्यों को नो कॉस्ट लो कॉस्ट पर कार्य करते हुए अपने क्षेत्र का विकास करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में

सीनियर फैकल्टी सतेंद्र शर्मा द्वारा पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार एवं मातृ भूमि योजना के बारे में जानकारी दी। क्षेत्र सदस्य को क्षेत्र पंचायत की 6 समितियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा 6 समितियों में से 3 के अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख होते हैं। अन्य 3 के क्षेत्र पंचायत सदस्य होते हैं। सीनियर फैकल्टी नवनीत शेखर ने मातृभूमि के बारे में जानकारी दी। क्षेत्र पचायत अपनी स्वयं की आय ओर कैसे बढ़ा सकते हैं। प्रशिशक मौहम्मद वसीम ने पंचायत पुरस्कार राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मिलने वाले ग्राम पंचायत के बारे के विषय में बताया। क्षेत्र पंचायत में ई गवर्नेंस की स्थापना पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षक जुनैद हवा ने 73 वे संविधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों की भूमिका पर विस्तार पूर्वक बताया।

प्रशिक्षक लव कुमार ने स्वच्छ भारत मिशन फेस टू एवं केंद्रीय वित्त आयोग राज्य वित्त आयोग के विषय में चर्चा की गई। प्रशिक्षक अब्दुल कादिर ने विकास योजना पर प्रकाश डाला गया।

जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कम्पनी पर लगाया बीस हजार का जुर्माना

भास्कर ब्यूरो,

संभल। बीमित मृतक की पत्नी को बीमित धनराशि मय व्याज सहित अदा करने के आदेश किये जारी जिला उपभोक्ता आयोग जनपद सम्भल ने भारतीय जीवन बीमा कार्यालय चन्दौसी को आदेश जारी कर ग्राम सदतबड़ी बहजोई निवासी महिला रेखा के पति मृतक दयाशंकर की मृत्यु 11 मई 2018 को एक सड़क दुर्घटना में भकरौली से आते समय भकरौली पेट्रोल पम्प के सामने हो गई थी।

मृतक दयाशंकर ने अपने जीवनकाल में भारतीय जीवन बीमा कम्पनी से एक बीमा पॉलसी खरीदी थी जिसमें दुर्घटना हित लाभ भी सम्मिलित था परन्तु बीमा कम्पनी ने यह कह कर देने से मना कर दिया कि मृतक शराब का सेवन किए हुए था। मृतक की पत्नी रेखा ने उच्च अधिकारियों से भी इसकी शिकायत की परन्तु कोई भी सुनवाई नहीं हुई तब रेखा ने अपने अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद योजित किया जहां भारतीय जीवन बीमा कम्पनी को तलब किया तो कम्पनी ने फिर से अपनी बात दोहराते हुए मृतक द्वारा शराब का सेवन किए हुए बताया जिसका विरोध करते हुए परिवादिनी के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने आयोग को बताया कि बीमा कम्पनी जानबूझकर बीमा धनराशि की अदायगी नही कर रही हैं और मनगन्त तथ्यो के आधार पर बीमा धनराशि देने से मना कर रही हैं जबकि मृतक दयाशंकर के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गहरी चोटो के लगने के कारण हुई हैं और कही भी इस बात का जिक्र नही हैं कि मृतक शराब का सेवन किए हुए था आयोग के अध्यक्ष राम अंचल यादव व सदस्य आशुतोष ने दोनों पक्षों को सुना और बीमा कम्पनी को आदेशित किया कि वह परिवादिनी को बीमित मृतक दयाशंकर की दुर्घटना हितलाभ बीमादबा के मद में मुबलिग एक लाख रुपये उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 6 प्रतिशत बार्षिक ब्याज सहित अन्दर दो माह अदा करे इसके अलावा विपक्षी परिवादिनी को मुबलिग दस हजार रुपये मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि के मद में तथा पाँच हजार रुपये वाद व्यय के मद में अदा करे।

पुलिस परिवार केंद्र ने दो परिवार टूटने से बचाए

भास्कर ब्यूरो, बिजनौर। पुलिस परिवार केन्द्र की ओर से परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा है। दो परिवार को एक साथ रहने के लिए राज़ी किया गया।

पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह, के निर्देशन में पुलिस लाइन प्रांगण में पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक कर सुनवाई की गई। इस बैठक में परिवार परामर्श केन्द्र में 5 मामलों को सुना गया, इसमें आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से परिवार टूटने के कगार पर था। परिवार परामर्श केन्द्र के अधिकारी/कर्मचारी व विभिन्न क्षेत्रों से नामित सदस्यों की ओर से दोनों पक्षों की बातो को विधिवत सुना गया, जिसमें परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों की सूझ-बूझ से पति-पत्नि के मध्य आपसी मनमुटाव व कलह को दूर करते हुए 2 परिवारों का आपसी समझौता कराया गया।

पूर्व राज्यमंत्री ने जनसंपर्क कर लोगों से की वोट की अपील

भास्कर ब्यूरो,

मुज़फ्फरनगर। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर एवम पूरी टीम के साथ। रालोद गठबंधन के प्रत्याशी मदन भईया को जिताने के लिए जानसठ कस्बा सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर वोट मांगे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने जनसंपर्क के दौरान वोट मांगते हुए कहा कि बहुत हो चुकी जुमलेबाज़ी, भाजपा झूठों की जमात है, जनता जान गई है। युवाओं से आह्वान करते हुए चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि हमारे नेता किसानों के साथ साथ युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं, आप मदन भईया को जितवाओ खतौली में स्पोर्ट्स

स्टेडियम बनवाया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने कहा कि जयंत चौधरी की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है, हमारे नेता जो कहते है करके दिखाते है, भाजपा की तरह झूठ का पुलिंदा साथ लेकर नही चलते, सच्चाई की लड़ाई लड़ते हैं। इस अवसर पर रालोद के वरिष्ठ नेता हरेंद्र वर्मा, धीरज उज्वल व सरदार कर्मवीर ने कहा कि 5 दिसम्बर को गलती मत कर देना वर्ना पछताना पड़ेगा। उप चुनाव में मदन भईया की जीत किसानों व जयंत चौधरी की जीत होगी।

इस दौरान युवा नेता गौरव तेवतिया, प्रताप चोधरी, मोहित राठी, वि`ांत राठी, संजय अहलावत, सचिन सरोहा, नकुल अहलावत, राजू तोमर, अंकित चौधरी, नीरज पहलवान, युधिष्ठिर पहलवान, मनोज राणा आदि मौजूद रहे।

संगठन का मतलब एक परिवार होता हैः डॉ. जानिब

भास्कर ब्यूरो,

स्योहारा। प्रेस क्लब स्योहारा के रियाज़ उर्फ़ प्रिंस जमाल को नवनिर्वाचित अध्यक्ष चुने जाने के उपलक्ष्य में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी चिकित्सक द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी सहित गणमान्य लोगों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रेस क्लब के सर्वसम्मति से चुनाव के बाद रियाजुलहक़ उर्फ़ प्रिंस जमाल अध्यक्ष चुने जाने के बाद नगर के वरिष्ठ समाजसेवी चिकित्सक एनडी हाशमी व डॉ. जानिब हाशमी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिलकियांन में आयोजित कार्य` म को संबोधित करते हुए डॉ. जानिब हाशमी ने कहा आप लोगों को संगठित होकर रहना चाहिए ताकि

किसी भी समस्या के आने पर एक दूसरे के साथ खड़े रहें। संगठन होने का मतलब परिवार है। इसलिए आप सब लोगों को एक साथ रहना चाहिए और संगठन को मजबूती के लिए एक दूसरे को तैयार रहना चाहिए। प्रेस क्लब अध्यक्ष रियाज उर्फ़ प्रिंस ने कहा कि संगठन मेरा परिवार है और परिवार के साथ हमेशा तैयार हूं जब जिसको जहां मेरी जरूरत पड़े मुझे बुला सकता है। उन्होंने कहा कि संगठित हमेशा सब पर भारी रहते हैं इसलिए हम लोगों को संगठित होकर रहना है।

इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी, क्राइम इंस्पेक्टर बाबूराम गौतम, क़स्बा इंचार्ज रोबिन सिंह, एस आई गंगाराम गंगवार, इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट के इंस्पेक्टर हरिराम शर्मा, सब-इंस्पेक्टर चंद्र पाल सिंह, डॉ. सुआलेह अहमद, धर्मेंद्र कुमार भुईयार, चमन भारद्वाज, आकाश तोमर, अरशद चौधरी, गय्यूर चौधरी, अश्वनी विश्नोई, इक़बाल अंसारी, दैनिक भास्कर संवाददाता फ़ज़ल अंसारी, विपिन शर्मा, राशिद पीटर, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिव्यांगों को बांटे प्रमाण पत्र

भास्कर ब्यूरो, बिजनौर। अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के मौके पर सेंट मैरी स्कूल में दो दिवसीय कार्यक्रम दिव्यांगों के लिए करूणा समाज सेवा संस्था की ओर से आयोजित किया गया। जहां आसपास के लगभग 17 गांवों और तीन आश्रम के 340 दिव्यांगों ने पहुंचकर अपनी प्रतिभा कर प्रदर्शन किया। यहां मानसिक स्वास्थ्य कार्य` म की टीम ने पहुंचकर इन दिव्यांगों की स्क्रीनिंग कर इन्हें प्रमाण पत्र दिए। मानसिक स्वास्थ्य विभाग अधिकारी डॉ समीर भटनागर ने बताया कि सेंट मैरी में दो दिवसीय कार्य` म का आयोजन दिव्यांगों के लिए आयोजित किया गया था। यहां स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीम ने पहुंचकर कई दिव्यांगों की जांच कर उन्हें प्रमाण पत्र दिए। जिससे वह सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इस टीम में जनरल फिजिशियन डॉ राधेश्याम वर्मा, ऑर्थो सर्जन डॉ संजय कुमार और डॉ यागवेंद्र सिंह, आई सर्जन डॉ दीपा गोयल, क्लीनिकल साइकोलोजिस्ट आयुषी दीक्षित, साइकेट्रिक सोशल वर्कर साक्षी सिंह ने पहुंचकर दिव्यांगों की स्क्रीनिंग व काउंसलिंग की।

सार सुर्खियां

ज्ञानम-विज्ञानम सांस्कृतिक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

चांदपुर/तिगरी। क्षेत्र के प्रमुख एसपी कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, तिगरी में सांस्कृतिक और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक साहू अनंत कुमार अग्रवाल ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। इस एग्जीबिशन में बच्चों ने अलग अलग विषय पर तरह-तरह के मॉडल/प्रोजेक्ट (वर्किंग व नॉन-वर्किंग) तैयार कर अपनी अदभुत कला दिखाई व अपनी प्रतिभा का पूरा प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक प्रोजैक्ट्स/मॉडल देखकर कार्य` म में आये तमाम अभिभावकों व अन्य लोगों ने खूब तारीफ़ की व सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्य` म में आये लोगो द्वारा पूछे गये सवालों का बच्चों ने बहुत बढ़ चढ़कर जवाब भी दिया। इस प्रदर्शनी में कई मॉडल बनाये गये जैसे की विलेज मॉडल, स्मार्ट सिटी मॉडल, विंडमिल पावर जनरेशन, वायरलेस ट्रांसमिशन, डोर अलार्म सिक्योरिटी हाउस, सिक्योरिटी रेन अलार्म, वैक्यूम क्लीनर, वाटर साइकिल, फोर सीजन, इंडियन मैप, एयर पोलूशन, चिड़िया घर, ऑटोमैटिक वाटर पम्प, हाइड्रो पॉवर जनरेशन, जिम कार्बेट पार्क, सोलर प्लांट, स्वच्छ भारत अभियान, कई तरह के खेल के स्टेडियम व कई सारे अन्य मॉडल भी तैयार किए गये। छात्रों द्वारा विद्यालय का पूरा मॉडल भी तैयार किया गया जिसमें अकाउंट ऑफिस, मैनेजमेंट ऑफिस, प्रिंसिपल ऑफिस, कंप्यूटर लैब, क्लासेज़, ग्राउंड, फिजिक्स-केमिस्ट्री-बायो लैब व अन्य छोटी से छोटी चीजें भी दिखाई गई। विद्यालय के अध्यक्ष साहू मनोज कुमार अग्रवाल मैनेजर साहू अनंत अग्रवाल ने बच्चों की प्रतिभा को खूब सराहा। विद्यालय के प्रिंसिपल ललित कुमार शर्मा ने आगे भी इस तरह के एग्जीबिशन कार्य` म कराते रहने को कहा। इस कार्यक्रम की तैयारी कराने में व इसे सफल बनाने में विद्यालय के सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं का पूरा सहयोग किया। क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थान एसपी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल को को शिक्षा की ऊंचाई पर ले जाने के लिए साहू मनोज कुमार अग्रवाल, साहू अनंत कुमार अग्रवाल व प्रधानाचार्य ललित कुमार शर्मा व समस्त स्टाफ बधाई के पात्र हैं।

भगवंत स्कूल में वार्षिक खेलोत्सव का भव्य आयोजन

चांदपुर। क्षेत्र के भगवन्त पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का मुख्य अतिथि भगवंत ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन डॉ आशा सिंह एवं प्रधानाचार्य राजीव कुमार सक्सैना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नूरपुर रोड़ स्थित भगवंत पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट से स्कूल हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, हाउस इंचार्ज, हाउस कैप्टन द्वारा मुख्य अतिथि डॉ आशा सिंह को सलामी देकर स्वागत किया गया।स्पोर्ट्स मीट में फुटबॉल, खो-खो, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस आदि खेलो का आयोजन किया गया। जिसमें फुटबॉल सीनियर ग्रुप में रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय एवं येलो हाउस तृतीय स्थान पर रहा। फुटबॉल जूनियर ग्रुप में रेड हाउस प्रथम स्थान, ब्लू हाउस द्वितीय स्थान, येलो हाउस तृतीय स्थान पर रहा, बैडमिंटन सीनियर गर्ल्स ग्रुप में ग्रीनहाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय स्थान, ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा एवं टेनिस टेबल में रेड हाउस प्रथम स्थान, येलो हाउस द्वितीय स्थान, ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा। वाइस चेयरपर्सन डॉ0 आशा सिंह ने कहा कि खेलो से बच्चों का बहुमुखी विकास होता है। खेल मन, मस्तिष्क और शरीर स्वस्थ रखते हैं। चेयरमैन डॉ0 अनिल सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

समाधान न होने पर किसान करेंगे धरना प्रदर्शन

धामपुर। भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक की मासिक पंचायत आयोजित की गई। विषय किसानों की विभिन्न समस्याओं के सम्बंध में एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। साथ ही किसानों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह धामपुर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। धामपुर तहसील परिसर मासिक पंचायत में किसानों ने कहा कि आवारा पशु उनकी फसलें भारी नुक़सान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने तहसील अधिकारियों से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की। किसानों का कहना है कि गन्ने का पेराई सत्र चले करीब डेढ़ महीने बाद भी गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया। किसानों ने कहा कि गन्ना मूल्य 450 रुपए प्रति कुन्तल घोषित किया जाये। किसानों के बंद पड़े सट्टों को तुरन्त चलवाया जाये। मौजा रानी नांगल मौ0 अलीपुरा पट्टा घाट व जसपुर मौजा की बन्द खितौती को तुरन्त खुलवाया ज्ञजाए। भिक्क ावाला फीडर पर बहुत सारी जर्जर लाइनों की रिपेयरिंग होनी है, जिसकी मरम्मत कार्य को शीघ्र कराया जाए। बैठक में लोकेंद सिंह, चेतन सिंह, देवसिंह, राजकुमार, दुष्यंत राणा, तेजवीर सिंह, सुनील कुमार, छत्रपाल सिंह, जोनी, प्रमोद कुमार, अजय कुमार, विजय पाल सिंह, सोमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

जनपद में चली अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही

मुजफ्फरनगर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए। जनपद के एसएसपी विनीत जायसवाल के आदेश पर जनपद पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात नियमों का पालन ना करने वालों पर कार्रवाई भी की गयी। जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने, कानून एंव शान्ति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए शु` वार को एसएसपी विनित जायसवाल के निर्देशन में समस्त थाना व चैकी प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना व चैकी क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान जनपद पुलिस द्वारा अपने-2 क्षेत्रों में पडने वाले बैंक, पेट्रोल पम्प, जनसेवा केन्द्रों एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर चेकिंग की गई तथा सुरक्षा उपकरणों की स्थिति को चेक करते हुए प्रबंधकों से कुशलता जानी गई। जनपद पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति व वाहन कीं चेकिंग के लिए स्थान चिन्हित कर मुख्य मार्गो, संवेदनशील स्थानों, जनपदीय बॉर्डर, हाइवे आदि स्थानो पर बैरियर लगाकर तेज रफ्तार मोटर साइकिल सवार व्यक्ति यों, फेस मास्क लगाए हुए व्यक्ति यों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, चारपहिया वाहनों में बिना शीट बेल्ट तथा संदिग्ध वाहन एवं व्यक्ति यों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन ना करने वालों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। चेकिंग अभियान के दौरान समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा चेकिंग अभियान का पर्यवेक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए हैं।

दरोगा सुमित राठी ने विजेता टीम को बांटे पुरूस्कार

झालू। हल्दौर थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी के निकटवर्ती गांव खारी मे चल रही तीन दिवसीय ि`केट प्रतियोगिता शांति पूर्वक सम्पन्न हुई, जिसमें प्रथम व द्वितीय आने वाली टीमों को उत्साह वर्धन हेतू दरोगा सुमित राठी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आज़ाद क्लब खारी द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल व सेमीफाइनल मैच बिजनौर की टीमों ने जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। झालू चौकी इंचार्ज सुमित राठी के करकमलों द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीमों को प्रतियोगिता के संयोजक आजाद क्लब द्वारा प्रथम टीम को (11 हजार रुपए) व द्वितीय टीम को (5 हजार रूपए) का चैक तथा ट्राफी का इनाम देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस दौरान नदीम प्रधान ने कहा की ग्रामीण आंचलो से ही प्रतिभाएं निकलकर ऊंचे मुकाम पर पहुँचकर देश का गौरव बढाने का काम करती है। दरोगा सुमित राठी ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलते हुए ऊंचाइयों तक पहुंचने के साथ -साथ आपसी सौहार्द भी बढता है और स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। इस दौरान ग्राम प्रधान नदीम अहमद अंसारी, वीडीओ मोहित कुमार, प्रधान संगठन से सचिन मलिक, पूर्व प्रधान सोनू कुमार, मौ असलम आजाद क्लब के शुऐब अहमद, मौ फैजान आदि सदस्य सहित सिपाही रोहित त्यागी, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

अंजना शर्मा भारी बहुमत से जीत रहीं हैं : अरविंदर सिंह लवली

■ वार्ड नंबर 212 में कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा तथा आप को दे रहीं जबरदस्त टक्कर, चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए आज शाम 5 बजे चुनाव प्रचार खत्म हो गया। गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 212 में कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ रहीं अंजना शर्मा ने आखिरी दिन चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। वह भाजपा तथा आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वहीं पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली ने कहा अंजना शर्मा यहां से भारी बहुमत से चुनाव जीत रहीं हैं।

हालांकि गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ रहा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं दिल्ली सरकार के पूर्व कद्दावर मंत्री अरविंदर सिंह लवली इसी क्षेत्र से कई बार विधायक रह चुके हैं। यह क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। अरविंदर सिंह लवली ने अंजना शर्मा को चुनाव में जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। उनका कहना है कि अंजना शर्मा यहां से न सिर्फ चुनाव जीत रहीं हैं बल्कि भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगी। वहीं अंजना शर्मा के पति सुरेन्द्र प्रकाश शर्मा इस क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व पार्षद रह चुके हैं। उनका कहना है मैंने इस क्षेत्र के लिए विकास का बहुत काम किया है। उन्होंने कोरोना काल में लोगो को भोजन, सेवा के अलावा दवाईयां तथा अन्य जरूरत के सामान घरों पर पहुंचवाये थे। मैंने लोगों की बहुत मदद की थी। आपकी मदद के लिए कौन आया था। जो आज नेता आपसे वोट मांग रहे हैं, वह अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए अपने घरों में छिप गए थे और जनता की सेवा करने से बच रहे थे जनता उन्हें भूली नहीं है ह्य जनता उनसे सवाल भी पूछ रही है और जवाब भी देगी।

पूर्व मंत्री अरविंदर लवली ने कहा दैनिक भास्कर को बताया कि निगम में सत्तारूढ़ भाजपा और दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने दिल्ली को नरक बना दिया है। उन्होंने कहा सफाई और निगम में भ्रष्टाचार सबसे प्रमुख चुनावी मुद्दा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र ही नहीं शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था सही नहीं है, जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। इस गंदगी से छुटकारा मिलना चाहिए। उनका कहना है कि निगम में छोटे-छोटे काम कराने के लिए भ्रष्टाचार का सहारा लेना पड़ता है, इसे तकनीकी का सहारा लेकर समाप्त किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रत्याशी अंजना शर्मा ने कहा कि उनके लिए साफ-सफाई निगम चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा है। क्षेत्र के ज्यादातर इलाकों में गंदगी फैली रहती है। निगम के सफाई कर्मियों की हड़ताल से कई बार स्थिति बेहद अराजक हो जाती है और सड़कों पर निकलना भी दूभर हो जाता है। रिहाईशी इलाकों और बाजारों में जिन जगहों पर ढलाव घर बने हैं, उन जगहों पर भी कूड़ा इधर-उधर दूर-दूर तक बिखरा पड़ा रहता है, जिससे बदबू फैलती है और इन एरिया से निकलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सही समय पर इस गंदगी को न उठाया जाना, सबसे बड़ी समस्या का कारण बन जाता है। इस वार्ड से चुनाव में, मैं जीतूंगी और साफ-सफाई के मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता दूंगा।

बाल भवन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय श्री जी. सी. लगन- खेल समारोह 2022

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। मयूर विहार फेज-2 स्थित बाल भवन पब्लिक स्कूल के श्री जी सी लगन स्मारक स्टेडियम में छठे श्री जी सी लगन- खेल समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह 01 दिसंबर 2022 से 02 दिसंबर 2022, दो दिन चला। समारोह में दिल्ली एवं दिल्ली एनसीआर में स्थित लगभग 60 विद्यालयों के 1400 विद्यार्थियों ने भाग लेकर इस आयोजन को भव्य एवं सफल बनाया। इस समारोह का उद्देश्य था शिक्षा जगत से जुड़े प्रत्येक विद्यालय का आपसी सौहार्द, एक दूसरे से मित्रता, आपसी प्रेम ० मैत्री की भावना बढ़ाना था, जिसमें न केवल विद्यालयों के प्रशासन के बीच अपितु अध्यापकों एवं सभी विद्यार्थियों के बीच भी एक स्वस्थ्य रूप में नया आकार ग्रहण करना था। 1 दिसंबर 2022 को पहले दिन इस खेल समारोह में मुख्य अथिति के रूप में प्रशासनिक अधिकारी हिमांशु गुप्ता, अर्जुन पुरस्कार विजेता छाया अदक और डीडी जोन 2 से डॉ. पीके त्यागी उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के निदेशक महोदय बीबी गुप्ता, चेयरमैन जीएस ग्रोवर, बाल भवन पब्लिक स्कूल, स्वास्थ्य विहार की प्रधानाचार्या रचना गुप्ता, अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास से रमेश कांडपाल, विद्यालय प्रबंधन कमेटी की सदस्या रिनी श्रीवास्तव, विद्यालय प्रधानाचार्य विविध गुप्ता, हेडमिस्ट्रिस कविता मेहरोत्रा, वरिष्ठ विंग प्रमुख नेहा गुप्ता व अन्य गणमान्य अथितियों की उपस्थिति में विद्यालय की बैंड टीम की अगुवाई में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस समारोह में सभी प्रतिभागी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए सभी अतिथियों को सलामी दी। तत्पश्चात एक संदेश के साथ गुब्बारों को हवा में उड़ाते हुए इस खेल समारोह का आरंभ हुआ। समारोह में सभी वर्गों के लिए विभिन्न दौड़ों का आयोजन किया गया था।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देने पहुंचे भंते संघप्रिय राहुल

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे देश में भाजपा कार्यकताओं ने उनके जन्मदिवस को पार्टिसिपेट किया। इस मौके पर राष्ट्रीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते संघप्रिय राहुल उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनसे मुलाकात की।

राष्ट्रीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते संघप्रिय राहुल ने बातचीत के दौरान बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा देश के विकास के लिए एक नई लकीर खींच रहे हैं वह दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में कई राज्यों में बीजेपी सरकार बनाने जा रही है, उनके सफल और कुशल नेतृत्व से भाजपा लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की गंभीर से गंभीर समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए राष्ट्रीय बौद्ध संघ भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लिए जा रहे फैसले का स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि जाति और मजहब से उठकर देश के विकास, एकता और अखंडता के लिए काम करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय बौद्ध संघ देश में आपसी भाईचारे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में सभी धर्म के लोगों का हिस्सेदारी और भागीदारी होनी चाहिए।

वी ने एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर लॉन्च किया लूडो टूर्नामेंट- 'लूडो खेलो लंदन जाओ'

भास्कर ब्यूरो

गुरुग्राम। जाने-माने दूरसंचारसेवा प्रदाता वी ने ऑनलाईन गेमर्स, खासतौर पर कैजुअल गेमर्स के लिए आकर्षक ऑफर की घोषणा की है। वी अपने उपभोक्ताओं को वी ऐप के वी गेम्स प्लेटफॉर्म पर ह्यएक्सप्रेस लूडो टूर्नामेन्टह्ल खेलने के लिए आमंत्रित कर रहा है, जिसमें जीतने वाले दो विजेताओं को लंदन ट्रिप पर जाने का मौका मिलेगा। टूर्नामेन्ट की शुरूआत 30 नवम्बर से हुई और यह 15 दिसम्बर 2022 तक जारी रहेगा। रोजाना एक्सप्रेस लूडो टूर्नामेंट जीतने वाले विजेता अपनी रैंकिंग के आधार पर टिकट्स जीत सकते हैं। गेमर्स टूर्नामेंट में जितना ज्यादा खेलेंगे और जितने ज्यादा टिकट हासिल करेंगे, उतना ही लंदन ट्रिप जीतने की संभावना बढ़ जाएगी। इस ट्रिप में उन्हें दो लोगों के लिए फ्लाईट टिकट और स्टे का खर्च दिया जाएगा। विजेताओं के नाम और तस्वीरों को वी सोशल मीडिया पेज पर साझा किया जाएगा। इसके अलावा, वी पिछले कुछ सप्ताहों से वी ऐप पर वी गेम्स के तहत तम्बोला नाईट्स का संचालन भी कर रहा है, जहां रोजाना शाम 8 बजे से हर 30 मिनट पर एक तम्बोला गेम शुरू होता है, यह सिलसिला मध्यरात्रि तक जारी रहता है। इसके साथ, वी ने अपने यूजर्स को तम्बोला का वास्तविक अनुभव प्रदान करने प्रयास किया है। वी के यूजर टिकट के लिए बिना कोई कीमत चुकाए तम्बोला खेल सकते हैं और फुल हाउस या एक लाईन या अर्ली 5 के लिए कैश वाउचर जीतने का मौका पा सकते हैं। वी ऐप पर वी गेम्स, 1200 से अधिक एंड्रोइड एवं एचटीएमएल5 आधारित गेम्स के साथ गेमिंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है जिसमें 10 लोकप्रिय श्रेणियों जैसे- एक्शन, एडवेंचर, आर्केड, कैजुअल, एजुकेशन, फन, पजल, रेसिंग, स्पोर्ट्स और स्ट्रैटेजी - में गेम्स उपलब्ध हैं।

42वां एरोकॉन 2022ः भारत में कैंसर के सफल व अफोर्डेबल उपचार के लिए पहल

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट ने 1 से 4 दिसंबर 2022 के बीच द मानेकशॉ सेंटर, नई दिल्ली में पर्सनलाइजिंग आइसोडोज, क्यूरिंग लाइव्स विषय पर अपना 42वां वार्षिक सम्मेलन ह्यएरोकॉनह्ल आयोजित किया। मेंबर ऑफ पार्लियामेंट- डॉ. अनिल जैन, राष्ट्रीय निदेशक, आयुष- रघुनाथ राव, डॉ. राजेश वशिष्ठ, अध्यक्ष एआरओआई और डॉ. जी वी गिरी, सचिव, एआरओआई ने 42वें एरोकॉन सम्मेलन का उद्घाटन किया। डॉ जी के रथ एवं डॉ के टी भौमिक इस कार्यक्रम के मेंटर रहे। डॉ. मुनीश गैरोला, अध्यक्ष, आयोजन समिति, एआरओआई, निदेशक रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, राजीव गांधी कैंसर संस्थान और अनुसंधान केंद्र, दिल्ली ने बताया कि 1500 से अधिक, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉक्टर्स ने वार्षिक बैठक व सम्मलेन में भाग लिया और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की नई तकनीकों और चिकित्सा पद्वति पर चर्चा की। डॉ. मनीष पांडे, महासचिव, आयोजन समिति, एआरओआई, सीनियर कंसल्टेंट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, बालाजी एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली ने बताया कि, कैंसर के उपचार को जनता के लिए सस्ता और अफोर्डेबल बनाने के लिए हम एमआरआई गाइडेड लीनियर एक्सेलरेटर और प्रोटॉन थेरेपी के साथ रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की लागत और जटिलताओं को नियंत्रित करने के लिए काम कर रहे हैं। प्रोटॉन थेरेपी, जिसे प्रोटॉन बीम थेरेपी भी कहा जाता है, एक प्रकार की रेडिएशन चिकित्सा है। यह कैंसर के इलाज के लिए एक्स-रे के बजाय इस प्रोजेक्ट ने किफायती और सामायिक मानसिक स्वास्थ्य पर देखभाल की आवश्यकता तथा कोविड-19 महामारी के मानसिक स्वास्थ्य के ऊपर प्रभाव पर प्रकाश डाला। मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों में वृद्धि ने कम लागत वाली डिजिटल तकनीकों को लागू करने के लिए दरवाजे खोल दिए हैं जो मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियों के निर्माण में सरकार के प्रयासों का समर्थन करने में सहायक हैं। डॉ. राजेश सागर प्रोफेसर और प्रमुख मनोचिकित्सा विभाग एम्स ने कहा टेली-मेंटल हेल्थ एक गेम चेंजर है, जब देश के उन हिस्सों में सेवाओं की पहुंच को आसान बनाने की बात आती है, जिनतक गुणवत्ता देखभाल नहीं पहुंच पाती जो महानगरों या टियर 1 शहरों में लोगों के लिए उपलब्ध है। देश की स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और प्राथमिक देखभाल व्यवस्था में प्रभावी मानसिक स्वास्थ्य देखभाल वितरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता है ताकि वंचित आबादी तक पहुंचा जा सके।

मानसिक स्वस्थ्य रोगों से आज भी जूझ रहे 25 प्रतिशत कोविड पीड़ित

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठन ने दिल्ली गुजरात और झारखंड में मानसिक स्वास्थ्य और लिंग आधारित हिंसा पर अपने 18 महीने लंबे प्रोजेक्ट के महत्वपूर्ण सीख और जानकारी साझा की। प्रोजेक्ट को यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के सहयोग से पूरा किया गया। साथ ही इसे केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान और रांची न्यूरोसाइकिया ट्री और संबद्ध विज्ञान संस्थान जैसे प्रमुख संस्थानों से तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई गई। प्राची शुक्ला कंट्री डायरेक्टर वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स ने कहा

सीबीएसई की योगा प्रतियोगिता का चैंपियन बना कमल मॉडल स्कूल

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के द्वारका स्थित अभिनव स्कूल में आयोजित 3 दिवसीय स्टेट सीबीएसई योगा प्रतियोगिता में मोहन गार्डन स्थित कमल मॉडल स्कूल ने अपनी जीत का परचन लहराया है। इस प्रतियोगिता में दिल्ली के 80 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया था, जिसके विभिन्न वर्गों में कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन गार्डन के बच्चों ने अंडर-19 की योगा चैम्पियनशिप को जीत कर दिल्ली में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सीबीएसई के ऑबजर्बर, योगा फेडरेशन के सदस्यों के अलावा सीबीएसई गवर्निंग बॉडी की सदस्या वंदना टंडन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कमल-वंदना एजुकेशन के चेयरमैन डॉ. वेद टंडन ने इस अवसर पर बच्चों को बधाई दी और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। जबकि, अभिनव स्कूल के चेयरमैन के के बंसल, वाइस प्रेसिडेंट सरोज बंसल व मैनेजर कौटिल्य बंसल सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस मौके पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. वेद टंडन ने योगा टीचर संदीप बेदी को उनकी टीम की जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।

गीता जयंती पर इस्कॉन द्वारका में मिलेगा व्यक्ति के कष्टों का समाधान

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्लीः इस संसार में प्रत्येक व्यक्ति अनेक प्रकार की कठिनाइयों में फँसा रहता है, दुखी रहता है, बिलकुल ऐसे जैसे कि कुरुक्षेत्र के मैदान में युद्ध करने से पहले अर्जुन कठिनाई में था। जब कोई रास्ता नजर नहीं आया तो अंततः उसने श्रीकृष्ण भगवान की शरण ग्रहण की। आज व्यक्ति के पास भी न तो दुखों का अंत है और न उनका कोई हल। ऐसे में इस्कॉन द्वारका दिल्ली मंदिर व्यक्ति के दुखों के समाधान के रूप में यही संदेश लेकर आया है कि श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ करो और अर्जुन जैसे सखा, शिष्य और सच्चे भक्त बनकर श्रीकृष्ण की शरण ग्रहण करो। शनिवार यानी 3 दिसंबर को गीता जयंती के पावन अवसर पर मंदिर में प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक गीता के श्लोकों का उच्चारण कर हवन यज्ञ में आहुति दी जाएगी। इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आप भी अपने जीवन की समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। माना जाता है कि गीता जयंती के दिन जो कोई श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों को विनम्र भाव से पढ़ता है, सुनता है तो उसका हृदय पवित्र हो जाता है और उसे कोटि-कोटि जन्म का पुण्य लाभ मिलता है। इस दिन आप गीता दान करके एक अन्य लाभ भी ले सकते हैं। इसका हिस्सा बनकर आप तुलादान भी करा सकते हैं। परिवार में किसी भी सदस्य के भार के बराबर गीता दान कर भवबंधन से मुक्ति प्राप्त करने का अतुलनीय लाभ उठा सकते हैं। मंदिर प्रांगण में तुलादान एवं भगवद्गीता वितरण की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

एडब्लूएस ने वॉटर पॉजिटिव होने का संकल्प लिया

नई दिल्ली। एडब्लूएस रिःइन्वेंट में एमेजॉन.कॉम, इंक. कंपनी एमेजॉन वेब सर्विसेज, इंक. ने घोषणा करके बताया कि यह साल 2030 तक वॉटर पॉजिटिव (वॉटर+) कंपनी बन जाएगी, और समाज को अपने ऑपरेशंस में इस्तेमाल होने वाले जल से ज्यादा जल लौटाएगी। 2030 तक वॉटर+ बनने के प्रयास में एडब्लूएस चार मुख्य रणनीतियाँ चला रहा है, जिनमें वॉटर एफिशियंसी में सुधार, जल के सस्टेनेबल संसाधनों का इस्तेमाल, समाज में पुनः उपयोग के लिए जल की वापसी, और जल पुनर्भरण के प्रोजेक्ट्स में सहयोग करना शामिल है। भारत में एडब्लूएस नॉनप्रॉफिट वाटरएड के साथ जल पुनर्भरण के प्रोजेक्ट्स में सहयोग कर रहा है, जिसमें आंध्र प्रदेश और हैदराबाद, तेलंगाना में समुदायों के लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग, ग्राउंडवॉटर रिचार्ज, और पाईप्ड वॉटर इंस्टॉलेशन शामिल हैं। इस गठबंधन की मदद से 420 वॉटर प्वाईंट इंस्टॉलेशन, 126 रेनवॉटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट्स, और 120 ग्राउंडवॉटर रिचार्ज संरचनाओं द्वारा समाज व स्कूलों को प्रतिवर्ष 650 मिलियन लीटर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। एडब्लूएस के सीईओ, एडम सेलिपस्काई ने कहा, जल की कमी पूरी दुनिया की एक बड़ी समस्या है और आज वॉटर पॉजिटिव की घोषणा के साथ हम इस तेजी से बढ़ती समस्या का समाधान करने में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, कुछ ही सालों में दुनिया की आधी आबादी पानी की कमी वाले इलाकों में निवास कर रही होगी, इसलिए सभी लोगों को स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हमें नए तरीके इनोवेट करने की जरूरत है, ताकि इस बहुमूल्य संसाधन के संरक्षण और पुनः उपयोग में मदद मिल सके। हमें अपने द्वारा अब तक की गई प्रगति पर गर्व है, लेकिन हमें मालूम है कि हम इससे भी ज्यादा कर सकते हैं।

भाजपा उम्मीदवार भरत गौतम के समर्थन में बिहारी कॉलोनी में विशाल जनसभा आयोजित

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022के तहत शाहदरा वार्ड नं 215 से भाजपा उम्मीदवार भरत गौतम के समर्थन में आज शाहदरा के बिहारी कॉलोनी में एक जन सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भरत गौतम ने आने वाली 4 दिसंबर को भाजपा को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की और वही इस अवसर पर भाजपा राज्य सभा सांसद दुष्यन्त गौतम ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा इन भ्रष्ट सरकारो ने कुछ नही किया। इस दौरान जनसभा में हजारों लोगों ने उपस्थित होकर भाजपा उम्मीदवार भरत गौतम को भारी मतों से जीत का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उत्तराखड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, निर्मल जैन, पूनम अरोड़ा के अलावा अन्य गण मान्य लोग उपस्थित हुए।

अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान करें क्रिसमस ग्रॉसरी की खरीदारी

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। सर्दियों और क्रिसमस सीजन के शुरू होने के साथए अमेजन फ्रेश पर 7 दिसंबर तक चलने वाले श्सुपर वैल्यू डेजश के दौरान अपनी किराना जरूरतों को पूरा जरूर कर लें। क्योंकि ग्राहक अमेजन फ्रेश पर खरीदारी करके किरानाए घरेलू आवश्यक सामानए पैक्ड फूडए स्नैक्स और बेवरेजए खादान्न और पालतू जानवरों के लिए लॉन्च किए गए सिलेक्शन पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। दावतए कैडबरीए यूनिबिकए नेस्कैफेए टाटा संपन्नए डेटॉलए पेडिग्री और आशीर्वाद जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स के कुछ रोमांचक ऑफर्स के साथ अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग डेस्टिनेशन से न्यू क्रिसमस रेसिपी को आजमाएं और सर्दियों के मौसम का आनंद उठाएं। उपभोक्ता 1 से 3 दिसंबर के बीच कोटकट बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड और 4 से 7 दिसंबर 2022 के बीच आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड से न्यूनतम 2500 रुपये की खरीदारी पर इंस्टैंट 10ः डिस्काउंट, रू. 300 तक हासिल कर सकते हैं। यहां प्रतिभागी विक्रेताओं द्वारा दिए जाने वाले ऑफर्स पर डालते हैं एक नजररू स्नैक्स और बेवरेज रू नेस्कैफे क्लासिक इंस्टैंट पावडर कॉफीए 200 ग्राम डॉन जाररू अपने दिन की शुरूआत इस क्लासिक के पहले घूंट के साथ करें जो नए अवसरों के लिए आपकी इंद्रियों को जागृत करती है।

मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के प्रथम स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ भव्य समारोह

भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। जनता रोड पुवांरका स्थित मां शाकंभरी विश्वविद्यालय मैं दो दिसंबर को प्रथम स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उच्च शिक्षा प्रमुख सुधीर एम बोबडे, भाजपा राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिव प्रकाश, मां शाकंभरी देवी सिद्ध पीठ, के पीठाधीश्वर स्वामी सहजा नंद जी महाराज, योगाचार्य पदम श्री भरत भूषण ने संयुक्त रूप से मां शाकंभरी देवी एवं सरस्वती देवी के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर उनके चित्र पर पुष्पार्पण किया।जिसके तत्पश्चात सहारनपुर मुन्नालाल कालेज की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती गीत की वंदना की गई। वही सरसावा इलम चंद कॉलेज द्वारा मां भगवती नवदुर्गा की प्रस्तुति की गई जिसमें सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे उच्च शिक्षा प्रमुख सुधीर एम बोबडे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेशानुसार तीन महीने से विवि कार्य ग्रहण किया है जिसके बाद मुझे प्रथम लोकार्पण में पहुंचने का अवसर मिला, उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से शासन को जो अपेक्षा है चाहे वह भारत सरकार हो या राज्य सरकार उनके प्रयास से ऐसे छात्र छात्राओं जिसमें प्रौद्योगिक क्षमता है जो उच्च शिक्षा प्राप्त करे उन्हें हर तरह से आगे बढ़ाना है,उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में कौशल केंद्र स्थापित है ताकि बच्चे पढ़ाई पूरी करने के बाद उनकी योग्यता अनुसार नौकरी प्राप्त कर सके। जिससे देश उन्नति करेगा जिससे देश उन्नति करेगा करेगा, उन्होंने कहा कि धन की कोई कमी नहीं है कार्य मैं तेजी एवं गुणवत्ता के साथ हो रहा है।

वही वशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने कहा कि यदि पिछले 8 वर्ष से शिक्षा के क्षेत्र मूल्यांकन करते हैं तो 2013, 2014 में देश के अंदर जो आईआईटी है 16, लेकिन आज उनकी संख्या 23 हो गई है, अगर हम विवि की तुलना करते हैं तो संपूर्ण देश के अंदर 723 थी आज वह संख्या बढ़कर 1033 हो गई है, विवि के साथ जो संबंध कॉलेज है उनकी संख्या देश में 36634 थी जो बढ़कर 42334 हो गई है, उन्होंने कहा कि देश के अंदर उच्च शिक्षा का मॉडल दुनिया की तुलना में एक श्रेष्ठ मॉडल बने इसके लिए देश भर के अंदर शिक्षा का एक नया मॉडल जिसकी देश के अंदर बहुत पहले से मांग थी न्यू एजुकेशन पॉलिसी 20,20 जिसके अंतर्गत देश भर के अंदर हम जो प्रयास कर रहे हैं शिक्षा के माध्यम से देश व विश्व की आवश्यकता है उसकी पूर्ति करने का प्रयास कर रहे हैं उन्होंने कहा कि देश के प्रति समर्पित लोग हो भले ही उनकी भाषा अलग-अलग होंगी क्षेत्र अलग-अलग होंगे खानपान अलग-अलग होगा वेशभूषा अलग-अलग होगी लेकिन हम सब एक हैं इसी प्रकार को जागृति करने वाली शिक्षा हम दे सकें इसी मॉडल की आवश्यकता है। इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुंबर, भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र सैनी, नगर निगम मेयर संजीव वालिया, पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर, पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा, राकेश जैन, महावीर राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता साहब सिंह पुंडीर, विश्वविधालय के कुलसचिव वीरेन्द्र कुमार मौर्य वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी डा प्रवीण कायदान आदि विवि के कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

चुनाव जीतने पर भाजपा स्वास्थ्य केंद्रों से जुड़ी आंगनबाड़ी महिलाओं का मानदेय बढ़ाएगी : मनोज तिवारी

■ घोंडा वार्ड नंबर 231- प्रीति के समर्थन में उतरे भारत के एक प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया लाल और सांसद मनोज तिवारी

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। घोंडा विधानसभा क्षेत्र में वार्ड नंबर 231 से भाजपा प्रत्याशी प्रीति गुप्ता के समर्थन में शुक्रवार को भारत के एक प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया लाल भी उतर गए। आज उन्होंने गामड़ी रोड एक सभा में भगवान राम के भक्ति भजन गाकर सभी का दिल जीत लिया। दूसरी तरफ उत्तर पूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद एवं भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने सभा में समां बांध दिया। खचाखच भरी सभा में मनोज तिवारी ने कहा प्रीति गुप्ता को जिताना है। प्रीति गुप्ता के जीतने के बाद पहले ही दिन भाजपा महिलाओं के लिए 12 बिंदुओं पर कार्य करेगी। कन्हैया लाल मित्तल भारत के एक प्रसिद्ध और सबसे कम उम्र के भक्ति गायक हैं। उन्हें भजन जो राम को लाए हैं के लिए भी जाना जाता है। कन्हैया लाल मित्तल को भक्ति गायन के लिए 2020 में दिव्य सम्मान पुरस्कार मिला है। बाद में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा दिल्ली में केजरीवाल सरकार द्वारा जो शराब पॉलिशी लाई गई थी जिसके कारण गली-गली में शराब के ठेके पहुंचे थे, एक बोतल पर एक फ्री जैसी नीति के कारण जो परिवारों में समाजिक संकट उत्पन्न हुआ था उस सब से महिलाएं केजरीवाल सरकार से खिन्न हुई हैं और वहीं दूसरी ओर वह कोविड काल में केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के किए कार्यों विशेषकर गरीब परिवार को फ्री राशन के कारण आज खुद को भाजपा के निकट पा रही हैं। तिवारी ने कहा दिल्ली में महिलाओं द्वारा संचालित 50 अन्नपूर्णा रसोई स्थापित करेंगे। पांचवी के मेधावी छात्राओं को स्कॉलरशिप देना, गरीब विधवा महिलाओं की बेटियों के विवाह की अनुदान राशि बढ़ाकर 50 हजार करना, निगम मैटरनिटी केंद्र में जन्म लेने वाली बच्चियों को बैंक एफडी का तोहफा, नगर निगम के सभी 130 महिला स्वास्थ्य केंद्रों एवं मैटरनिटी केंद्रों का आधुनिकरण करना, बाजारों में पिंक टॉयलेट एवं शिशु पोषण कक्ष खोलना, निगम स्वास्थ्य केंद्रों से जुड़ी आंगनबाड़ी महिलाओं का मानदेय बढ़ाएगी। झुग्गी बस्तियों में महिला हेल्थ चेकअप के साथ ही निःशुल्क आयरन एवं विटामिन टेबलेट बांटना प्रमुख हैं, इससे महिलाओं में उत्साह है और वह इस चुनाव में भाजपा के साथ चलने का मन बना चुकी हैं। महिलाओं के लिए भाजपा के संकल्प पत्र में महिलाओं को समर्पित 12 बिंदुओं पर महिलाओं में चर्चा हो रही है और दिल्ली की महिलाओं का रुझान स्पष्टता से भाजपा की ओर है।

जनपद बिजनौर में दैनिक भास्कर के बढ़ते कदम

जनपद में अमन व शांति व्यवस्था बनाए रखें

उमेश मिश्रा
ज़िलाधिकारी, बिजनौर

दिनेश सिंह
पुलिस अधीक्षक

पूर्ण बोरा
मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर

दैनिक भास्कर

जहांगीर भारती (ज़िला प्रभारी)
दैनिक भास्कर
मो.9837992786
dainikbhaskarbjn@gmail.com
ज़िला कार्यालय: रोडवेज़ बस स्टैण्ड के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)

कुँवर संजय सिंह
कूकड़ा स्टेट हल्दौर
जनपद-बिजनौर

राजा अंसारी
नगर पालिका परिषद, नहटौर से
चेयरमैन पद प्रत्याशी
जनपद-बिजनौर

इरफान मंसूरी
मण्डप उपाध्यक्ष भाजपा
अ.मो., नहटौर

हाजी अख़्तर अली
नगर पालिका परिषद, नहटौर से
चेयरमैन पद प्रत्याशी
जनपद-बिजनौर

मनोज कुमार
प्रभारी निरीक्षक थाना किरतपुर

चौधरी गुनवान सिंह
भावी प्रत्याशी
भाजपा अध्यक्ष पद
नगर पालिका
परिषद, नहटौर

आपसी भाईचारा बनाए रखें
अग्रवाल फिलिंग स्टेशन
चान्दपुर, बिजनौर
मनोज अग्रवाल
वरिष्ठ समाजसेवी

अनन्त अग्रवाल
युवा समाजसेवी

शमशाद अंसारी
चेयरपर्सन पति
जनपद-बिजनौर

प्रोपराइटर
शरीफ़ अहमद राईन

मन्नत फार्म
मुरादाबाद रोड, स्योहारा
एक बार ख़िदमत का मौका दें

वर्मा मैटरनिटी एण्ड नर्सिंग होम


डा. मनोज वर्मा
हृदय रोग विशेषज्ञ

निकट-स्टेशन रोड, स्योहारा
अपील-
-संचारी रोगों के प्रति जागरुक रहें
-डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड से बचने के लिए गन्दा पानी और कचरा जमा न होने दें
-मामूली बुखार आने पर भी अपने चिकित्सक से जरूर मिलें
-मच्छरदारी एवं पूरी आस्तीन के कपड़ों का प्रयोग करें
-गर्भवती महिलाओं की खून एवं स्वास्थ्य सम्बंधी अन्य जांचें कराते रहें

डा. लिपिसेन वर्मा
स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ

फज़ल अंसारी
स्योहारा

पांच साल
शेरकोट बेहाल

कमरुल इस्लाम (कम्मू)
पूर्व चेयरमैन
नगर पालिका परिषद, शेरकोट

अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका परिषद, किरतपुर
जनपद-बिजनौर

गुल अहमद ठेकेदार
ग्राम ऊमरी, जनपद-बिजनौर

अरशद अंसारी
चेयरपर्सन पुत्र
नगर पालिका परिषद, चान्दपुर
जनपद-बिजनौर

अज़ीम अहमद
सभासद प्रत्याशी
नगर पालिका परिषद, नहटौर
जनपद-बिजनौर

संस्थापक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल। दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के लिए मुद्रक व प्रकाशक अशोक निर्वाण द्वारा ए0जी0एस0 पब्लिकेशन्स, एफ 23, सेक्टर-06, नोएडा से मुद्रित एवं एफ 23, सेक्टर-06 से प्रकाशित, सम्पादक अशोक निर्वाण* (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी*)। समस्त विवाद नोएडा न्यायालय के अधीन होंगे। **वेबसाइट:** dainikbhaskarup.com आरएनआई नं. UPHIN/2010/33190, संपादकीय कार्यालय: 29, आरडीसी राजनगर निकट जिला न्यायालय व जिला जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद-201002 उत्तर प्रदेश, ई-मेल: nirwanjournalist.nirwan7@gmail.com, bhaskarnoidaadvertisement@gmail.com मो. 9711991712

हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते पर चलाने का प्रयास करना चाहिए। हम सभी एकजुट होकर ईमानदारी व सच्ची निष्ठा से अपना कार्य करे

एसटीएफ ने बरामद की एक करोड़ की स्मैक, दो गिरफ्तार

■ जनपद सहारनपुर के दुमखेड़ा रोड से हुई गिरफ्तारी, काफी समय से थी तलाश

भास्कर ब्यूरो

मेरठ। स्पेशल टास्क फोर्स ने अंतर्राज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 02 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जनपद सहारनपुर के दुमखेड़ा रोड से ये गिरफ्तारी हुई है। तस्करों के पास से एसटीएफ ने 1.700 किग्रा स्मैक को बरामद किया है। जिसकी अंर्तराष्ट्रीय मार्केट में मूल्य लगभग 01 करोड़ रुपए है।

एसटीएफ फील्ड यूनिट के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया, एसटीएफ उप्र को विगत काफी समय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाए प्राप्त हो रही थी। इस संबंध में एसटीएफ की इकाइयों, टीमों को तैयार किया गया। उपनिरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में मु.आ. प्रमोद कुमार जोशी राणा, आरक्षी दीपक कुमार, विकास धामा की एक टीम जनपद सहारनपुर क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हैं, वो स्मैक लेकर थाना चिलकाना से दुमखेड़ा जाने वाले रास्ते पर किसी से मिलने आने वाले है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम स्थानीय पुलिस को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुँच गई। आवश्यक बल प्रयोग करते हुए 02 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनके पास से 1.700 किग्रा स्मैक को बरामद किया है। जिसकी अंर्तराष्ट्रीय मार्केट में मूल्य लगभग 01 करोड़ रुपए है। पूछताछ में तस्करों ने अपने नाम महताब चौधरी पुत्र अब्दुल रहीम निवासी ग्राम दुमखेड़ा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर व शहनवाज उर्फ पप्पू पुत्र बाबू हसन निवासी मोहल्ला जाकिर हुसैन थाना चिलकाना सहारनपुर बताया।

तस्करों ने पूछताछ में ये बताया

गिरफ्तार तस्कर महताब ने पूछताछ में बताया, वह स्मैक बरेली के रहने वाले बबलू नामक व्यक्ति से मोबाइल द्वारा संपर्क कर शहनवाज के माध्यम से मंगवाया था। शहनवाज उर्फ पप्पू ने पूछताछ पर बताया, महताब ने बरेली में भोजीपुरा पहुँचने के लिए कहा था। भोजीपुरा पहुँचकर महताब को फोन किया तो उसने कहा कि थोड़ी देर में एक आदमी आकर मिलेगा, उसे पैसो का बैग दे देना और जो वह सामान दे उसे ले आना। कुछ देर बाद एक व्यक्ति मेरे पास आया और पैसों का बैग ले लिया। दो पॉलिथील में कुछ सामान दिया, जिसे लेकर वह महताब को देने आया था। महताब बरेली आने-जाने की एवज में 10 हजार रुपए देता है। महताब के लिए नवम्बर में चार बार सामान (स्मैक) ला चुका है।

चुनाव प्रचार खत्म, भाजपा, आप और कांग्रेस ने झोंकी ताकत, 4 दिसंबर को वोटिंग

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों पर होने वाले चुनाव के लिए चुनाव प्रचार खत्म हो गया है। एमसीडी के लिए चुनाव प्रचार में बीजेपी, आप और कांग्रेस सहित सभी दलों ने पूरी ताकत झोंकी है। दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों पर 4 दिसंबर को वोटिंग होगी। एमसीडी चुनाव के नतीजे 7 दिसंबर को जारी किए जाएंगे। दिल्ली नगर निगम चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शुक्रवार को बीजेपी-आप तथा कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। आज बीजेपी की तरफ से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री मनीक्षा लेखी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बीजेपी प्रत्याशियों के पक्ष में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में रोड शो किया। इसके साथ ही आप की तरफ से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सीएम अरविंद केजरीवाल ने टाउनहॉल विद केजरीवाल कार्यक्रम में व्यापारियों के साथ बात की। इस दौरान सीएम केजरीवाल ने कहा कि नगर निगम में भ्रष्टाचार है और नीयत खराब है, आप एमसीडी के अंदर तीन चार महीनों के बाद भ्रष्टाचार खत्म कर देगी।

3 दिसंबर को सभी सरकारी स्कूलों की छुट्टी

वहीं एमसीडी चुनाव को लेकर शिक्षा निदेशालय दिल्ली ने 3 दिसंबर को सभी सरकारी स्कूलों में एक दिन की छुट्टी घोषित की है। डीओई दिल्ली ने कहा है कि 3 दिसंबर को दिल्ली एमसीडी चुनाव 2022 के लिए मतदान की तैयारियों के कारण स्कूलों में छुट्टी घोषित की जानी है। इसके लिए एक लेटर भी जारी किया गया है। डीओई ने एक बयान में कहा, शिक्षा निदेशालय के सभी सरकारी स्कूलों के प्रमुखों को सूचित किया जाता है कि 3 दिसंबर, 2022 (शनिवार) को दिल्ली एमसीडी चुनाव 2022 की मतदान तैयारियों के कारण स्कूलों में अवकाश रहेगा।

मतदान केंद्रों पर 30,000 सुरक्षाकर्मी होंगे तैनात

एमसीडी चुनाव को लेकर कानून-व्यवस्था का भी खास ध्यान रखा जा रहा है। दिल्ली स्पेशल सीपी (कानून-व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा है कि 4 तारीख को दिल्ली में होने वाले निगम चुनाव के लिए साउथ और वेस्ट क्षेत्र के 7 जिलों में पुलिस ने पूरी तैयारी की हुई है। वहीं एमसीडी चुनाव के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर 30,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। इसके साथ ही महत्वपूर्ण बूथों/संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाकर्मियों की अधिक तैनाती होगी।

केजरीवाल ने दिल्ली में 33 लाख रुपये की राशि बांटकर अपराधिक कृत्य किया है : आशीष सूद

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा नगर निगम चुनाव समिति के संयोजक आशीष सूद ने एक संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली के कंस्ट्यूशन क्लब में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा कानून को ताक पर रखकर 33 लाख रुपये की राशि वितरण के अपराधिक कृत्य की कड़ी निंदा की और चुनाव आयोग से कानून के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की है। प्रेसवार्ता में भाजपा के विधि सह-संयोजक संकेत गुप्ता उपस्थित थे। आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विदेशी एन.जी.ओ. से आए हुए पैसे से बिना किसी अनुमति के चेक बांटने का कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी जानकारी जब चुनाव आयोग को दी गई तो आयोग ने इसे तुरंत प्रभाव से रोकने का निर्देश जारी किये पर फिर भी केजरीवाल ने उस कार्यक्रम को रोका नहीं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के तहत किसी भी तरह का प्रलोभन या राशि वितरण धारा 171 आईपीसी के तहत अपराध की श्रेणी में आता है और आम आदमी पार्टी आज भाजपा के बढ़ते हुए जनाधार से बौखलाकर दिल्ली में वोटर्स के बीच राशि वितरण का यह घिनौना कृत्य कर रही है जो कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश देने के बावजूद जिलाधिकारी ने इस कार्यक्रम को क्यों नहीं रोका, भाजपा इसकी जांच एवं जिलाधिकारी पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग करती है। इसके साथ ही हमारी यह भी मांग है कि चुनाव आयोग इस कानूनी उल्लंघन की जांच करें और इसके लिए अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कर सजा सुनिश्चित की जाए।

बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए प्रोजेक्ट एवं शोध पत्र

भास्कर ब्यूरो

मेरठ। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस-2022 का आयोजन पश्चिमी उत्तर प्रदेश की नोडल एजेंसी इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी लखनऊ द्वारा एमआईईटी में किया गया। प्रदेश समन्वयक दीपक शर्मा ने बताया, भारत सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों को ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वह अपने शोध कार्य को प्रदर्शित कर सकें व अपने खोज एवं ज्ञान की प्यास को तृप्त कर पाएं।

निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा बाल वैज्ञानिकों के प्रस्तुतीकरण के पश्चात उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रोजेक्ट एवं शोध पत्रों से संबंधित मूल भावना एवं तथ्यों की जांच हेतु गहन पूछताछ की गई। निर्धारित मानदंडों के आधार पर उनको अंक प्रदान किए गए। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस एक सैकड़ा से अधिक प्रोजेक्ट शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण हुआ। विभिन्न उप विषयों पर 4-4 निर्णायकों ने गहन मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में डॉ. पंकज कुमार, डॉ. आशुतोष मिश्रा, डॉ. निधि अग्रवाल, तारिक बदर, डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा, डॉ. एके शुक्ला, डॉ. सचिन कुमार शांडिल्य, डॉ. विकास मिश्रा, डॉ. सुशील कुमार, प्रोफेसर मोहनकांत गौतम, डॉ. आशा बिष्ट, मोनिका दुग्गल, डॉ. स्वामी बनर्जी, डॉ. नाजिश मलिक, अरविंद कुमार, डॉ. जितेंद्र प्रताप, डॉ. रजनी शर्मा, दीक्षा वार्ष्णेय, मनजीत कौर, दिशा राणा, राहुल जोशी, डॉ. संदीप कुमार मौर्य, चंदन यादव, स्मिता शर्मा आदि ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी-नोडल एजेंसी के कार्यकारी सचिव डॉ. वीपी सिंह, गीता सचदेवा, संजना, प्रोफेसर मोहन कांत गौतम, तारिक बदर, डॉ. विकास मिश्रा, बृजेश सिंह, प्रोफेसर एपी सिंह, विशाल चौहान, कार्तिकेय शर्मा, मानवी, अर्पित आदि का योगदान रहा।

दहेज में नहीं मिले एक करोड़ तो पत्नी को मार डाला

■ मृतका के पिता पहुंचे एसएसपी कार्यालय, कब्र से शव निकालकर पीएम कराने की मांग

मेरठ। विदेशी महिला से अवैध संबंध और दहेज में एक करोड़ की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या कर दी गई। एसएसपी कार्यालय पर मृतका के पिता ने रो-रोकर अपनी पुत्री के लिए इंसाफ मांगा। ज्ञापन देकर कहा, इस मामले की निष्पक्ष जांच हो, कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम कराया जाए।

थाना लिसाड़ीगेट क्षेत्र के समर गार्डन निवासी शफीकुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन ने बताया, 11 साल पहले उसने अपनी पुत्री नसरीन का निकाह हुमायुंनगर निवासी आमिर पुत्र जान मोहम्मद के साथ किया था। शादी में उसने 35 लाख रुपये का खर्च किया था, लेकिन ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। आए दिन दहेज का ताना देकर उत्पीड़न किया जाता था, जिसकी शिकायत नसरीन ने अपनी मां रईसा से की थी। ये भी बताया था कि आमिर का एक विदेशी महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था, उसी से शादी की तैयारी की जा रही थी और नसरीन को ट्रिपल तलाक की धमकी मिल रही थी। नसरीन दो बच्चों की मां थी, जिस कारण वह ससुराल में परेशानी का सामना कर रही थी।

घर पहुंचे तो मृत थी नसरीन

शफीकुद्दीन ने रोते हुए बताया, गत 29 नवंबर को आमिर का फोन आया, बताया नसरीन बीमार है और पलंग से उठ नहीं रही। जब वे उसकी ससुराल पहुंचे तो वह मृत अवस्था में थी। उसकी मौत कैसे हो गई, इस बारे में ससुराल वाले कुछ नहीं बता पाए। रिश्तेदारों के कहे में आकर नसरीन के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया था।

विदेशी महिला से अवैध संबंध का आरोप

शफीकुद्दीन ने बताया, अब वे अपनी बेटी के लिए इंसाफ चाहते है। क्योंकि विदेशी महिला से अवैध संबंध के कारण घर में गृह चल रहा था। जिसका विरोध नसरीन करती थी। आमिर विदेश जाने की तैयारी कर रहा था। विदेश जाने के लिए एक करोड़ की मांग की जा रही थी, इन रुपयों को देने की उनकी हैसियत नहीं है, वे रुपये नहीं दे पाए। रुपये नहीं मिले तो आमिर ने अपने परिजनों संग मिलकर नसरीन की हत्या कर दी। ज्ञापन में मांग की गई कि कब्र से शव को निकालकर पोस्टमार्टम कराया जाए।

ये कहना है सीओ कोतवाली का

इस संबंध में सीओ कोतवाली अमित राय का कहना है, शिकायत मिली है। एक रिपोर्ट बनाकर डीएम व एसएसपी को भेजी जाएगी। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छात्रों को मिलेगा 6.50 लाख प्रतिवर्ष का सैलरी

मेरठ। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का ऐडटेक कंपनी प्लेनेट स्पार्क ने बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर चयन किया है। चयनित विद्यार्थियों को 6.50 लाख प्रतिवर्ष का सेलरी पैकेज मिलेगा। चयनित होने वाले विद्यार्थियों में अंकिता (बीसीए), बीएससी की यतिशी (बीएससी), अजय राठौर (बीटेक), आकांक्षा सिंह (बीएससी), फरदीन खान (बीटेक), लारेब अजीज (बीसीए), इशिता शर्मा (बीएससी), प्रार्थना (बीएससी), प्रिवा सिंह (बीटेक), राघवी (एमबीए), संयम जैन (एमबीए), रिया जैन (बीसीए) और उमंग अरोरा (बीटेक) शामिल हैं। प्लेनेट स्पार्क द्वारा चयनित इन छात्र-छात्राओं को निर्धारित वेतनमान के अतिरिक्त अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। कुलाधिपति योगेश मोहन गुप्ता, प्रति कुलाधिपति डा. मयंक अग्रवाल, कुलपति डॉ. दीपा शर्मा व कुलसचिव डा. वीपी राकेश ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी। प्लेसमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष राजेश उपाध्याय, प्लेसमेंट आफिसर सुरेन्द्र चौहान, राहुल जैन, विकास चौहान ने चयन प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

11 से 16 दिसंबर तक होगा पंचकल्याणक महोत्सव

भास्कर ब्यूरो

मेरठ। महावीर जयंती भवन में मुनि अनुसरण सागर महाराज का आगमन हुआ। उन्होंने अपने प्रवचनों में निर्देश दिए कि जब भगवान का जन्म होता है तो उससे 6 महीने पहले रत्नों की वर्षा प्रारंभ हो जाती है। उन्होंने कहा, पंचकल्याणक से पहले कोढ़ीखाना और अनाथ आश्रम में भोजन एवं अस्पतालों में गरीब मरीजों को फल का वितरण किया जाएगा। भिखारियों को कम्बल बांटे जाएंगे। महावीर जयन्ती भवन में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में पंचकल्याणक आमंत्रण पत्रिका का विमोचन योगेश चंद जैन, विशाल जैन, अनिल जैन, पंकज जैन, प्रदीप कुमार जैन तथा समाज के अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज ने किया। प्रधानमंत्री सुरेंद्र जैन माला ने पंचकल्याणक के स्थान परिवर्तन के बारे में बताया कि लोगों के अधिक संख्या में भाग लेने के कारण यह अब दिल्ली चुंगी की गैस वाली गली में विशाल पंडाल में होगा। कार्यक्रम का संचालन मंदिर मंत्री अनिल जैन ने किया। इस अवसर पर प्रवक्ता सुनील जैन, प्रेम चन्द जैन, वीरेंद्र जैन सर्राफ, राकेश जैन, धीरज, प्रवीण जैन, विनोद जैन, किशन जैन आदि उपस्थित रहें।

फरूखनगर-सुल्तानपुर रेल यात्री संघ ने किया अमित गोयल का स्वागत

■ हाल ही में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बनाए गए हैं अमित गोयल,फरूखनगर क्षेत्र के मौजिज लोगों ने किया उनका अभिनंदनह्व

भास्कर न्यूज ब्यूरो

गुरुग्राम। अमित गोयल को रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बनाए जाने पर दैनिक रेल यात्री संघ फरूखनगर-सुल्तानपुर क्षेत्र वासियों की ओर से शुक्रवार को उनका अभिनंदन-स्वागत किया गया। मूलरूप से फरूखनगर के रहने वाले अमित गोयल का स्वागत करने वहां के व्यापार मंडल, किसान, बुद्धिजीवी गुरुग्राम पहुंचे। इस दौरान कुछ समस्याएं भी उनके समक्ष रखी गई, जिनको संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का अमित गोयल ने आश्वासन दिया। सभी ने अमित गोयल का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि फरूखनगर रेलवे स्टेशन के ऑल

कार्गो बनने से यह स्टेशन रेलवे के लिए बड़ी आमदनी वाला स्टेशन तो बन गया है, लेकिन इस क्षेत्र को जो 100 वर्षों से भी अधिक समय से रेल यात्री गाडियों की सुविधा मिली थी, उसको लगभग समाप्त कर दिया गया है। जिस कारण लोगों में रोष है।

दैनिक रेल यात्री संघ फरूखनगर के संस्थापक बीएस सारवान, मुख्य संरक्षक राव मान सिंह, प्रधान एस. हरभजन सिंह ने फरूखनगर क्षेत्र की कुछ मांगें भी रेलवे सलाहकार समिति सदस्य अमित गोयल से सांझा की। इसमें बताया गया कि डीईएमयू यात्री गाड़ी 04030/04901 च गाड़ी संख्या 04041/04042 को रविवार को भी चलाया जाए। यह 9 साल पुरानी मांग है। दूसरी यह कि फरूखनगर स्टेशन पर डीईएमयू व अन्य यात्री गाडियों के लिए अलग लाइन व प्लेटफार्म की व्यवस्था की जाए। इससे काफी यात्रियों को सुविधा होगी। ग्रामीणों ने कहा कि जीएचएच-एफएन खंड 12 किलोमीटर का दोहरीकरण कराया जाए, ताकि मालगाडियों को सुचारू रूप से चलाया जा सके। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमित गोयल ने कहा कि दैनिक रेल यात्री संघ की ओर से दिए गए पत्र में शामिल मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के लिए संबंधित अधिकारियों तक भेजा जाएगा, ताकि रेल यात्रियों को सुविधाएं मिल सकें।

विवाहिता की हत्या कर फांसी पर लटकाया

भास्कर ब्यूरो

किठौर। थाना क्षेत्र की एक विवाहिता को ससुराल पक्ष के दहेज लोभियों ने फांसी लगाकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष सिंभावली घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया तथा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतका के पिता ने घटना की तहरीर दी है।

टीना पुत्री मंटुरी कस्बा शाहजहांपुर का विवाह 10 वर्ष पूर्व सिंभावली थाना क्षेत्र के ग्राम दतियाना निवासी रवि पुत्र लेख राम के साथ हुआ था। शादी में लड़की के परिजनों ने अपने औकात के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल वाले लड़की से दहेज में फ्रीज, वाशिंग मशीन आदि और 2 लाख रुपये नगद की मांग कर रहे थे। जिसे लेकर उसे समय-समय पर प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट भी करते थे। जिसे लेकर कई बार पंचायत भी की गई। लेकिन ससुराल वाले अपने हरकतों से बाज नहीं आते थे, इसी बीच टीना 3 बच्चों की मां बन गई। मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता की फांसी लगाकर हत्या कर दी। सूचना पाकर स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे तथा ससुराल पक्ष के 6 लोगों को आरोपी बनाया है। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर हत्या में शामिल रवि, अजय, रिंकू पुत्रगण लेखराम, लेखराम पुत्र मेहर सिंह व 2 अज्ञात के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

गोयल बंधुओं ने किया स्वर्गीय मां अंगूरी देवी का सपना साकार

■ गुरुग्राम में कैनविन ने शुरू की आईसीयू एम्बुलेंस व ब्लड ऐप,गीता भवन मंदिर प्रांगण से शुरू की गई नई सेवाएं स्वामी धर्मदेव महाराज का मिला आशीर्वाद

भास्कर ब्यूरो

गुरुग्राम। कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल की माता स्वर्गीय श्रीमती अंगूरी देवी जी की चौथी पुण्यतिथि पर जनहित में दो नई सेवाएं आईसीयू एम्बुलेंस और ब्लड ऐप की विधिवत शुरूआत की गई। कैनविन की चिकित्सा क्षेत्र में सेवाओं को कार्यक्रम में उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने सराहा। विशेषकर सिविल सर्जन ने कैनविन से स्वास्थ्य विभाग के लिए सहयोग भी मांगा गया, जिसे गोयल बंधुओं से सहर्ष स्वीकार करके जल्द ही सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। स्वामी धर्मदेजी ने अपने मोबाइल पर ब्लड ऐप डाउनलोड करके शुरूआत की। समारोह में माता अंगूरी देवी जी को नमन करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, पारिवारिक विषयों पर बेबाक अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल सेवा कर रहे हों, लेकिन वे चाहते हैं कि राजनीति में आगे बढ़कर वे सेवा का दायरा और बड़ा करें। गुरुग्राम, हरियाणा नहीं बल्कि पूरे देश में दोनों भाइयों का यश फैले, यही आशीर्वाद है। न्यू कालोनी स्थित गीता भवन मंदिर प्रांगण में आईसीयू एम्बुलेंस और ब्लड ऐप की शुरूआत के लिए समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कैनविन डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल के सम्मान में बोलते हुए सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने अपनी बात की शुरूआत करते हुए कहा कि थैंक यू कैनविन। जो आप काम कर रहे हैं, इसके लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। दिल से धन्यवाद। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल में एम्बुलेंस तो बहुत हैं, लेकिन शव वाहन नहीं है। कई बार ऐसा होता है कि गरीब, जरूरतमंद लोगों की मदद नहीं हो पाती। उनके शव उनके स्थान पर पहुंचाने में दिक्कत आती है। इसलिए एक शव वाहन भी विभाग को ड्राइवर के साथ उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों की मदद हो सके।

आरएसएस महानगर संघचालक जगदीश ग्रोवर ने कैनविन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज को जोडने का काम डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में कई समस्याएं हैं, उनके निराकरण के लिए हम सबको मिलकर काम करना चाहिए। पर्यावरण, स्वच्छता, परिवारों की मजबूती जरूरी है। गीता भवन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र खुल्लर ने भी कैनविन के कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि गीता भवन में भी कैनविन का पॉलिक्लीनिक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर गुरुग्राम की सेहत सुधारने को जो कार्य कैनविन फाउंडेशन के माध्यम से किया जा रहा है, उसमें हम सबका भी योगदान होना चाहिए। सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने कहा कि कैनविन फाउंडेशन ने पहले स्वच्छता का अभियान शुरू किया तो पार्टी ने नवीन गोयल को स्वच्छता, पर्यावरण से संबंधित विभाग प्रमुख का दायित्व दिया। अपनी इस जिम्मेदारी को वे बेहतरी से निभा रहे हैं। उनके द्वारा कैनविन के माध्यम से जो सेहत सुधार की मुहिम चलाई हुई है, उसके पीछे उनके परिवार द्वारा दिए गए संस्कार हैं। इस अवसर पर उप-सिविल सर्जन डा. अनुज गर्ग, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजक स्वाति यादव, प्रदेश सह-प्रवक्ता रामजी शर्मा, जिला सचिव दिनेश राघव, पार्षद कपिल दुआ, उद्योगपति जेएन मंगला, समाजसेवी शिवचंद गुप्ता, अजय अग्रवाल, राजेश गुलिया, सतीश तायल, इस्कॉन से आनंद शर्मा, भूषण अग्रवाल, धर्मेंद्र बजाज, अशोक आर्य, उदयवीर यादव, प्रवीण अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, एडवोकेट नवीन गुप्ता, एडवोकेट रविंद्र जैन, एलएन छाबड़ा, डा. हरीश बजाज, लखपत कटारिया, लक्ष्मण पाहुजा, जगदीश सिक्का, धनराज केडिया, राजकुमार, संदीप शर्मा, डा. शरद, बाली पंडित, ललित क्रांतिकारी, ईशु वाल्मीकि, सुधीर कलसन, बनवारी लाल सैनी, जगभूषण मित्तल, गगन गोयल, आशा गोयल, कमल पहलवान, नरेश अग्रवाल, नरेश गुप्ता, नरेश सहरावत, अंबिका प्रसाद, विनोद अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, महावीर भारद्वाज, श्रुति मित्तल, नरेश, धीरज कुमार, नमन अग्रवाल, डा. मनीष राठी, डा. अश्विनी बंसल, डा. हरीश बजाज, डा. नरेश चुघ, स्पर्श यादव, उद्योगपति दीपक मैनी, अत्तर सिंह संधू, नवीन गुप्ता एडवोकेट, सुरेश यादव समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सरकार ने धान खरीद के 12 हजार करोड़ रुपये सीधा किसानों के बैंक खाते में डाले : उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला

बलराम शर्मा

फतेहाबाद। हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर सरकार ने उनको सशक्त बनाया है। पिछड़ा वर्ग-ए के लोगों को भी इन संस्थाओं के चुनाव में आरक्षण दिया गया है। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पंचायती राज संस्थाओं के नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए गांव के विकास में अपना अपेक्षित सहयोग देने की अपील की है। उप मुख्यमंत्री शुक्रवार को स्थानीय भूना रोड स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में पार्टी के कार्यकताओं और जन प्रतिनिधियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कार्यकताओं से जननायक जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर जिला भिवानी में 9 दिसंबर को आयोजित होने वाली रैली में बढ़ चढकर भाग लेने का आह्वान

किया और कहा कि जिला से इस रैली में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की भागीदारी होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब चार वर्ष पहले सभी के सहयोग से जननायक जनता पार्टी का गठन हुआ और कार्यकताओं की मेहनत की बदौलत प्रदेश में दस विधानसभा की सीटें जीतकर सरकार में भागीदारी की है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की प्रदेश सरकार लोगों के हित में काम कर रही है। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत व पिछड़ा वर्ग-ए को 8 प्रतिशत आरक्षण देकर सशक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ता जीतकर आए है, उनमें महिलाओं की भागीदारी ज्यादा है। उप मुख्यमंत्री चौटाला ने कहा कि इस सीजन में प्रदेश सरकार ने डेढ लाख मीट्रिक टन ज्यादा धान की खरीद की है। किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई दिक्कत नहीं आने दी गई। 12 हजार करोड़ रुपये फसल खरीद का किसान के बैंक खाते में सीधा पैसा भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले किसानों की खरीद में दो से तीन दिन लग जाते थे, परंतु गठबंधन की सरकार ने मंडी में किसान के आते ही उसकी फसल की खरीद की है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 27 लाख ऐसे लोगों को जिनकी आय एक लाख 80 हजार रुपये तक है, उनको आयुष्मान भारत योजना के साथ जोड़ा गया है। उन्हें पांच लाख रुपये तक का मुफ्त ईलाज दिया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश सरकार राशन कार्ड के लिए भी एक प्रभावी योजना बना रही है। जिस नागरिक का परिवार पहचान पत्र में एक लाख 80 हजार रुपये तक आय है तो वह परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड दिखाकर बीपीएल की सारी सुविधाएं राशन डिपो से ले सकते हैं।

बेहतर जीवन जीने का सिद्धांत है गीता: सांसद रमेश कौशिक

बलराम शर्मा

दिल्ली । सोनीपत लोकसभा सांसद रमेश कौशिक ने हवन यज्ञ में आहुति डाल जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि गीता एक ग्रंथ ही नहीं बल्कि बेहतर जीवन जीने का सिद्धांत भी है। श्रीमद्भागवद्गीता का भारतीय संस्कृति, धर्म एवं दर्शन पर गहरा प्रभाव रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को आज गीता के संदेशों को अपने जीवन में अपनाकर एक बेहतर समाज का निर्माण करना होगा। श्री कौशिक शुक्रवार को सुभाष स्टेडियम में जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सांसद रमेश कौशिक ने सुभाष स्टेडियम में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव तथा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों एवं सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया। सुभाष

स्टेडियम के प्रवेश द्वारा पर जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी तथा नगराधीश डॉ० अनमोल ने पुष्प गुच्छ से सांसद रमेश कौशिक का स्वागत किया। पहले दिन जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का रंगारंग आगाज हुआ और हजारों लोग इस कार्यक्रम के साक्षी रहें। सांसद रमेश कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत सुभारंभ किया तथा गीता के पवित्र ग्रंथ पर पुष्प अर्पित किए। सांसद ने अपने संबोधन में लोगों का आह्वान किया कि वे भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को महाभारत युद्ध में दिए गीता के संदेश को अपने जीवन में अपनाएं। इस संसार में केवल आत्मा अजर-अमर है तथा मनुष्य के साथ केवल अच्छे कर्म ही साथ चलते हैं। उन्होंने अधिकारियों से भी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने को कहा ताकि जनता के साथ मिलकर सोनीपत का संपूर्ण विकास किया जा सके। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि वे सांसद के नाते सभी जरूरी विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवा रहे हैं। सांसद ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा सोनीपत के विकास के लिए अनेक कार्य करवाए गए हैं। सोनीपत जिला के चारों ओर मजबूत सडक तंत्र तैयार किया गया है। लगभग 40 हजार करोड़ रुपए से अनेक राष्ट्रीय राजमार्गो को निर्माण किया गया है। जिला में रेल कोच फैक्ट्री स्थापित की गई है, जिसका हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा उद्घाटन किया गया है। इसके अलावा खरखौदा आईएमटी में मारूति अपना नया प्लांट लगाने जा रही है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखी गई है। सोनीपत से गोहाना-जींद ग्रीन हाइवे का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि सोनीपत जिला के विकास कार्यों से विकास का नया अध्याय जुड़ा है। उन्होंने प्रदर्शनी स्थल पर धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाई गई स्टॉलों तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया तथा इन स्टॉलों पर प्रदर्शित की गई सरकार की योजनाओं की जानकारी को लोगों तक पहुंचाने को कहा।

सार सुर्खियां

पंचायत भवन में तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव का शुभारंभ

भास्कर ब्यूरो फतेहाबाद। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला के तहत स्थानीय पंचायत भवन परिसर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव 2022 का शुभारंभ हो गया है। सुबह हवन यज्ञ के साथ इसकी विधिवत शुरूआत हुई। सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल ने कार्यक्रम में लगाई गई विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्रदर्शित करती व सामाजिक-धार्मिक संगठनों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और उसका

अवलोकन किया। सांसद दुग्गल ने कार्यक्रम में मां सरस्वती और श्रीमद् भगवत के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सबके सुख की कामना की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्कूली छात्रों, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग व कला संस्कृति विभाग के कलाकारों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिला स्तरीय गीता महोत्सव को संबोधित करते हुए सांसद दुग्गल ने कहा कि गीता का हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक महान वैज्ञानिक, नेता, डॉक्टर और हस्तियां हुई है, जिन्होंने श्रीमद् भगवत गीता के बारे और गीता का उनके जीवन पर क्या प्रभाव रहा है, इस विषय पर खुलकर चर्चाए की है। गीता जीवन जीने के ढंग को सीखाती है। उन्होंने कहा कि गीता हमें सिखाती है कि कर्म बलवान है। समाज का भला सदकर्म पर चलकर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो राजा सद्कर्म पर चलते हैं और परमात्मा का ध्यान करते हैं, उनका परमात्मा भी ख्याल रखते हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा ने हमें जो कर्म दिया है, हमें उसे ईमानदारी के साथ लोगों की भलाई के लिए काम करे तो हम परम सिद्धि को प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन में भी अच्छे कर्म के माध्यम से सिद्धि पाई जा सकती है।सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि महापुरूषों और उच्च पद पर बैठे हुए इंसान के आचरण को साधारण मनुष्य अनुसरण करते हैं, इसलिए पद पर बैठे हुए व्यक्ति का आचरण सदैव उच्च रहना चाहिए। मेहनत करके पद पर बैठे हुए और सबके साथ न्याय करने वाले को सर्वजन मानते हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे गीता को जीवन में ढाले और गीता में दिए गए संदेश पर चलकर अपना व समाज का भला करे। उन्होंने हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया कि उन्होंने गीता के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम शुरू किए है, जो ऐतिहासिक है। इस अवसर पर उपायुक्त जगदीश शर्मा, जिला परिषद के सीईओ कुलभूषण बंसल, एसडीएम राजेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, चेयरमैन नरेश टिटू, डीडीपीओ बलजीत सिंह, डीईओ दयानंद सिहाग, डीडीए डॉ. राजेश सिहाग, डीएचओ डॉ. श्रवण कुमार, गुरप्रताप सिंह, जीसी लांग्यान, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा, शम्मी धींगड़ा, अवतार मोंगा, राजेंद्र सिंह बीडीपीओ, प्रताप सिहाग, एडवोकेट संत कुमार टूटेजा, जीओ गीता से नरेंद्र मोंगा, दीपक सरदाना, नरेश सरदाना, बनवारी लाल गहलोत, जगदीश ओड सहित बड़ी संख्या में जिला के गणमान्य नागरिक व अधिकारी मौजूद रहे।

झज्जर में तीन दिवसीय गीता महोत्सव का हुआ भव्य आगाज

भास्कर ब्यूरो / झज्जर, 02 दिसंबर। आजादी के अमृत महोत्सव में जिला स्तर पर महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय गीता महोत्सव का शनिवार को भव्य रूप से आगाज हुआ। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने महर्षि दयानंद स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय गीता महोत्सव के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि तीन दिवसीय गीता महोत्सव का गीता पूजन व दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्य अतिथि ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समारोह स्थल पर आयोजित यज्ञ में पूणार्हुति डाली। बेहतर जीवन जीने का सिद्धांत है गीता- बोले डी सी डी सी ने अपना संबोधन देते हुए कहा कि गीता एक ग्रंथ ही नहीं बल्कि बेहतर जीवन जीने का सिद्धांत भी है। श्रीमद्भागवत गीता का भारतीय संस्कृति, धर्म एवं दर्शन पर गहरा प्रभाव रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को आज गीता के संदेशों को अपने जीवन में अपनाकर एक बेहतर समाज का निर्माण करना होगा। डीसी ने कहा कि गीता हमें कर्म करने की शिक्षा देती है। गीता का सार हर वर्ग, आयु के लोगों के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने उपस्थित जन का आह्वान करते हुए गीता के संदेश को अपने जीवन में अपनाएं।

गीता सार व संस्कृति से ओत-प्रोत हुए कार्यक्रम

महोत्सव के शुभारंभ दिवस पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं, विभागीय कलाकारों की टीम ने गीता सार व हरियाणवी संस्कृति से सराबोर कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सरस्वती शिशु मंदिर, बेरी, सवेरा स्कूल झज्जर, सीके मेमोरियल पब्लिक स्कूल, एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त लीला सैनी एंड पार्टी, परमिंद्र एंड पार्टी ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दीं। बीन, जंगम जोगी, दीपक भंगड़ा पार्टी ने भी मंच पर हरियाणवी कला का छटा बिखेरी। ये रहे मौजूदकार्यक्रम में गीता महोत्सव की आवरऑल प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त सलोनी शर्मा, सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक, एसडीएम रविद्र कुमार, एसडीएम रविंद्र मलिक, एसडीएम विशाल, नगराधीश प्रवेश कादियान, डीआरओ प्रमोद चहल, डीडीपीओ ललिता वर्मा, डीआईपीरओ बिजेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी मदन चौपड़ा,डीएसओ ललिता मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे ।

केजरीवाल ने दिल्ली में 33 लाख रुपये की राशि बांटकर अपराधिक कृत्य किया है - आशीष सूद

भास्कर ब्यूरो/नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा नगर निगम चुनाव समिति के संयोजक आशीष सूद ने एक संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली के कंस्ट्यूशन क्लब में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा कानून को ताक पर रखकर 33 लाख रुपये की राशि वितरण के अपराधिक कृत्य की कड़ी निंदा की और चुनाव आयोग से कानून के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की है। प्रेसवार्ता में भाजपा के विधि सह-संयोजक संकेत गुप्ता उपस्थित थे। आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विदेशी एन.जी.ओ. से आए हुए पैसे से बिना किसी अनुमति के चेक बांटने का कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी जानकारी जब चुनाव आयोग को दी गई तो आयोग ने इसे तुरंत प्रभाव से रोकने का निर्देश जारी किये पर फिर भी केजरीवाल ने उस कार्यक्रम को रोका नहीं।

भारतीय सनातन संस्कृति है दुनिया में सर्वश्रेष्ठ, भारत की सभ्यता और धर्म का हो रहा है विश्व में प्रचार: कृषि मंत्री जेपी दलाल

भास्कर ब्यूरो

कुरुक्षेत्र । कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति दुनिया में सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है। पूरे विश्व में भारत की संस्कृति का प्रचार-प्रसार हो रहा है। हमारे नैतिक मूल्यों में सदा दूसरों की मदद करने की भावना समाहित रही है। जयराम विद्यापीठ द्वारा जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाना बहुत ही प्रशंसनीय कदम है। हरियाणा सरकार भी इसी परिपाटी पर चलते हुए जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता से करने का कार्य कर रही है, जिससे समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। कृषि मंत्री जेपी दलाल आज जयराम विद्यापीठ द्वारा करवाये गये 29वें सामूहिक विवाह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर कृषि मंत्री ने सभी 27 कन्याओं को 11-11 हजार रुपये कन्यादान के रूप में दिये और सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय जीवन की कामना की। जयराम विद्यापीठ में पंहुचने पर जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कृषि मंत्री को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस समारोह में पूर्व एसीएस देवेन्द्र सिंह ने भी शिरकत की। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि नर के अंदर ही नारायण का रूप होता है। इस सामूहिक विवाह समारोह में विभिन्न लोगों ने अपना सहयोग दिया है। कन्यादान करके सभी ने बहुत बड़ा पुण्य अर्जित किया है। ऐसा सुंदर नजारा कहीं ओर नजर नहीं आता। आज भारत का जन-जन जाग चुका है। हमारी पौराणिक संस्कृति दुनिया में सर्वश्रेष्ठ मानी गयी है। पिछले दिनों मानवता पर कोरोना के रूप में एक बहुत बड़ा संकट आया था। सरकार के साथ विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने कोरोना महामारी के दौरान मानवता की सेवा आगे आकर की जोकि पूरे विश्व में बहुत बड़ी मिसाल है। उन्होंने जयराम विद्यापीठ द्वारा किये जा रहे मानवहित के विभिन्न क्रियाकलापों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार यह संस्था मानव की सेवा करती रहे। जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि पिछले 28 वर्षों से सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करवाया जा रहा है। कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का गीत गाया था। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि अर्जुन तुम मुझे अपने आपको समर्पित कर दो, फिर सब कुछ मिलेगा। इसी प्रकार मैने स्वयं को भी सेवा का संकल्प लेते हुए समर्पित किया हुआ है।

सभी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में जरूर दर्ज करवाएं अपना नाम: उपायुक्त शांतनु शर्मा

भास्कर ब्यूरो

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों नामतः 11-लाडवा, 12-शाहबाद(अ.जा.), 13-थानेसर तथा 14-पिहोवा की मतदाता सूची में पंजीकृत सभी मतदाताओं का भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार आधार संग्रह का कार्य, जिसमें निर्वाचकों का रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के निमय 26ख के तहत प्रत्येक मतदाता द्वारा अपना आधार नंबर अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ जोडने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फार्म 6ख भर कर अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्र स्तर के अधिकारी अर्थात बीएलओ के पास आवेदन प्रस्तुत करके बीएलओ गरुढ़ एप से किया जाना है। मतदाता अपना पहचान पत्र अपने आधार नंबर के साथ भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल एनवीएसपी. इन या वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से भी सीधे लिंक कर सकता है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि जिला में 1 जनवरी 2023 को आधार तिथि मानकर मतदाता

सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत विशेष अभियान तिथियों दिनांक 3 दिसंबर 2022 व 4 दिसंबर 2022 को जिला के सभी 802 मतदान केन्द्रों पर मतदान केन्द्र स्तर के अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदान केंद्र पर प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित रह कर आम जनता से दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेंगे। इन तिथियों को 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु प्राप्त हो चुके वे सभी पात्र पुरूष या महिला जिनके नाम उनके सामान्य निवास से सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र में अभी तक दर्ज नहीं हो पाये हैं, वे अपना नाम दर्ज करवाने के लिये भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल एनवीएसपी.इन या वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकता है या अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संबंधित मतदान केन्द्र स्तर के अधिकारी के पास जाकर प्रपत्र-6 में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची में यदि किसी अपात्र व्यक्ति का नाम दर्ज है या किसी मतदाता की मृत्यु हो चुकी हो, या कोई स्थान छोड़ कर जा चुके हैं ऐसे अपात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटवाने हेतु प्रपत्र-7 में आपत्ति दर्ज की जा सकती है। यदि किसी मतदाता के मतदाता सूची में विवरण अशुद्ध दर्ज है या फोटो ठीक नहीं है या अपना वोट एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरण करवाना चाहता है। तो वे भी प्रपत्र-8 में विवरण शुद्धि/स्थानान्तरण हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि 8 दिसंबर 2022 तक चलाए जा रहे है विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 का लाभ उठायें तथा विशेष अभियान तिथियों 3 व 4 दिसंबर को विशेषकर पात्र महिला व पुरुष अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवा कर अपने संवैधानिक अधिकार को प्राप्त करने का गौरव प्राप्त करें।

महोत्सव के मंच पर हरियाणवी लोक साहित्य में हास्य व्यंग्य पुस्तक का हुआ विमोचन

भास्कर ब्यूरो

कुरुक्षेत्र । अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर हरियाणा ग्रंथ अकादमी द्वारा आयोजित पुस्तक मेले में श्री कृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व सार्थक साहित्य मंच कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में डॉ संजीव कुमारी द्वारा लिखित हरियाणा लोक गीतों के झरोखों से पुस्तक पर चर्चा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में डॉ बलजीत द्वारा लिखित हरियाणवी लोक साहित्य में हास्य व्यंग्य पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ रोहतक के जिला संयोजक कपिल सहगल ने की। मंच का संचालन कवि व अभिनेता शिव किरमिच ने किया। अध्यक्ष कपिल सहगल ने छात्रों के साथ मानव जीवन में गीता के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा की गीता के श्लोकों का उच्चारण करने मात्र से मानव जीवन से अंधकार समाप्त हो जाता है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार

की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नवयुग विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गीत से हुआ। पोस्टर, रंगोली व गायन प्रतियोगिता में क्रमशः योगेश, खुशी समूह व अनमोल/पारसदीप ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। अकादमी द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेला संयोजक आशुतोष कौशल ने अकादमी के मेले प्रचार गीत को सबके साथ आनंददायक स्वर में गाया। नवयुग वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा जनचेतना जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर डॉ जयभगवान सिंगला, सुमन बत्रा, डॉ ममता सूद, राधा अग्रवाल, सरोज सैनी, सुमन, निधि शर्मा, पूजा शर्मा, नीतू कौशिक, रिधिमा बत्रा, ऋतु देवी, रीना शर्मा, छात्र सचिन सैनी, अनमोल सिंह आदि उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का मेयर मनमोहन गोयल ने किया शुभारंभ

भास्कर ब्यूरो

रोहतक। तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का मेयर मनमोहन गोयल ने स्थानीय पंडित श्रीराम शर्मा रंगशाला में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के उद्घाटन से शुभारंभ किया। इससे पूर्व उन्होंने श्रीमद्द्वभगवद्द् गीता यज्ञ में पूर्ण आहूति डालकर शहरवासियों के स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की। मेयर मनमोहन गोयल ने प्रदर्शनी के उद्द्घाटन के उपरांत महोत्सव स्थल पर लगाये गए स्टॉल व प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्रपाल, उपमंडलाधीश राकेश कुमार सैनी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय सिंह मलिक, नगराधीश मोहित मेहराना, महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, स्वामी परमानंद महाराज, बाबा सुखा शाह महाराज व जियो गीता के प्रतिनिधि विपिन गोयल आदि ने भी हवन यज्ञ में पूर्ण आहूति

डाली। उन्होंने गीता की पवित्र पुस्तक के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित भी किया। महोत्सव के प्रातकालीन सत्र में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा गीता के संदेश पर आधारित भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि मेयर मनमोहन गोयल ने कहा कि कुरुक्षेत्र में महाभारत युद्ध के दौरान मोहग्रस्त अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का अमर संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि गीता के संदेश में जीवन जीने की शैली की व्याख्या है। विश्व में इस पवित्र ग्रंथ की मान्यता है तथा सरकार द्वारा गीता के प्रचार-प्रसार के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कार्यक्रम किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सनातन धर्म को आगे बढ़ाने की प्रयासों के तहत गीता जयंती महोत्सव आयोजित किये जा रहे है ताकि गीता के संदेश को हर घर तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने उपस्थितगण का आह्वान किया कि वे गीता के अमर संदेश को जीवन में आत्मसात करें।

श्रीमद्भगवद्गीता में मनुष्य की हर चुनौती का समाधान निहित, गीता ज्ञान को आत्मसात करके अपने जीवन को बनाएं सफल : संजय भाटिया

भास्कर ब्यूरो

करनाल । सांसद संजय भाटिया ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में मनुष्य की हर चुनौती का समाधान निहित है। प्रत्येक व्यक्ति को गीता ज्ञान को आत्मसात करके अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी गीता से कठिन परिश्रम और कर्म करने का संदेश लेकर जीवन में अपनी मंजिल आसानी से हासिल कर सकती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गीता के उपदेशों में पूरी मानवता को कर्म करने का संदेश दिया है और यही देश और समाज के उत्थान का आधार है। सांसद शुक्रवार को डा. मंगलसैन ऑडीटोरियम करनाल में सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने जिला स्तर पर गीता महोत्सव के आयोजन की शुरूआत करने के मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उनके प्रयासों से आज विश्व स्तर पर गीता संदेश की चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि जीवन में चुनौतियों और भ्रम की स्थिति पैदा होने पर गीता ही व्यक्ति का सही मार्गदर्शन कर सकती है और व्यक्ति को सफलता की ओर बढने के लिए अग्रसर करती है।

गीता जयंती समारोह में लगी प्रदर्शनी का सांसद ने किया उद्घाटन एवं अवलोकन

डा. मंगलसैन ऑडीटोरियम परिसर में चल रही जिला स्तरीय गीता जयंती के शुभारंभ अवसर पर सांसद संजय भाटिया ने विशाल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और प्रत्येक स्टॉल पर पहुंचकर गहनता से जानकारी ली। इस प्रदर्शनी में शुगर मिल, कृषि विभाग, बागवानी विभाग, हैफेड, बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन रम्बा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, रोजगार विभाग, हरियाणा खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड, हरियाणा राज्य परिवहन विभाग, पशुपालन विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद करनाल, बैंक - डिजिटल बैंकिंग प्रणाली, निफा तथा सहजयोग ध्यान केन्द्र बिरादरी भवन मॉडल टाऊन करनाल द्वारा स्टॉलें लगाई गई थी, जिनमें सभी विभागों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे जानकारी दी। सरकारी स्कूल के बच्चों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सुंदर व मनमोहक रंगोली दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रही।

गुजरात में भी हिमाचल प्रदेश की तरह कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

इहरियाणा की तरह गुजरात भी कर्ज में डूबा: हुड्डा

जगंशेर राणा/भास्कर न्यूज

चंडीगढ । गुजरात चुनाव में कांग्रेस के लिए प्रचार करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं। कई विधानसभाओं का दौरा कर उन्होंने कांग्रेस के लिए वोट मांगे। इस मौके पर उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश की तरह गुजरात में भी कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। लोगों का रुझान बता रहा है कि वह इस बार बदलाव के मूड में है और 8 दिसंबर को परिवर्तन वाला परिणाम देखने को मिलेगा। हुड्डा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में महंगाई 3 गुना, बेरोजगारी 4 गुना और भ्रष्टाचार 5 गुना बढ़ा है। किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, महिला, दलित, पिछड़ा समेत हर वर्ग भाजपा की नीतियों से परेशान है। इसलिए गुजरात समेत पूरे देश में इस सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है। सरकार की कुनीतियों के चलते गुजरात कर्ज में डूब गया है। कर्ज का यही मॉडल गुजरात और हरियाणा दोनों जगह देखने को मिल रहा है। हरियाणा और गुजरात दोनों जगह पेपर लीक मॉडल भी चल रहा है। बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं के साथ भर्ती घोटालों और पेपर लीक के नाम पर खिलवाड़ हो रहा है। हुड्डा ने कहा कि गुजरात ने हमेशा देश को रास्ता दिखाया है। इस बार भी पूरा देश गुजरात की तरफ टकटकी लगाए देख रहा है। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए हुड्डा ने कहा कि एमएसपी किसानों का अधिकार है।

फर्जी वोट डालने वालों पर रहेगी कड़ी नजरः डीएम

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। 15 खतौली विधानसभा उपनिर्वाचन को सकुशल शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए। जिला पंचायत सभागार में स्टैटिक मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट सैक्टर मजिस्ट्रेट सुपर जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र भूषण सिंह ने प्रशिक्षण कार्य का प्रसनोत्तरी के माध्यम से जानकारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को आसानी से और बेहतर तरीके से करने के लिए सबसे जरूरी यह है कि, उसकी पूरी प्रक्रिया की जानकारी हो। इसलिए सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट सैक्टर मजिस्ट्रेट सुपर जोनल मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित कर लें कि उनके दायित्वों की जानकारी एकदम सही सटीक हो। मतदान के दौरान पीठासीन के लिए निर्धारित उत्तरदायित्वों की जानकारी विस्तारपूर्वक प्राप्त करें। यदि कहीं भी कोई भ्रांति हो तो उसे बार-बार पूछें, लेकिन एकदम पुष्ट जानकारी होनी चाहिए। जितनी अच्छी जानकारी होगी, उतनी ही आसानी से किसी भी चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करा पाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र भूषण सिंह ने उपस्थित अधिकारियों से भारत निर्वाचन आयोग ने आपको अपना प्रतिनिधि मानते हुए निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने की जवाबदेही प्रदान की है। आपको अतिरिक्त शक्ति भी आयोग द्वारा प्रदान की गई है, दिए गए अपनी शक्तियों का क्षेत्र में निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से प्रयोग करते हुए मतदान कराना सुनिश्चित करें। पोलिंग पार्टी की जिम्मेदारी भी आपको दी गई है उनका सुरक्षित मतदान केंद्र पहुंचना, मतदान के बाद सुरक्षित जनपद मुख्यालय स्ट्रांग रूम तक वापस आना आपकी जिम्मेदारी है। पोलिंग पार्टी क्षेत्र में किसी का भी आथित्य स्वीकार नहीं करें इसे भी सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने आगाह किया कि दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही मिलने पर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी सैक्टर मजिस्ट्रेट भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों से अपडेट होकर अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने 15- खतौली विधानसभा उपनिर्वाचन-2022 को टैक्नोलोजी बेस्ड इलैक्शन बताते हुए अधिकारियों से स्पष्ट अपेक्षा की कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये वह निष्पक्ष होकर पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों को निभाएं।

व्यापारी का शव मिलने से सनसनी

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर शहर में प्रसिद्ध दवाई व्यापारी संजीव शर्मा का शव गुरुवार देर भोपा रोड पर पड़ा मिला। दवाई व्यापारी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। अभी मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।भोपा रोड पर ईवान हॉस्पिटल के पास गुरुवार देर शाम शव पड़ा देखकर लोगों की भीड़ लग गई। इसके बाद राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद नई मंडी पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं शव के पास पड़े मोबाइल के माध्यम से परिजनों से बात की गई तो मृतक की शिनाख्त शहर के दवा विक्रेता आनंदपुरी निवासी संजीव शर्मा के रूप में हुई। जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। कुछ साल पहले तक संजीव शर्मा जिला परिषद के बीएसए कंपाउंड में फर्म चलाते थे, इसके बाद वह सदर बाजार में शिफ्ट हो गए। वह दवाइयों की कई बड़ी कंपनियों के डिस्ट्रीब्यूटर्स थे। उनके परिवार में मां, पत्नी और एक बेटी है। नई मंडी कोतवाली प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने पंचनामा भरा लिया है, और आगे की करवाई में जुट गई है।

नगरपालिका कर्मी के पौत्र के अपहरण का पुलिस नहीं कर पाई खुलासा कमिश्नर से लगाई गुहार

भास्कर ब्यूरों
मुरादनगर। चार हथियारबंद बदमाश 10 वर्ष के बच्चे का अपहरण उनके चंगुल से बचकर 4 एकिलोमीटर निर्वस्त्र बच्चे की घटनास्थल से जीतपुर तक दौड़ और पुलिस कथित अपहरण कांड का खुलासा नहीं कर पाई। मामला नए कमिश्नर के पास पहुंच गया है। जिसमें बच्चे के दादा कंवरपाल ने पुलिस पर लापरवाही करने बदमाशों की गिरफ्तारी न होने पर पूरे परिवार में डर होने का हवाला देते हुए अपहरण करने वालों की गिरफ्तारी की मांग ज्ञापन देकर कमिश्नर से की है। घटना 26 नवंबर की शाम को बताई जा रही इस अपहरण कांड का खुलासा नहीं कर पाने पर पुलिस की कार्यशैली पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। पुलिस दुर्दांत अपराधियों को भी पकड़ने में देर नहीं लगाती जब वह कड़ियों को जोड़ लेती है लेकिन यहां पुलिस फेल नजर आ रही है क्योंकि पुलिस इस पूरे मामले को ही संदेह से देख रही है।आरव 10एवर्ष अपने माता-पिता के साथ हाईवे के निकट स्थित एक कॉलोनी में रहता है ।पीड़ित परिवार की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि बच्चा सब्जी लेने आयुध निर्माणी क्षेत्र में साइकिल द्वारा गया था रास्ते में कार सवार चार बदमाशों ने उसका अपहरण कर कार में डाल लिया उसके कपड़े उतारकर फेंक दिए साइकिल भी वहीं पड़ी रह गई बकौल पीड़ित परिवार एक बदमाश के हाथ में काटकर बच्चा बदमाशों के चंगुल से भाग खड़ा हुआ और वह निकट में ही स्थित अपने माता.पिता के घर न जाकर 4 एकिलोमीटर की दूरी तय कर जीतपुर स्थित अपने दादा के घर सड़क पर दौड़ता हुआ निर्वस्त्र ही पहुंच गया ।क्या इस 4 एकिलोमीटर के बीच में कोई भी सीसीटीवी कैमरा लगा नहीं है या फिर बच्चे के वहां से भागते समय कैमरे बंद हो गए क्या सड़क पर चलते राहगीरों ने निर्वस्त्र दौड़ते मासूम की ओर ध्यान नहीं दिया क्या चारों बदमाश एक अपहरण करने के बाद अन्य कार्यों में इतने मशगूल हो गए कि उन्हें अपहरण कर गाड़ी में डाले गए बच्चे का ध्यान ही नहीं रहा बच्चा भागा तो क्या कार सवार बदमाशों ने पैदल दौड़ रहे बच्चे का पीछा कर उसे दोबारा पकड़ने का प्रयास क्यों नहीं किया ऐसे कई प्रश्न इस पूरे मामले को रहस्यमय बना रहे हैंए इस तरह से अपहरण होना वाकई लोगों के लिए चिंता का विषय है आखिर इस अपहरण कांड का खुलासा पुलिस क्यों नहीं कर पा रही ।यदि बच्चे का वाकई अपहरण हुआ वह बदमाशों के चंगुल से बचकर भाग निकले में कामयाब हुआ यह उसकी और उसके परिवार की किस्मत ऐसे में घटना का खुलासा होना आवश्यक है और यदि पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा है तो उसका पटाक्षेप होना भी जरूरी है। पुलिस के पास ऐसे भी केस आते हैं जिसमें अपराधी खुद झूठी सूचना देकर पुलिस को भ्रमित कर अपने अपराधों को दूसरों के सिर मढ़ने की कोशिश करते हैं लेकिन पुलिस ऐसे मामलों का भी पर्दाफाश करती है ।यहां की पुलिस जवाब दे रही है कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं क्या इतने दिन में वह नहीं मिले और यदि कैमरों की जद में बच्चा बदमाश नहीं आए, तो क्या और कोई रास्ता पुलिस के पास इस मामले के खुलासे के लिए नहीं है । इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अपने प्रयास कर रही है लेकिन कई बिंदु ऐसे हैं जो इस मामले को संदेहास्पद बना रहे हैं।

दलितों का सम्मान केवल भाजपा में सुरक्षितः मंत्री कपिल देव

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। खतौली उपचुनाव में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने तूफानी जनसंपर्क करते हुए। खतौली के ग्राम गालिबपुर में पहुंचकर जनताजनार्धन से भाजपा के पक्ष में मतदान कर। राजकुमारी सैनी को विजय बनाने का आह्वान किया। संगठन ने नगर विधायक व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव को खतौली उपचुनाव में दलित वोट बैंक को भाजपा के खाते में डालने की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके लिए मंत्री कपिल देव पिछले कई दिनों से विधानसभा खतौली में दलितों के ग्रामों का दौरा कर रहे है। इसी क्रम में कपिल देव गालिबपुर पहुंचे जहा उन्होंने सबसे पहले डॉ भीम राव आंबेडकर व भगवान रविदास को नमन किया उसके बाद भाजपा की नीति रीतियों से अवगत कराते हुए कहा है कि मोदी जी ने घर घर शौचालय बनवाकर दलित महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है, उज्ज्वला योजना से सबको गैस सिलेंडर मिला है, सौभाग्य योजना से बिजली कनेक्शन मिला है। मुख्यमंत्री योगी जी ने सबको सुरक्षा देने का काम किया है आज किसी गुंडे की हिम्मत नही है कि किसी दलित की बेटी के ऊपर गन्दी नजर डाल दे। लड़किया गांव से शहर की ओर जाकर पढ़ाई कर पा रही है। उन्होंने कहा सपा बसपा ने दलितों के लिए काम नहीं किया। उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं किया गया। दलित अब बीजेपी के साथ हैं। बीजेपी सरकार ने दलितों के लिए काम किया और आपने देखा होगा कि कैसे समुदाय खासकर जाटव ने 2022 में बीजेपी के लिए वोट किया। इस अवसर पर विधायक एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, ठाकुर राजपाल पुंडीर,कार्यक्रम अध्यक्ष लोकी चंद, ग्राम प्रधान मूर सलीम, पूर्व प्रधान मामचंद, बीडीसी प्रभात, विवेक चौहान,विपिन कुमार, ध्रुव कुमार, अमित कुमार आदि सैकड़ों व्यक्ति मौजूद रहे।

महिला सुरक्षा सेल में आने वाली समस्याओं का किया गया निस्तारण

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह के निर्देशन में चलने वाली डब्ल्यूपीसी में महिलाओं से संबंधित समस्याओं की सुनवाई नियमित रूप से की जा रही है। डब्ल्यूपीसी नोड्ल अधिकारी डॉ0 नेहा शर्मा की अध्यक्षता में डब्ल्यूपीसी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। महिला से सम्बन्धित समस्त शिकायतों को डब्ल्यूपीसी की पूरी टीम के द्वारा गंभीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण करने का प्रयास किया जाता है। डब्लूपीसी टीम द्वारा मामलों को गम्भीरता को समझते हुए शिकायतो पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में डब्ल्यूपीसी में 10 शिकायत सुनी गई, जिसमें 04 शिकायतों में दोनो पक्षो की काफी समय तक महिला सुरक्षा सेल द्वारा कांउन्सिलिंग की गयी। बाकी शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया, बची 06 शिकायतों की कांउन्सिलिंग करने के लिए अग्रिम तारिख दे दी गयी है।

लीलावती रामगोपाल विद्या मंदिर की टीम ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

भास्कर ब्यूरों
मुरादनगर। दिल्ली मेरठ रोड गंगनहर के निकट स्थित लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई द्वारा मुरादाबाद मे आयोजित खो .खो क्लस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके लौटी। जिस में 90 टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रबंध समिति द्वारा स्कूल की टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें स्कूल अध्यक्ष सुमित कुमार गुप्ताए प्रबंधक विनोद जिंदल एकोषाध्यक्ष अरविंद भारतीय एवरिष्ठ सदस्य अशोक अग्रवाल एस्कूल के प्रधानाचार्य सोम गिरी एउप प्रधानाचार्य कमल सिंह आदि ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया विजय टीम के खिलाड़ी आदित्य तोमर एयश चौधरी एप्रीत देवेश एजगमोहन एदक्ष आयुष एअक्षय एमयंक ;षभ हर्ष गहलोतए कृष तथा एथलेटिक्स नेशनल में आदित्य तोमर एआर्चीए कृषएआयुषी एजानवी अभिषेक और उदय ए सभी का हौसला बढ़ाते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य सोम गिरी ने स्कूल के कोच अमित चौधरी व रेशम की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल के खेल विभाग को इन्होंने चार चांद लगाते हुए क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन किया है और मुझे आशा है कि इसी प्रकार स्कूल का नाम आगे भी बढ़ाते रहेंगे तथा खिलाड़ियों के आए अभिभावकों को भी छात्रों का सहयोग करने के लिए बधाई दी इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन कर। जन सामान्य की समस्याओं का निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह के द्वारा। अपने कार्यालय में आए हुए आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया। जिसके के चलते उनके द्वारा कार्यालय में शिकायत लेकर आए हुए फरियादियों को शिकायत के जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वस्त किया गया। और संबंधित शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया कि। कार्यालय में आने वाली सभी शकायत की जाने वाली शिकायतों को अधिक समय तक लंबित ने रखा जाए, शिकायतों का निस्तारण जल्द से जल्द प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के चलते जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा हर दिन अपने कार्यालय में आकर। सर्वप्रथम कार्यालय में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना जाता है। जिन के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों पर विशेष निगरानी भी रखी जाती है।

सार सुर्खियां

जनपद में होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन

भास्कर ब्यूरों
बदायूँ। जिला समाज कल्याण अधिकारी रामजनम ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद बदायूं में वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के निर्धनध्गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों के विवाह का आयोजन 14 दिसम्बरए 2022 को जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं मीडिया की गरिमामयी उपस्थिति में विधानसभावारध्विकासखण्डवार किया जायेगा। आवेदक को सम्बन्धित विकास खण्ड में समस्त आवश्यक औपचारिकतायें पूर्ण कराकर निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पूर्व आवेदन जमा करना होगा। कार्यक्रम स्थल की सूचना पृथक से दी जायेगी। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य है गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले समाज के ऐसे जरुरतमंदए निराश्रित एवं निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं के विवाह हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए उन्हीं की रीति रिवाज के अनुसार विवाह सम्पन्न कराकर सर्वधर्म समभाव एवं सामाजिक समरसता तथा दहेज मुक्त विवाह का संदेश दिया जायेगा। योजना की पात्रता है कि कन्या के अभिभावक उण्प्रण् के मूल निवासी हो। कन्या के अभिभावक निराश्रितएनिर्धन एवं जरुरतमंद हों। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा रु0 2 लाख तक निर्धारित की गयी है अथवा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया हो कि लाभार्थी की स्थिति नितांत दयनीय हो। विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री/कन्या की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है तथा वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण हो गयी हो या उससे अधिक होना अनिवार्य हैए जिसकी अनुमन्य राशि. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत प्रति जोड़ा व्यय हेतु कुल धनराशि रु0 51000/ निर्धारित की गयी हैए जिसमें रु0 35000/. की धनराशि कन्या के खाते में रु0 10000/. की धनराशि विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री जैसे.कपड़ेएविछियाएपायलएयचांदी के (तथा वर्तन हेतु तथा रु0 6000/की धनराशि विवाह आयोजन की आवश्यक व्यवस्थाओं यजैसे.भोजनएपाण्डालएफर्नीचरएपेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था) तथा अतिथितियों के स्वागत सत्कार हेतु निर्धारित की गयी है।

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में निकाली बाइक रैली

भास्कर ब्यूरों
कुरावली। लोकसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य के समर्थन में नगर समाजसेवी प्रमोद कुशवाहा उर्फ कल्लू के नेतृत्व में दर्जनों को संख्या में युवाओ ने नगर में बाइक रैली निकालकर जनता से मतदान करने की अपील की है। रैली का शुभारंभ घिरोर रोड स्थित हमारा पंप से किया गया। रैली ने घिरोर रोडए सीओ ऑफिसए जीटीरोड़ए सदर बाजारए बाईपासए अलुपुरा अड्डाए सुजरई होकर भ्रमण करते हुए हमारा पंप पर संपन्न हुई। इस मौके पर सर्वेश कुमार शर्माए मनोज राठौरए सनोज सिंहए सुरजीत राठौरए आलोक नीतिए राजवीर सिंह यादवए विनोद सिंह राठौरए रजत जादौनए विश्वजीत सिंहए अजीत सिंहए संजय चक्रवर्तीए योगेश कुमार गुप्ताए संदीप जादौनए गोपाल सिंह जादौनए कौशल राठौरए विक्रम राठौरए सोनू राठौरए ब्रजेश जादौनए सीमेंद्र चौहानए शिवकुमार चौहानए प्रतीक राठौरए ग्रीश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

बाल कल्याण समिति द्वारा पैरा विस्तृत जानकारी दी गई

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। बाल कल्याण समिति द्वारा पैरा लीगल वालंटियरस को दिया गया प्रशिक्षण। जिला एवं सत्र न्यायालय, मुजफ्फरनगर के सेंट्रल हाल में। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैरा लीगल वालंटियर के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र मे डॉ. राजीव कुमार अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति। श्रेणी मजिस्ट्रेट न्यायपीठ, मुजफ्फर नगर द्वारा।
पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को संबोधित किया गया। जिसमें इन्होंने महिला केन्द्रित अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, और उत्तर प्रदेश शासन विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं,बच्चों व दिव्यांगो के लिए। संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में। विस्तृत जानकारी दी गई।और सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपने व्यवसाय के साथ साथ समाज सेवा के माध्यम से पात्रों को लाभान्वित करने का किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष। जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश के निर्देशन मे।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सलोनी। रस्तोगी द्वारा पैरा लीगल वालंटियर्स दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रशिक्षण कर रहे पी. एल. वी. एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। प्रशिक्षण मे सक्रिय प्रतिभाग करने वाले पी. एल. वी. माहेनूर, विश्वजीत, तबस्सुम प्रवीन, कुलमिलन, गौरव, तालिब, तय्यब्बा अजरा, अमित व मिहिर को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुजफ्फर नगर तथा अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, मुजफ्फर नगर द्वारा उपहार भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भास्कर ब्यूरों
मुजफरनगर। साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय,खेल मंत्रालय ,भारत सरकार के आदेश के बाद डी.ए.वी इण्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर में। फिट इण्डिया स्कूल सप्ताह समारोह के अन्तर्गत पोस्टर ,तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने स्वास्थ्य सम्बन्धी चित्र व पोस्टर बनाए ।इस अवसर पर प्रतियोगिता को दो वर्गों विभाजित की गई। प्रथम वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक और द्वितीय वर्ग में कक्षा 10 से 12 तक छात्राओं ने फिट इण्डिया से सम्बन्धित जिसमे योगक्रियाएं,संतुलित आहार ,आदि का चित्रण किया। कार्यक्रम की निर्णायक की भूमिका सुनील कुमार तथा संजीव कुमार ने निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन की महत्ता का वर्णन किया। और कहा कि स्वास्थ्य तन में स्वस्थ मन का वास होता है। हमे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन कला प्रवक्ता प्रवीण कुमार सैनी ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में। विजय कुमार मित्तल,मुकेश चंद्रा, प्रतिभा रानी,शहजाद अली सुभाषचंद्र अब्दुल सत्तार व्यायाम शिक्षक सत्यकाम तोमर रहे।

मेप्लस एकेडमी में हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

भास्कर ब्यूरों
बुढाना। शिक्षण संस्था मेप्लस एकेडमी बुढ़ाना में किंडर गार्टन से कक्षा 05 तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता फनेन्जा 2022 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। प्रतियोगिता आरम्भ होने से पहले चारों सदन आजाद, भगत, नेहरू और पटेल के प्रतिभागियों द्वारा सदन कप्तान के नेतृत्व में कदमताल के साथ मार्च पास्ट किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अभूतपूर्व अनुशासन का परिचय दिया। स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य दिमाग का निवास होता है इसी को ध्यान में रखते हुए लेजियम एवं डंबल द्वारा विभिन्न व्यायामों का प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें सभी दर्शकों को जीवन में व्यायाम की उपयोगिता का महत्व एवं प्रेरणा दी गई। इस फनेन्जा में विभिन्न मजेदार एवं रोचक दोडों का आयोजन भी किया गया। जिसमें मुख्यत प्री नर्सरी की मिक्की मिनी रेस, नर्सरी की जैक एंड जिन, एलकेजी की एनिमल्स रेस, यूकेजी की फ्रोग रेस, कक्षा एक की खरगोश एवं कछुआ रेस, कक्षा दो की लोमडी एवं अंगूर की रेस थी। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे मुखोटों एवं रंग बिरंगी पोशाकों में बेहद आकर्षक लग रहे थे। यहां पर मनोरंजन दौड़ो के अलावा शारिरिक एवं मानसिक विकास सृदृढ़ करने के लिए स्पून एवं लेमन दौड, हर्डल दौड़ और सेक रेस जैसी परम्परागत दोडों के साथ साथ ही उपयोगिता पूर्ण दौड, बैग पेकिंग और रेडी टू स्कूल रेस ने भी दर्शक दीर्घा में उत्साह की लहर दौड़ा दी। खुद की या फिर दूसरों की किसी शारिरिक खतरे से सुरक्षा करने की आवश्यकता एवं जीवन में उपयोगिता के उद्देश्य का प्रतिसारण करते हुए छात्र छात्राओं द्वारा मार्शल आर्ट के विभिन्न करतबों का प्रदर्शन यहां किया गया। कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति विद्यालय के 70 छात्र छात्राओं के समूह द्वारा प्रदर्शित भांगड़ा नृत्य रही। जिसमें यहां समस्त दर्शकों को आत्म विभोर कर दिया गया। कार्यक्रम का समापन सभी विजेताओं को मैडल वितरित कर किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक राजीव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डाक्टर गरिमा वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी का आभार प्रकट किया।

छाया-वीएचएनडी पर टीकाकरण के दौरान एएनएम दे रहीं परिवार नियोजन का संदेश

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। टीकाकरण सत्रों पर बच्चों के टीकाकरण के दौरान अब एएनएम द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन की जानकारी दी जा रही है। एएनएम टीकाकरण सत्रों पर आई माताओं को बता रहीं हैं कि परिवार नियोजन कितना जरूरी है इससे केवल मां ही नहीं बल्कि बच्चें के सही पालन पोषण को भी सही ढंग से किया जा सकता है। महिलाएं अपनी स्वेच्छा से परिवार नियोजन के साधनों को अपना सकती हैं। बहुत से साधन सुविधा अनुरूप उपलब्ध है जो स्वास्थ्य केंद्रों पर नि:शुल्क मिलते हैं। परिवार नियोजन की नोडल अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने बताया - छाया-वीएचएनडी पर अब एएनएम द्वारा टीकाकरण के साथ-साथ धात्री माताओं को भी बच्चों में अंतराल रखने की सलाह के साथ उपलब्ध साधनों के बारे में भी बताया जा रहा है। साथ ही दो बच्चों वाले परिवारों में नसबंदी व परिवार नियोजन के दूसरे साधन अपनाने की सलाह दे रही है। परिवार नियोजन के महत्व को समझना धात्री माताओं के लिए जरूरी है, जिससे वह बच्चें का सही पालन-पोषण कर सकें। उन्होंने कहा जनसाधारण को सीमित परिवार के प्रति जागरूक करना और परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना ही विभाग का उद्देश्य है। जिला परिवार कल्याण प्रबंधक दिव्यांक दत्त ने बताया सीमित परिवार सुख का आधार की परिकल्पना को साकार करते हुए परिवार नियोजन के प्रति जन जागरूकता लाने का लगातार प्रयास स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा दंपति तक परिवार नियोजन की सेवा पहुंचाना विभाग का लक्ष्य है। परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने बताया टीकाकरण सत्रों पर माताओं को दो बच्चों के बीच अंतर के लिए परिवार नियोजन संबंधी सुविधाएं जैसे त्रिमासिक इंजेक्शन अंतरा व साप्ताहिक छाया गोली व अन्य गर्भनिरोधक साधनों के विषय में जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया परिवार नियोजन संबंधी सभी साधन एएनएम उपकेंद्रों पर उपलब्ध हैं। उपकेंद्रों पर जाकर परिवार नियोजन की सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है।

पेड़ न काटने पर पड़ोसियों ने किसान पर किया हमला

भास्कर ब्यूरों
बुढ़ाना। पेड़ों की छाया और पत्ते दूसरे किसान के खेत में आने पर खेत मालिक ने पड़ोसी किसान को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर घायल किसान को हस्पताल में भर्ती कराया वहीं आरोपी दूसरे किसान को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव चंधेडी में स्थित हिंडन नदी के पास गांव चंधेडी निवासी ओमपाल पुत्र राजाराम और बब्बू खां पुत्र पूर्व प्रधान इकबाल के खेत हैं। बब्बू ने अपने एक खेत में कुछ पेड लगा रखे हैं। जिसकी छाया व पत्ते ओमपाल के खेत में पड़ते हैं। ओमपाल के अनुसार बब्बू के पेड़ो की छाया और पत्ते उनके खेत में आते हैं। जिस कारण अब उसका खेत बेकार हो गया है और उसमें फसल भी नहीं होती। बीते गुरुवार को जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षों का फैसला करा दिया था। तब तय हुआ था कि बब्बू अपने खेत में लगे पेड़ 6 माह बाद काट लेगा। मगर शुक्रवार को इसी बात को लेकर खेत में आए बब्बू पर ओमपाल व उसके पुत्रों विपिन और विकेश ने हमला बोलते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। इससे पहले बात बढ़ती तब मौके पर डायल 112 नंबर और बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने घायल बब्बू को सीएचसी व आरोपी विपिन कुमार को हिरासत में ले लिया। उधर दूसरी ओर कुछ ही घंटों बाद गांव चंधेडी के कुछ जिम्मेदार लोगों ने बुढ़ाना कोतवाल रवेंद्र सिंह यादव के समक्ष दोनों पक्षों का फैसला करा दिया। जिसमें दोनों पक्ष आपसी सहमति से रजामंद हो गये और भविष्य में झगडा न करने व एक दूसरे के विरुद्ध किसी भी तरह की कार्यवाही ना करने की बात कही।

आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें: जिला निर्वाचन अधिकारी

भास्कर ब्यूरों
मैनपुरी। विभिन्न वर्गो के बीच धर्मए जातिए समुदाय एवं भाषा के अधार पर वैमनस्यता बढ़ाना या प्रयास करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है और इसमें 03 वर्ष तक की सजा का प्राविधान हैए राष्ट्रीय अखण्डता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले लांछनए प्राख्यान करना धारा. 153 खय1द्ध कए खए ग के अधीन अजमानती अपराध हैए जिसका उल्लघंन करने पर 03 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनोंए धर्मए मूलवंशए जन्म स्थानए निवास स्थानए भाषा इत्यादि के आधारों पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता का सम्प्रवर्तन और सौहार्द्र बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कार्य करने को धारा.153 कय1द्ध कए खए ग के तहत सज्ञेंय अजमानती अपराध मानते हुये 03 वर्ष तक के लिए कारावास या जुर्माना या दोनोए पूजा के स्थान आदि में किया गया मिथ्या कथनए जन श्रुति आदि इस आशय से कि जन.सामान्य घृणा या शत्रुता या वैमनस्य पैदा करने पर धारा.505.य3द्ध के तहत संज्ञेय अजमानती के अन्तर्गत 05 वर्ष तक का कारावास व जुर्माने का प्राविधान है। उक्त जानकारी देते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने लोकसभा उप निर्वाचन.22 का निर्वाचन लड़ रहे उम्मीदवारोंए राजनैतिक दलों से कहा कि सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंए ऐसा कोई कृत्य न करें जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हो। उन्होने बताया कि झूठा शपथ पत्र देना या प्रत्याशी द्वारा शपथ पत्र में सूचना छिपाने पर 06 माहए मतदान के 48 घण्टे के दौरान जनसभा करने पर 02 वर्षए किसी जनसभा में गड़बड़ी फैलानाए इसके लिए दूसरों को उकसाने पर 06 माहए बिना प्रकाशक के नाम के पम्पलेटएपोस्टर छापने पर 06 माहए अधिकारीए क्लर्कए एजेण्ट द्वारा मतदान की गोपनीयता भंग करने पर 03 माहए चुनाव से जुड़े किसी कर्मचारी द्वारा किसी प्रत्याशी के हित में कार्य करने पर 06 माह की सजा का प्राविधान है। अपर निदेशक अभियोजन डीण्केण् मिश्रा ने बताया कि रिश्वतए परितोषण देनाए किसी व्यक्ति को निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए परितोषण देने या निर्वाचन अधिकार के प्रयोग के लिए उत्प्रेरित करने या उत्प्रेरित करने का प्रत्यन करना रिश्वत की परिधि में आता हैए इसे 171 ड यई के तहत असंज्ञेयए जमानती अपराध माना गया हैए जिसके अन्तर्गत 01 वर्ष का कारावासए जुर्माना अथवा दोनो का प्राविधान किया गया हैए निर्वाचन अधिकार के निर्वाध प्रयोग में स्वेच्छा हस्तक्षेप करनाए प्रयत्न करना या असम्यक असर डालने के लिए दण्ड. 171 गयसीद्धए 171 चयएफ में असंज्ञेयए जमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया है जिसमें 01 वर्ष का कारावास अथवा जुर्माना अथवा दोनों का प्राविधान किया गया है। किसी अन्य व्यक्ति के नाम चाहे वह जीवित हो या मृतए या किसी कल्पित नाम से मतपत्र के लिए आवेदन करनाए मत देना या ऐसे निर्वाचन जिसमें एक बार मत देने के पश्चात् उसी निर्वाचन में अपने नाम से मतपत्र के लिए आवेदन करनाए मतदान को दुष्प्रेरित करना या प्रयत्न करने को धारा.171 घयडी के अधीन असंज्ञेय जमानती अपराध माना गया हैए जिसके तहत 01 वर्ष का कारावास अथवा जुर्माना अथवा दोनों का प्राविधान किया गया है।



गीता जयंती

सहज योग परिप्रेक्ष्य से

गीता जयंती का दिन हिंदुओं के पवित्र ग्रंथ श्रीमद भगवद-गीता के जन्म का प्रतीक है। मार्गशीर्ष मॉस में शुक्ल पक्ष के 11 वें दिन यह जयंती मनाई जाती है।

भगवद गीता या "भगवान का गीत" हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथों में से एक है और साधारणतः सर्वाधिक प्रसिद्ध है। यह शताब्दियों से लेखकों, कवियों, वैज्ञानिकों, धर्मशास्त्रियों, और दार्शनिकों - दूसरों के बीच - द्वारा उद्धृत किया गया है और **अक्सर पश्चिमी दर्शकों के लिए हिंदू धर्म का परिचयात्मक पाठ है।** हमारे समय के कई महान विचारकों जैसे कि अल्बर्ट आइंस्टीन, महात्मा गांधी, और अल्बर्ट श्वेइज़र के साथ-साथ माधवाचार्य, शंकर और रामानुज जैसे बीते युगों ने इसके कालातीत संदेश पर चिंतन और विचार-विमर्श किया है।

पवित्र भगवद गीता, पांच पांडव राजकुमारों में से एक अर्जुन और श्री विष्णु के 8वें अवतार श्री कृष्ण के बीच एक संवाद का वर्णन करती है। इस महाकाव्य में श्री कृष्ण, अर्जुन के सारथी की भूमिका में होते हैं । अर्जुन और उनके भाइयों को 13 साल के लिए राज्य से निर्वासित कर दिया गया था और परिवार के एक अन्य गुट द्वारा उनकी सही विरासत से पृथक कर दिया गया था; गीता सिंहासन को पुनः प्राप्त करने के लिए उनके संघर्ष को उठा लेती है, जिसके लिए आवश्यक है कि अर्जुन को अपने सारे सैन्य कौशल को सहन करते हुए स्वयं के परिजनों के विरुद्ध युद्ध छेड़ना चाहिए।

कहानी कुरुक्षेत्र के धूल भरे मैदानों से शुरू होती है, जहां अर्जुन, एक प्रसिद्ध तीरंदाज, लड़ने के लिए तैयार है। परन्तु परन्तु संकोच करता है।वह अपने मित्रों, शिक्षकों, और रिश्तेदारों के खिलाफ कतारबद्ध देखता है, और मानता है कि लड़ने के लिए - और संभावित रूप से मारने के लिए - इन लोगों के प्रति गंभीर पाप करना होगा जो कुछ भी अच्छा नहीं ला सकता है भले ही वह राज्य को वापस जीत लेने की बात हो । कृष्ण, उसे उसकी कायरता के लिए डांटते हैं - **अर्जुन योद्धा जाति से है, और योद्धा लड़ने के लिए होते हैं** - परन्तु फिर अपने शत्रुओं से लड़ने के लिए एक आध्यात्मिक तर्क पेश करते हैं, जिसमें कर्म, ज्ञान और भक्ति की चर्चा शामिल है। **योग, साथ ही देवत्व की प्रकृति, मानव जाति की अंतिम नियति, और नश्वर जीवन का उद्देश्य देते हैं ।**

गीता उच्चतम गूढ़ सिद्धांतों से युक्त ग्रंथ है। इसकी भाषा इतनी मधुर है कि कोई इसे आसानी से समझ सकता है परन्तु संदेश इतना गहरा है कि कोई अपने जीवनकाल में इसे पूरी तरह से पूरा नहीं कर सकता है। श्रीकृष्ण द्वारा कही गई गीता इतनी गूढ़ है कि ऐसा कोई शब्द नहीं है जो आध्यात्मिक पहलू से रहित हो।

18 अध्याय, 700 श्लोक

भगवद गीता के अठारह अध्यायों को तीन खंडों में विभाजित किया जा सकता है। पहले 6 अध्याय **कर्म योग या कर्तव्य पथ** का वर्णन करते हैं। दूसरा सेट, अध्याय 7 से 12 तक, **'भक्ति' के मार्ग, या भगवान के प्रति प्रेमपूर्ण भक्ति की महिमा** करता है। वे भक्ति का पोषण करने वाले दिव्य अमृत के रूप में भगवान के ऐश्वर्य का भी वर्णन करते हैं। तीसरा सेट, अध्याय 13 से 18 तक, **तत्त्व ज्ञान, या ज्ञान शास्त्र के नियमों और सिद्धांतों** पर व्याख्या करता है।

सर्वधर्मान्परित्यज्य
मामेकं शरणं व्रज |
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो
मोक्षयिष्यामि मा शुचः ||

सभी प्रकार के धर्मों का परित्याग करो और केवल मेरी शरण ग्रहण करो। मैं तुम्हें समस्त पाप कर्मों की प्रतिक्रियाओं से मुक्त कर दूंगा, डरो मत।
(Ch. 18 ver. 66)

पवित्र गीता से कुछ चुने श्लोक

कर्म योग या कर्म द्वारा योग

इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः ॥ (Ch. 3, ver. 42)
स्थूल शरीर से इन्द्रियाँ श्रेष्ठ हैं और इन्द्रियों से श्रेष्ठ मन है। मन से परे बुद्धि है और बुद्धि से भी परे आत्मा है।

एवं बुद्धेः परं बुद्ध्वा संस्तभ्यात्मानमात्मना ।
जहि शत्रु महाबाहो कामरूपं दुरासदम् ॥ (Ch.3, ver. 43)
इस प्रकार बुद्धि से भी उच्च आत्मा को जानकर और बुद्धि से मन को वश में करके इस दुर्गम शत्रु रूपी कामना का संहार करो।

सच्चे आध्यात्मिक गुरु का महत्व

तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।
उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ॥ (Ch. 4, ver. 34)
आध्यात्मिक गुरु के पास जाकर सत्य को जानें। श्रद्धा से उससे पूछो और उसकी सेवा करो। ऐसे प्रबुद्ध संत आपको ज्ञान प्रदान कर सकते हैं क्योंकि उन्होंने सत्य को देखा है।

यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव ।
येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि ॥ (Ch. 4, ver. 35)
इस मार्ग पर चलते हुए और एक गुरु से ज्ञान प्राप्त करने के बाद, हे अर्जुन, तुम अब भ्रम में नहीं पड़ोगे। उस ज्ञान के प्रकाश में, तुम देखोगे कि सभी जीव परमात्मा के अंश मात्र हैं, और मेरे भीतर हैं।

अपि चेदसि पापेभ्यः सर्वेभ्यः पापकृत्तमः ।
सर्वं ज्ञानप्लवेनैव वृजिनं सन्तरिष्यसि ॥ (Ch. 4, ver. 36)
यहां तक कि जो सभी पापियों में सबसे अनैतिक माने जाते हैं, वे भी दिव्य ज्ञान की नाव में बैठकर भौतिक अस्तित्व के इस महासागर को पार कर सकते हैं।

सार्वभौमिक प्रेम और करुणा

तबुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः ।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिषूतकल्मषाः ॥ (Ch. 5, ver. 17)
जिनकी बुद्धि ईश्वर में स्थिर है, जो ईश्वर में पूर्ण रूप से लीन हैं, उनमें परम लक्ष्य के रूप में दृढ़ विश्वास रखते हैं, ऐसे व्यक्ति ज्ञान के प्रकाश से अपने पापों को दूर करके शीघ्र ही उस स्थिति को प्राप्त कर लेते हैं, जहां से कोई वापसी नहीं होती है।

विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि ।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ॥ (Ch. 5, ver. 18)
दिव्य ज्ञान की आँखों से, वास्तव में विद्वान एक ब्राह्मण, एक गाय, एक हाथी, एक कुत्ते और एक कुत्ते को खाने वाले को समान दृष्टि से देखते हैं।

बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्मा विन्दत्यात्मनि यत्सुखम् ।
स ब्रह्मयोगयुक्तात्मा सुखमक्षयमश्नुते ॥ (Ch. 5, ver. 21)
जो बाह्य इन्द्रिय सुखों से आसक्त नहीं हैं वे स्वयं में दिव्य आनंद का अनुभव करते हैं। योग के माध्यम से भगवान के साथ एक होने के कारण वे अनंत सुख का अनुभव करते हैं।

योऽन्तःसुखोऽन्तरारामस्तथान्तर्योतिरेव यः।
स योगी ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति ॥ (Ch. 5, ver. 24)
जो अपने भीतर प्रसन्न हैं, भीतर भगवान के आनंद का आनंद ले रहे हैं, और आंतरिक प्रकाश से प्रकाशित हैं, ऐसे योगी भगवान के साथ जुड़ जाते हैं और भौतिक अस्तित्व से मुक्त हो जाते हैं।

लभन्ते ब्रह्मनिर्वाणमृषयः क्षीणकल्मषाः।
छिन्नद्वैधा यतात्मानः सर्वभूतहिते रताः ॥ (Ch. 5, ver. 25)
वे पवित्र व्यक्ति, जिनके पाप नष्ट हो गए हैं, जिनके संदेह नष्ट हो गए हैं, जिनके मन अनुशासित हैं, और जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए समर्पित हैं, वे भगवान को प्राप्त करते हैं और भौतिक अस्तित्व से मुक्त हो जाते हैं।

कर्म, पुनर्जन्म और आत्मा की अमरता

प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः ।
शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ॥ (Ch. 6, ver. 41)
मृत्यु के बाद असफल योगी पुण्यात्माओं के लोकों में जाते हैं। कई युगों तक वहाँ रहने के बाद, वे फिर से पृथ्वी लोक में पवित्र और समृद्ध लोगों के परिवार में पुनर्जन्म लेते हैं।

अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् ।
एतद्धि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम् ॥ (Ch. 6, ver. 42)
अन्यथा योग के दीर्घ अभ्यास के कारण यदि उनमें वैराग्य उत्पन्न हो गया होता, तो वे दिव्य ज्ञान युक्त कुल में जन्म लेते हैं। इस संसार में ऐसा जन्म प्राप्त करना बहुत कठिन है।

तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदेहिकम् ।
यतते च ततो भूयः संसिद्धौ कुरुनन्दन ॥ (Ch. 6, ver. 43)
ऐसा जन्म लेकर वे अपने पिछले जन्म के ज्ञान को पुनः प्राप्त करते हैं, और योग में सिद्धि के लिए और भी अधिक प्रयास करते हैं। ऐसे साधक स्वाभाविक रूप से शास्त्रों के कर्मकांड के सिद्धांतों से ऊपर उठ जाते हैं।

प्रयत्नाद्यतमानस्तु योगी संशुद्धकिल्बिषः ।
अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम् ॥ (Ch. 6, ver. 45)
पिछले कई जन्मों के संचित पुण्यों के साथ, जब ये योगी आगे की प्रगति करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते हैं, तो वे भौतिक इच्छाओं से शुद्ध हो जाते हैं और इसी जीवन में पूर्णता प्राप्त करते हैं।

भगवद गीता और सहज योग

दिए गए श्लोकों का एक ही अर्थ है - सर्वव्यापक शक्ति से एकाकार हो जाना । यही योग है। शुद्ध आध्यात्मिक दृष्टि से योग का अर्थ है 'आत्मा' का 'परमात्मा' से मिलन। एक बार जब योग पूरा हो जाता है तो सभी प्रकार का कल्याण होता है।

जैसा कि श्री कृष्ण कहते हैं:

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥ (Ch. 9, ver. 22)
हालाँकि, जो भक्त किसी और से प्रेम नहीं करते हैं, वे लगातार मेरे बारे में सोचते हैं और एक निःस्वार्थ भावना से मेरी पूजा करते हैं, जो हमेशा मेरे साथ विचारों में एकजुट रहते हैं, मैं पूरी सुरक्षा लाता हूं और व्यक्तिगत रूप से उनकी जरूरतों को पूरा करता हूं।

अब बात यह है कि योग और यौगिक अवस्था को कैसे प्राप्त किया जाए। सहज योग की संस्थापिका **परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी क्या कहती हैं:**

> **"धर्म के सभी प्रकार के कर्मकांडों को दूर करने के लिए, श्री कृष्ण का आगमन हुआ था। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटना थी लेकिन मुझे नहीं पता कि कितने लोग इसे समझते हैं। श्री कृष्ण ने इसे उतना ही स्पष्ट रूप से कहा है जितना कोई भी कह सकता है। बहुत, बहुत स्पष्ट रूप से - कि आपको अपने धर्मों से परे जाना है, इसका मतलब है कि आपको एक ऐसा व्यक्ति बनना है जो सहज रूप से धार्मिक है और ऐसा व्यक्ति नहीं बनना है जो सिर्फ बाहरी रूप से ईसाई, हिंदू, मुस्लमान जैसा कुछ है। नहीं! अंदर! अंदर आपको बनना है। ईश्वर को आप किसी कर्मकांड में नहीं बांध सकते। इसलिए वह इस धरती पर आए; आपको यह बताने के लिए कि आपको अपने आप को उन रीति-रिवाजों से बाँधने की कोशिश नहीं करनी चाहिए जो बेतुके हैं।"**

अंतस में जाने के लिए हमें स्वयं का ज्ञान होना चाहिए। यह केवल 'कुंडलिनी' नामक जन्मजात ऊर्जा के जागरण के माध्यम से संभव है, जो चक्रों नामक विभिन्न ऊर्जा केंद्रों को जोड़ने वाली हमारी रीढ़ के आधार से उठती है, हमारे सिर के ऊपर फॉन्टानेल हड्डी को खोलकर सर्वव्यापी शक्ति से जुड़ने के लिए रास्ता बनाती है। ब्रह्मशक्ति हमारे सूक्ष्म तंत्र में प्रवेश करने के लिए और हमारे अस्तित्व में योग की स्थिति को प्रकट करने के लिए चैतन्य या 'वायब्रेशन्स' नामक ठंडी हवा के रूप में प्रवाहित होती है। इसके अलावा, आत्म-साक्षात्कार के रूप में जानी जाने वाली हमारी आध्यात्मिक यात्रा भगवद गीता में प्रतिष्ठापित के रूप में शुरू होती है। प्रत्येक मनुष्य का अंतिम लक्ष्य दिव्य शक्ति के साथ एक होने का होना चाहिए।

आत्म-साक्षात्कार या योग का अनुभव परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा आसान बना दिया गया है, जब उन्होंने 5 मई 1970 को 'कुंडलिनी' को जगाकर सहस्त्रार नाम से जाने जाना वाला सातवाँ चक्र खोला, जिससे यह पहली विश्व के आध्यात्मिक इतिहास में जनसमूह स्तर पर आत्म-साक्षात्कार देना संभव हुआ । इस प्रकार, सहज योग का जन्म हुआ और वर्तमान में दुनिया के 140 से अधिक देशों में इसका अभ्यास किया जाता है और अभ्यासी आनंदमय जीवन जी रहे हैं। 'सहज' का अर्थ है आपके साथ पैदा हुआ और 'योग' का अर्थ है सर्वव्यापी शक्ति के साथ ' आत्मा ' का मिलन।

जैसा कि श्री कृष्ण कहते हैं: - "स्थितप्रज्ञ" की स्थिति में रहो

प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान् |
आत्मन्येवात्मना तुष्ट: स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते || (Ch. 2, ver. 55)

जब कोई मन की सभी तृष्णाओं को पूरी तरह से त्याग देता है और स्वयं के आनंद के माध्यम से आत्मा में संतुष्ट होता है, तो उसे स्थिर मन कहा जाता है।

परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी हमें 'स्थितप्रज्ञ' के एक गहरे पहलू से अवगत कराती हैं, जिसका अर्थ है कि आप जहाँ भी स्थित हैं ('स्थित') प्रबुद्ध ('प्रा') ज्ञान ('ज्ञ') प्राप्त करें। यह स्वयं भगवद गीता और सहज योग के साथ-साथ अन्य पवित्र शास्त्रों में निहित विषय के ज्ञान के साथ-साथ अलग-अलग शब्दावली और पदावली के साथ घनिष्ठ संबंध को दर्शाता है। सहज योग पर अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें या दी गई वेबसाइटों को ब्राउज़ करें।

गीता जयंती की अनेक शुभकामनायें
सहज योग परिवार

अपनी दिव्य शक्तियों को जागृत करें
अपना आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करें

सहज योग ध्यान
पूर्णतः निःशुल्क है

Sahaja Darshan Prachaar aur Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936
www.nirmaldham.org | www.sahajayogamumbai.org
www.sahajayoga.org.in | Toll Free - 1800 2700 800